नई दिल्ली
शनिवार, 14 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 29, अंक : 60
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 41.0
न्यून. 32.0

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



11 सुरुचि की वर्ल्ड कप में गोल्डन हैट्रिक फाइनल में हासिल किए 241.9 अंक

# ईरान-इजरायल युद्ध के बीच भारत की दोनों देशों से संयम बरतने की अपील

## इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ईरान-इजरायल युद्ध के बीच भारत ने दोनों देशों से संयम बरतने और बातचीत व कूटनीति के जरिए समस्या का समाधान निकालने की अपील की है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर बताया कि भारत ईरान और इजरायल के बीच जारी मौजूदा घटनाक्रम को लेकर बेहद चिंतित है। हम दोनों के बीच उभरते हुए हालात की करीब से निगरानी कर रहे हैं। जिसमें परमाणु ठिकानों पर हमले से जुड़ी रिपोर्ट भी शामिल हैं। भारत के दोनों देशों के साथ अच्छे मित्रवत संबंध हैं और वह हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। इजरायल ने 13 जून की तड़के ऑपरेशन राइजिंग लॉयन के जरिए ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। जिसमें उसके कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मारे गए हैं। जवाब में ईरान ने 100 से अधिक ड्रोन से इजरायल पर धावा बोला। दोनों के बीच हालात फिलहाल तनावपूर्ण बने हुए हैं। ईरान की सेना का कहना है कि वो इजरायल के हर हमले का मुंहतोड़ जवाब देगी।

**इजराइल ने ऑपरेशन 'राइजिंग लॉयन' शुरू किया**



फाइल फोटो

### तनाव बढ़ाने वाले कदमों से बचें

बयान के मुताबिक, भारत ने दोनों देशों को तनाव बढ़ाने वाले आक्रामक कदमों से बचने की अपील की है। जिससे क्षेत्रीय शांति कायम रह सके। साथ ही ये भी कहा है कि बातचीत और कूटनीति के वर्तमान में जो भी माध्यम हैं, उनका इस्तेमाल संबंधित तमाम मुद्दों के समाधान के साथ तनाव को कम करने के लिए किया जाना चाहिए। भारत की तरफ से अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए दोनों देशों की यात्रा के संबंध में परामर्श भी जारी किया गया है।

### भारतीयों को सतर्क रहने को कहा

मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों में मौजूद हमारे मिशन भारतीय समुदाय के संपर्क में बने हुए हैं। साथ ही क्षेत्र में रह रहे सभी भारतीय नागरिकों को यह सलाह दी गई है कि वो सतर्कता के साथ सुरक्षित रहें और स्थानीय स्तर पर जारी किए जा रहे परामर्श का पालन करें। ताकि सभी की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### नेतन्याहू ने की पीएम मोदी से बातचीत

*वहीं, इस पूरे घटनाक्रम के बीच अंतरराष्ट्रीय समुदाय से सहयोग एकत्रित करने के लिए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत की है। इजरायल के प्रधानमंत्री के कार्यालय ने एक संक्षिप्त बयान जारी कर बताया कि बीते रात से ही प्रधानमंत्री नेतन्याहू की दुनिया के देशों के शीर्ष नेताओं के साथ बातचीत जारी है। जिसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों शामिल हैं। जबकि उनका अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के साथ बातचीत किया जाना बाकी है। वैश्विक नेताओं ने ईरानी खतरे के खिलाफ इजरायल की रक्षा जरूरतों को लेकर आपसी समझ प्रदर्शित की है। नेतन्याहू ने कहा कि वह आने वाले दिनों में भी उक्त नेताओं के संपर्क में बने रहेंगे।*

### जम्मू-कश्मीर छात्र संघ ने जयशंकर से साधा संपर्क

*इन सबके बीच कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि जम्मू-कश्मीर के छात्र संघ (जेकेएसए) ने विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर को लिखित में ईरान में पढ़ाई कर रहे कश्मीरी छात्रों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए आग्रह किया है। अनुमानित आंकड़ों के हिसाब से वर्तमान में ईरान में कश्मीर के कुल 1500 छात्र हैं। जिनमें से ज्यादातर एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### सोने ने फिर तोड़ा रिकॉर्ड एक लाख के पार पहुंचा

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को गोल्ड फ्यूचर्स में बड़ी तेजी देखने को मिली। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर अगस्त डिलीवरी वाला सोना 1,00,403 रुपए प्रति 10 ग्राम के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। बाद में ये थोड़ा नीचे आकर 1,00,145 रुपए पर ट्रेड करने लगा, लेकिन अब भी ये 1,753 रुपए ऊपर था। इससे पहले 22 अप्रैल को भी गोल्ड फ्यूचर्स 2,048 रुपए की तेजी के साथ 1,00,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंचा था।



### मुंह में मधुमक्खी जाने से संजय कपूर की हुई थी मौत

**मुंबई।** अभिनेत्री करिश्मा कपूर के पूर्व पति और बिजनेसमैन संजय कपूर का गुरुवार को इंग्लैंड में निधन हो गया। 53 साल के संजय कपूर की मौत हार्ट अटैक से हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब वह पोलो मैच खेल रहे थे तो उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने लगी। उन्होंने तुरंत मैच रोककर मैदान छोड़ दिया लेकिन थोड़ी ही देर में उन्हें हार्ट अटैक आ गया। रिपोर्ट्स दावा करते हैं कि मैच के दौरान संजय कपूर के मुंह में एक मधुमक्खी चली गई थी।



### गूगल क्लाउड में आई समस्या, सेवाएं प्रभावित

**वॉशिंगटन।** गूगल क्लाउड में आई बड़ी तकनीकी समस्या के कारण दुनियाभर में लाखों यूजर्स को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस आउटेज से स्पॉटिफाई, डिस्कॉर्ड, स्नैपचैट, ट्विच, शॉपिफाई और एआई कंपनी एंथ्रोपिक जैसी सेवाएं प्रभावित हुईं। गूगल की अपनी सेवाएं जैसे जीमेल, गूगल मीट, यूट्यूब और गूगल सर्च भी कुछ देर के लिए ठप हो गईं। यह दिक्कत आइडेंटिटी एंड एक्सेस मैनेजमेंट सर्विस में गड़बड़ी से आई।



## टाटा ने हताहत यात्रियों के लिए एक एक करोड़ रुपये मुआवजे का ऐलान किया

# पीएम मोदी ने विमान हादसे की जगह का खुद किया मुआयना, ब्लैक बॉक्स मिला, अब सच आएगा सामने

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

गुजरात के अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार सुबह घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। हादसे के 27 घंटे बाद, शुक्रवार को विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ने हॉस्टल की छत से ब्लैक बॉक्स बरामद किया। इससे हादसे के कारणों का पता लगाने में मदद मिलेगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय दो स्तरों पर जांच शुरू की है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और अन्य केंद्रीय एजेंसियां भी घटनास्थल पर पहुंची हैं।

अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड ने भी जांच में सहायता के लिए अपनी टीम भेजने की पेशकश की है। टाटा समूह, जिसके स्वामित्व में एयर इंडिया है, ने मृतकों के परिवारों के लिए 1 करोड़ रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। इसके लिए एक हॉटलाइन नंबर (1800 5691 444) भी जारी किया गया है। हादसा गुरुवार दोपहर करीब 1:40 बजे हुआ, जब एयर इंडिया की फ्लाइट अहमदाबाद से लंदन के के लिए उड़ान भर रही थी, टेकऑफ के कुछ मिनट बाद ही मेघानीनगर के घनी आबादी वाले क्षेत्र में क्रैश हो गई। इस दुर्घटना में 265 लोगों की मौत हो चुकी है, जिसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली, और 1 कनाडाई नागरिक शामिल थे। विमान में सवार 242 यात्रियों और 12 क्रू मेंबर्स में से केवल एक यात्री, विश्वास कुमार, चमत्कारिक रूप से जीवित बचा।



### विनाश का दृश्य दुखद, हमारी संवेदनाएं लोगों के साथ



पीएम मोदी सुबह करीब 8:30 बजे अहमदाबाद हवाई अड्डे पहुंचे। उनके साथ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। पीएम ने सबसे पहले क्रैश साइट का दौरा किया, जहां उन्होंने करीब 20 मिनट तक स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, "आज अहमदाबाद में दुर्घटना स्थल का दौरा किया। विनाश का दृश्य दुखद है। हमारी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने इस अकल्पनीय त्रासदी में अपने प्रियजनों को खो दिया है।" उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### एकमात्र जीवित बचे यात्री विश्वास से की मुलाकात



*इसके बाद, पीएम मोदी अहमदाबाद सिविल अस्पताल गए, जहां उन्होंने घायलों और एकमात्र जीवित बचे यात्री विश्वास कुमार से मुलाकात की। विश्वास ने बताया कि विमान के उड़ान भरने के तुरंत बाद कुछ असामान्य हुआ, और 5-10 सेकंड में सब कुछ थम गया। पीएम ने घायलों का हालचाल जाना और उन्हें भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में सरकार और देश उनके साथ है।*

### हवाई अड्डे पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की

*अस्पताल के बाद, पीएम मोदी ने अहमदाबाद हवाई अड्डे पर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की, जिसमें हादसे की जांच और राहत कार्यों पर चर्चा हुई। उन्होंने अधिकारियों को डीएनए सैंपलिंग और मृतकों की पहचान में तेजी लाने के निर्देश दिए। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी शामिल थे, जो बिजनेस क्लास की सीट 2-डी पर यात्रा कर रहे थे। इसके अलावा, 33 लोग गुजरात के आणंद जिले के थे, और 12 राजस्थान के थे, जिसमें बांसवाड़ा के एक डॉक्टर और उनके परिवार के पांच सदस्य शामिल थे। जीवित बचे यात्री विश्वास कुमार हादसे में एकमात्र जीवित बचे यात्री हैं। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।*

### 7 शवों की शिनाख्त हो चुकी

*मृतकों की पहचान के लिए डीएनए सैंपलिंग शुरू की गई है। अब तक 270 से अधिक शवों का पोस्टमॉर्टम हो चुका है, और 220 लोगों के डीएनए सैंपल लिए गए हैं। सात शवों की शिनाख्त हो चुकी है।*

## ब्रिटेन, कनाडा और पुर्तगाल के विदेश मंत्रियों के संपर्क में भारत के विदेश मंत्री

# विमान हादसे पर संवेदनाएं जताने वाले विदेशी नेताओं को जयशंकर का धन्यवाद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अहमदाबाद में हुए बेहद दर्दनाक एयर इंडिया विमान हादसे का शिकार हुए लोगों और उनके परिवारों के प्रति संवेदनाएं जताने वाले दुनिया के सभी नेताओं और सरकारों को शुक्रवार को धन्यवाद कहा। एक्स पोस्ट में यह जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि गुजरात के अहमदाबाद में हुए इस हृदयविदारक विमान हादसे पर विदेशी नेताओं और सरकारों द्वारा संवेदनाएं प्रकट करने के लिए उनका धन्यवाद। हादसे के तुरंत बाद रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, यूरोपीय संघ (ईयू) की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्डोमीर जेलेंस्की और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू उन वैश्विक नेताओं में शामिल हैं। जिन्होंने पीड़ितों और उनके परिजनों के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं जताई थीं। मालूम हो कि एयर इंडिया का यह विमान 12 जून को दोपहर करीब डेढ़ बजे अहमदाबाद से लंदन जा रहा था। लेकिन हवाईअड्डे से उड़ान भरने के चंद मिनटों में ही ये हादसे का शिकार हो गया। विमान में कुल 242 यात्री (भारत के 169, ब्रिटेन के 53, कनाडा का 1 और पुर्तगाल के 7) सवार थे। विदेश मंत्री जयशंकर वर्तमान में अपनी यूरोप की यात्रा पर हैं। इस दुर्घटना में कुल 265 लोग मारे गए हैं। जिसमें विमान में सवार लोगों के अलावा जिस अस्पताल के कांप्लेक्स के ऊपर यह गिरा। वहां मौजूद कर्मी भी शामिल हैं।



### लैमी, अनीता, पाउलो के संपर्क में जयशंकर

*भारत के विदेश मंत्री ने कहा कि हादसे को लेकर वह ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी, कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद और पुर्तगाल के विदेश मंत्री पाउलो रंगेल के साथ संपर्क में बने हुए हैं। वहीं, एयर इंडिया ने इस दुर्घटना में विमान में सवार 242 में से 241 लोगों के मारे जाने और एक व्यक्ति के जीवित बचने की पुष्टि की है। जिसे कुछ चोटें आई हैं और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। जयशंकर ने कहा कि हादसे से जुड़े तीनों प्रभावित देशों के विदेश मंत्रियों ने अपनी संवेदनाएं जताते हुए घटना को लेकर भारत के साथ पूर्ण सहयोग करने की बात कही है।*

## राजा रघुवंशी हत्याकांड में नया खुलासाः एक महीने पहले ही उसने इंदौर में यह फ्लैट किराए पर ले लिया था

# हत्या के बाद सोनम ने इंदौर के बंद फ्लैट में बिताए थे '14 दिन' मिलने आता था राज, टीवी पर देखती रहती थी राजा की खबरें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मेघालय में हुए राजा रघुवंशी हत्याकांड में आखिरकार सोनम ने अपना गुनाह कबूल लिया है। मेघालय पुलिस के मुताबिक सोनम ने प्रेमी राज कुशवाहा के सामने क्रॉस-एग्जामिनेशन के दौरान माना कि उसने ही अपने पति की हत्या की साजिश रची थी। राजा की हत्या के लिए सोनम ने राज कुशवाहा को 50,000 रुपए दिए थे, ताकि वह खुद और बाकी तीन लोगों- विशाल सिंह, आनंद कुर्मी और आकाश राजपूत के लिए शिलॉन्ग जाने का बंदोबस्त कर सके। सोनम ने इन लोगों से ये भी कहा कि शिलॉन्ग में वे लोग उसके ऊपर नजर बनाए रखें। पुलिस की पूछताछ में इस बात का खुलासा हुआ है कि अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या के बाद सोनम वापस इंदौर आई और 14 दिनों तक किराए के एक फ्लैट में छिपकर रही। सोनम को मालूम था कि राजा की हत्या के बाद उसे लंबे वक्त तक अंडरग्राउंड रहना पड़ेगा। इसीलिए, एक महीने पहले ही उसने इंदौर में यह फ्लैट किराए पर ले लिया था। 14 दिनों तक इंदौर में छिपकर रही सोनम बंद कमरे में टीवी चलाकर लगातार राजा से जुड़ी खबरों पर नजर रखती थी। राज कुशवाहा ने किसी और के नाम से ऑनलाइन ऑर्डर कर, उसके लिए एक महीने का राशन भी फ्लैट पर भेज दिया था। इंदौर में 14 दिनों तक रुकने के बाद सोनम यूपी के रामपुर जाने के लिए निकली। राज कुशवाहा मूल ▶▶ शेष पेज 5 पर



## सीबीआई का ऑपरेशन चक्र

# चक्कर में पड़ते अपराधी चक्कर खाकर औंधे मुंह धकेले जा रहे सलाखों के पीछे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने ऑपरेशन चक्र के तहत मुंबई में एक व्यक्ति को साइबर अपराध से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई संगठित निवेश धोखाधड़ी से संबंधित है, जिसमें साइबर अपराधियों ने शेयर बाजार में निवेश के नाम पर लोगों को ठगा। सीबीआई ने इस मामले में दिल्ली, हिसार, लखनऊ, मुंबई, पुणे और नासिक में 10 स्थानों पर छापेमारी की, जिसमें मुंबई निवासी इस आरोपी को गिरफ्तार किया गया। यह मामला साइबर अपराध और संगठित निवेश धोखाधड़ी से जुड़ा है। आरोपी और उनके सहयोगी कथित तौर पर निवेशकों को शेयर बाजार में भारी मुनाफे का लालच देकर ठग रहे थे। सीबीआई ने पाया कि इस नेटवर्क ने फर्जी निवेश योजनाओं के जरिए लोगों से बड़ी रकम ऐंठी। इसमें सिम कार्ड और म्यूल बैंक खातों का उपयोग करके धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया। यह साइबर ▶▶ शेष पेज 5 पर



## भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग का आज उद्घाटन करेंगे मंत्री शाह

# भाजपा सांसद, विधायक और प्रमुख प्रदेश पदाधिकारियों की आज से 'पाठशाला'





विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल


मध्यप्रदेश भाजपा द्वारा पचमढ़ी में 14 जून से आयोजित पार्टी नेताओं के प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपरान्ह 3 बजे करेंगे। तीन तक चलने वाली इस पाठशाला का समापन केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह 16 मई को करेंगे। इसमें भाजपा के सांसद, विधायक और प्रमुख प्रदेश पदाधिकारी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनके मंत्रिमंडल सदस्य तीनों दिन यहां मौजूद रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा का कहना है कि यह पार्टी का नियमित प्रशिक्षण वर्ग है। इसमें 201 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। शर्मा ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ▶▶ शेष पेज 5 पर

## कैलाश मानसरोवर यात्रा, सीधी उड़ान सेवाओं, वीजा सुविधा जैसे मुद्दों पर हुई बातचीत

# भारत के विदेश सचिव ने की चीन के उप-विदेश मंत्री से मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जारी सैन्य विवाद को पूरी तरह से समाप्त हुए लगभग 8 महीने हो चुके हैं। अब दोनों देश अपने द्विपक्षीय संबंधों को तनाव से पहले की स्थिति में लाने की कोशिशों में जुटे हुए हैं। इसी कवायद को आगे बढ़ाते हुए बीते गुरुवार को नई दिल्ली में विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की चीन के उप-विदेश मंत्री सुन वेईडोंग से मुलाकात हुई। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर बताया कि वेईडोंग 12 जून से भारत की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर थे। जिसके तहत वह विदेश सचिव से मिले। मिस्त्री और वेईडोंग की बातचीत में कैलाश मानसरोवर यात्रा, दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवाओं की शुरुआत, वीजा सुविधा, मीडिया और थिंक टैंक के बीच आदान-प्रदान जैसे मामले शामिल किए गए। चीन के उप-विदेश मंत्री की भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल से भी मुलाकात हुई। गौरतलब है कि पिछले महीने 7 मई को भारत द्वारा की गई ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान द्वारा भारत पर किए गए हमलों में चीनी हथियारों के इस्तेमाल के खुलासे के बाद दोनों देशों ▶▶ शेष पेज 5 पर



### मानसरोवर यात्रा के लिए सराहा सहयोग

*विदेश सचिव ने दोनों देशों के बीच इस साल से कैलाश मानसरोवर यात्रा की फिर से शुरुआत में सहयोग प्रदान करने के लिए चीनी पक्ष की सराहना की। उन्होंने अप्रैल-25 में सीमा-पार नदियों के मामले में सहयोग पर जल-विज्ञान डाटा के प्रावधान को फिर से शामिल करने और सहयोग के अन्य बिंदुओं पर हुई विशेषज्ञ स्तर तंत्र की बैठक का जिक्र करते हुए भविष्य में प्रगति की उम्मीद जताई। दोनों पक्षों ने भारत और चीन के बीच स्थापित राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ के मद्देनजर तय की गई गतिविधियों का भी सकारात्मक रूप से आकलन किया। जिसे दोनों देशों में मनाया जाएगा। इसके अलावा दोनों ने आर्थिक और व्यापार क्षेत्र में व्यावहारिक संवाद की शुरुआत करने को लेकर भी सहमति प्रदान की। जिसमें चिंताओं से जुड़े विशेष मुद्दों पर बातचीत के साथ उन्हें हल किया जाना शामिल है।*

### कैलाश मानसरोवर यात्रा का पहला बैच हुआ रवाना



कैलाश मानसरोवर यात्रा-2025 का पहला जत्था शुक्रवार को रवाना हो गया है। विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू भवन से पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाने वाले कार्यक्रम की अध्यक्षता की। उन्होंने इस पवित्र यात्रा के लिए चुने जाने के लिए यात्रियों को सम्मानित किया और साथ ही उनकी संतोषजनक यात्रा की कामना की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी।

## खबर संक्षेप



### स्कूटी सवार का मांझे से गला कटा, 13 टांके लगे

**नई दिल्ली।** न्यू उस्मानपुर इलाके में गुरुवार शाम स्कूटी सवार व्यक्ति का तेज धार वाले चाइनीज मांझे से गला कट गया। घायल शख्स का नाम रिषभ गुप्ता बताया गया है। पहले उन्हें जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती करवाया गया था लेकिन खून अधिक बहने पर पटपड़गंज स्थित मैक्स अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित शख्स कारोबारी है और उनके गले पर 13 टांके आए हैं। मिली जानकारी के अनुसार रिषभ गुप्ता परिवार के साथ पटपड़गंज में रहते हैं। उनका ई-कामर्स का कारोबार है। ब्रह्मपुरी क्षेत्र में उन्होंने अपना आफिस बनाया हुआ है। वह बृहस्पतिवार शाम को स्कूटी पर सवार होकर आफिस से घर लौट रहे थे। उस्मानपुर थाने के पास पांडुशिला रोड पर पहुंचे तो अचानक से मांझा उनके गले में धंसता चला गया। पीड़ित ने मांझे को रोकने के लिए हाथ आगे किया तो उनकी अंगुली भी चपेट में आकर जख्मी हो गई। पीड़ित जब तक स्कूटी रोक पाते गला काफी गहरा कट चुका था। स्कूटी की गति धीमी थी, अगर तेज होती तो उनका बच पाना मुश्किल था।

### अवैध रूप से रह रही बांग्लादेशी महिला पकड़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने वसंत कुंज इलाके में अवैध रूप से रह रही 23 वर्षीय बांग्लादेशी महिला को हिरासत में लिया है। हिरासत में ली गई महिला का नाम कुलसुम बेगम है। वह बांग्लादेश के नरैल जिले के जमरील डांगा गांव की रहने वाली है। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि वह जंगल के रास्ते भारत में घुसी थी। महिला को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) निर्वासन केंद्र भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि राजधानी में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ जारी कार्रवाई के तहत दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस ने पिछले साल 26 दिसंबर से अब तक 145 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों का पता लगाया और उन्हें हिरासत में लेकर डिपोर्ट करवाया।

## 50 हजार रुपये का इनाम था घोषित

# दुबई में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्पेशल सेल ने विदेशों, खास तौर पर दुबई में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले शख्स को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया है। इसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। आरोपी जाकिर दाउद खान दो साल से अधिक समय से फरार था और 2024 में इसे भगौड़ा घोषित किया गया था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह खुद 2015 में इसी तरह की ठगी का शिकार हुआ था। इसके बाद दूसरे लोगों को ठगना शुरू कर दिया।

डीसीपी अमित कौशिक के अनुसार इस गिरोह का खुलासा सितंबर 2022 में तब हुआ जब शिकायतकर्ता धर्मेंद्र कुमार ने आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) में शिकायत दी। आरोप लगाया कि एक कंपनी ने जाली वीजा, नकली हवाई टिकट के जरिए और पासपोर्ट अपने कब्जे में रखकर उससे 90 हजार रुपये ठग लिए हैं। जांच आगे बढ़ी तो दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा से 80 से अधिक शिकायतें सामने आई, जिसके बाद 15 दिसंबर 2022 को मामला दर्ज किया गया। आरोपी और उसके सहयोगी विदेश मंत्रालय से किसी भी मंजूरी के बिना 'फिजा प्लेसमेंट प्राइवेट लिमिटेड' और 'मेसर्स एशियाटास कंसल्टिंग (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड' के जरिए ठगी का यह धंधा चला रहे थे। पुलिस ने बताया कि उन्होंने प्रति व्यक्ति कथित तौर पर 50 हजार से एक लाख 20 हजार रुपये तक की वसूली की। इनके द्वारा करीब 88.8 लाख रुपये से अधिक की कुल ठगी की गई। 59 से अधिक फर्जी वीजा जारी किए गए और 364 पासपोर्ट अवैध रूप से अपने कब्जे रखे। केस में अरशद, राम अनमोल ठाकुर, गुलभर अली और श्रुति को दिसंबर 2022 में गिरफ्तार किया जा चुका है। बाद में सह-आरोपी मोहम्मद सद्दाम और मोहम्मद तसलीम को भी गिरफ्तार किया गया था। लेकिन जाकिर दाउद खान गिरफ्तारी से बचने में कामयाब रहा और फरवरी 2024 में उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया। मामला दर्ज होने के तुरंत बाद खान दुबई भाग गया था और 2025 में भारत लौटा। पुलिस ने इसे महाराष्ट्र के पडघा के पास एक गांव से पकड़ा।

### घर से गहनें चुराने वाली घरेलू सहायिका दबोची

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके में एक घर से नकदी और कीमती सामान चोरी करने के आरोप में 23 वर्षीय घरेलू सहायिका को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी महिला का नाम रूबी बताया गया है। इसे उत्तराखंड के देहरादून से पकड़ा गया है। इसकी निशानदेही पर 84 हजार रुपये नकद, सोने की चेन, अंगूठी और दो मेडिकल कार्ड बरामद हुये हैं। पुलिस ने बताया कि कृष्णा नगर निवासी करमजीत कौर ने 10 जून को शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उनकी घरेलू सहायिका ने कमरे की सफाई करते समय आभूषण और नकदी से भरा एक बैग चुरा लिया। जांच शुरू की गई और एक टीम ने पाया कि आरोपी महिला 26 मई को कमरे से बाहर जाने के लिए कहकर अलमारी तक पहुंची। इसके बाद नकदी व आभूषण लेकर फरार हो गई। चोरी हुई चीजों में एक लाख रुपये नकद, हीरे के टॉप्स, सोने की अंगूठियां, झुमके, चूड़ियां, चेन और चांदी के सामान शामिल थे। पुलिस ने रूबी की संलिप्तता की पुष्टि करने के लिए सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और उसे देहरादून के भंडारी बाग इलाके से गिरफ्तार कर लिया। कुछ सामान की बरामदगी के प्रयास जारी है।

## दयालपुर में दुकान पर फायरिंग करने वाले एक नाबालिग सहित तीन पकड़े



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दयालपुर पुलिस द्वारा एक शॉप पर हुई फायरिंग का मामला सुलझा लिया है। इस सिलसिले में एक नाबालिग समेत तीन आरोपी पकड़े गये हैं। इनसे अवैध हथियार भी बरामद हुआ है।

डीसीपी आशीष मिश्रा के अनुसार गुरुवार को लगभग 8:30 बजे थाना दयालपुर में गोलीबारी की घटना की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर पहुंचने पर शिकायतकर्ता शाकिर पुत्र कादिर, निवासी, गली नंबर 6, न्यू मुस्तफाबाद ने पुलिस को बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसकी दुकान पर दो राउंड फायरिंग की और भाग गया। क्राइम टीम ने भी मौके का निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किये। शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। गठित जांच टीम ने सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और विभिन्न स्त्रोतों से इनपुट जुटाए। कुछ ही घंटों के भीतर अनस उर्फ मॉडल और जीशान को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके अलावा पकड़ा गया तीसरा आरोपी नाबालिग है। इनके कब्जे से दो देशी पिस्तौल और दो फायर किए गए कारतूस बरामद हुये। पूछताछ में पता चला कि शिकायतकर्ता और आरोपी एक-दूसरे को जानते थे और उनके बीच पहले भी झगड़ा हुआ था। लगातार पूछताछ करने पर आरोपियों ने खुलासा किया कि उनका शिकायतकर्ता के छोटे भाई सारिक के साथ सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर पुराना विवाद था।

# हरिद्वार में फर्जी एम्स चिकित्सक बनकर रह रहा ठग गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में धोखाधड़ी और जालसाजी के दो अलग-अलग मामलों में एक दशक से अधिक समय से फरार एक व्यक्ति को उत्तराखंड के हरिद्वार से गिरफ्तार किया गया है जो खुद को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का चिकित्सक बताकर वहां रह रहा था। दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान 52 वर्षीय राजकुमार शर्मा के रूप में की गई है जो कई साल से फर्जी पहचान के साथ रह रहा था और स्थानीय तौर पर उसे 'डॉक्टर साहब' के नाम से जाना जाता था। पुलिस ने अपने आधिकारिक बयान में बताया कि आरोपी दावा करता था कि वह एम्स-ऋषिकेश से संबद्ध है और उसने इलाके के निवासियों का विश्वास जीत लिया था। शर्मा को 11 और 12 जून की रात को हरिद्वार में उसके आवास पर देर रात कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त-अपराध (डीसीपी) संजीव कुमार यादव ने कहा कि शर्मा 2007 में रूप नगर पुलिस थाने में दर्ज एक मामले में फरार था जिसमें उस पर जाली दस्तावेजों का उपयोग करके सरकारी बैंकों से वाहन ऋण प्राप्त करने का आरोप लगाया गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले की शुरुआती जांच के दौरान उसके पास से फर्जी कागजात के जरिए ऋण प्राप्त कर खरीदी गई एक कार भी बरामद की गई थी। उन्होंने बताया कि मामले में जमानत पर रिहा किए जाने के बाद वह अदालत में पेश नहीं हुआ और दिसंबर 2016 में उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया। डीसीपी ने बताया कि बुराड़ी पुलिस थाने में 2015 में दर्ज एक अन्य मामले के अनुसार शर्मा ने कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर दो लोगों को भूखंड बेचकर 14.10 लाख रुपये ठगे। अधिकारी ने कहा कि मामले को निपटाने के लिए उसने कई साल पहले बंद हो चुके बैंक खाते से 26 लाख रुपये का चेक जारी किया। जब पीड़ितों को एहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है, तो उन्होंने पुलिस से संपर्क किया। डीसीपी ने बताया कि शर्मा ने दबाव में आकर दिल्ली में अपना घर रातों-रात खाली कर दिया और उत्तराखंड भाग गया। उन्होंने बताया कि तब से उसने कई बार अपनी पहचान बदली, बार-बार अपना हुलिया बदला, पता और मोबाइल नंबर बदले ताकि वह पकड़ा न जाए। शर्मा ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर का रहने वाला है और उसने स्नातक की पढ़ाई की है। उसने बताया कि धोखाधड़ी करने से पहले वह दिल्ली के बुराड़ी में मासिक पत्रिकाएं और समाचार पत्र प्रकाशित करता था। पुलिस ने बताया कि शर्मा का एक बेटा बीफार्मा कर रहा है और एक बेटी हरिद्वार में कानून की पढ़ाई कर रही है। वर्तमान में उसके पास कोई स्थिर आय नहीं है और वह जीविका के लिए कथित तौर पर पैतृक कृषि भूमि पर निर्भर है।

## दिल्ली सचिवालय से चला 820 करोड़ रुपया सिविक सेंटर नहीं पहुंचा : नेता विपक्ष



- सिविक सेंटर में आयोजित प्रेसवार्ता में सीएम रेखा गुप्ता पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सचिवालय से एक हफ्ते पहले चला 820 करोड़ रुपया अभी तक एमसीडी सिविक सेंटर नहीं पहुंचा है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में आम आदमी पार्टी के नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने शुक्रवार को निगम मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता कर भाजपा पर निशाना साधते हुए यह आरोप लगाए।

उन्होंने कहा कि पिछले हफ्ते सीएम रेखा गुप्ता ने एमसीडी को 820 करोड़ रुपए देने का दावा किया था, लेकिन एमसीडी को अभी तक यह राशि नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि भाजपा को एमसीडी की सत्ता संभालते ही कर्मियों की सैलरी देरी से आने लगी है। सभी तरह के कर्मियों को अब 10 से 20 दिन की देरी से सैलरी मिल रही है। इससे पहले जब 15 साल तक भाजपा एमसीडी में थी, तब तो कर्मियों को सैलरी लेने के लिए छह-छह महीने तक इंतजार करना पड़ता था। शुक्रवार को एमसीडी में आम आदमी पार्टी नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने यह जानकारी देते हुए कहा कि 'आप' सरकार बड़ी मुश्किल से लंबित सैलरी को ट्रैक पर लाई थी और कर्मियों को एक तारीख को सैलरी दे रही थी।

नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की चार इंजन की सरकार है। एमसीडी, दिल्ली सरकार और केंद्र में भाजपा है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी कहती हैं कि उनका एलजी भी एक इंजन है। पिछले हफ्ते भाजपा ने घोषणा कर कहा कि दिल्ली सरकार एमसीडी को 3,282 करोड़ रुपए देगी। इसमें से 820 करोड़ रुपए की पहली किश्त जारी कर दी गई है। मीडिया में भी आया कि दिल्ली सरकार ने एमसीडी को 820 करोड़ रुपए जारी कर दी है।

अंकुश नारंग ने मेगा सफाई अभियान को लेकर कहा कि भाजपा को शर्मिंदगी महसूस करनी चाहिए कि वह अपनी कथनी और करनी में समानता नहीं रख पा रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में भाजपा ने मेगा सफाई अभियान चलाया था, लेकिन उसकी पोल खुल चुकी है। सेंट्रल जोन की सड़कों और वल्नरेबल पॉइंट्स पर कूड़ा जमा है। कूड़ा नहीं उठाया जा रहा, टिप्पर नहीं बढ़ाए जा रहे और जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा।

### एमसीडी को 820 करोड़ रुपए तुरंत दिया जाए

भाजपा से मांग है कि एमसीडी को 820 करोड़ रुपए तुरंत दिया जाए ताकि कर्मियों की सैलरी समय पर दी जा सके, जैसा कि आप अपनी सरकार में करती थी। सीएम का यह आश्वासन 2500 रुपए के वादे जैसा नहीं होना चाहिए, जो भाजपा ने पहली कैबिनेट बैठक में पूरा करने का दावा किया था या फिर होली और दिवाली पर मुफ्त सिलेंडर देने के वादे जैसा नहीं होना चाहिए। दिल्ली की जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया है और उनकी अपेक्षाएं हैं। भाजपा को इन अपेक्षाओं पर खरा उतरना चाहिए।


## अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त (1) **गौरव उर्फ नानू पुत्र राजकुमार निवासी मकान नंबर 10503, मोतिया खान, सदर बाजार,** दिल्ली (2) **संजू उर्फ कमल पुत्र ओमप्रकाश निवासी मकान नंबर 1761, बस्ती जुलाहान सदर बाजार, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 584/20 भा.द.सं. की धारा 356/379/34/411 के तहत एण्ड 103 डीपी एक्ट, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव उर्फ नानू** और **संजू उर्फ कमल** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव उर्फ नानू** और **संजू उर्फ कमल** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 584/20 भा.द.सं. की धारा 356/379/34/411 के तहत एण्ड 103 डीपी एक्ट, थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गौरव उर्फ नानू** और **संजू उर्फ कमल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.07.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हों।

आदेशानुसार
**सुश्री रितिका जैन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05, उत्तर-पश्चिम**
**कमरा नं.105, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/7514/OD/2025



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

डी.डी न. 203 दिनांक 1 2.06.25 धारा 194 BNSS थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।

**अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे**



नाम - नामालूम
पिता/पति का नाम नामालूम
पता - नामालूम।
उम्र लगभग 35 वर्ष।
कद- लगभग 5 फुट 8 ईंच ।
हुलिया- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, दुबला पतला शरीर, हाथ में लाल व काले रंग का डोरा व कमर में तागडी बंधी हुई, सिर पर काले बाल, काली व सफेद रंग की दाढी काली आंखे, ।
पहनावा नग्न अवस्था में है।

दिनांक 12.06.25 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश शिखरवाला चौक नजदीक शुगर मिल खाली जगह में मिली है। जिसके परिजनों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना शिवाजी कालोनी रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतू 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उचित इनाम से सम्मानित किया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक - 8708239809

पीआरडीएच-1084/11/3519/2026/35640/88/7 दि. 13.06.2025


# दिल्ली नगर निगम की सुनियो योजना करदाताओं को दे रही है जबरदस्त राहत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की संपत्तिकर निपटान योजना (सुनियो) 2025-26 को लेकर करदाताओं में काफी उत्साह है। निगम के दक्षिणी जोन के निर्धारण एवं समाहरण विभाग में संयुक्त कर निर्धारक एवं समाहर्ता नवीन कुमार ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना उन करदाताओं के लिए काफी लाभदायक है, जो किसी कारणवश पिछले वर्षों में संपत्ति कर का भुगतान नहीं कर पाए थे। यह योजना निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाली सभी प्रकार की संपत्तियों के लिए अपने बकाया कर और ब्याज के बोझ से मुक्ति पाने का एक सुनहरा अवसर है। नवीन कुमार ने बताया कि इस योजना की मुख्य विशेषता यह है कि करदाता को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 और पिछले 5 वर्षों, 2020-21 से 2024-25 का केवल मूल संपत्ति कर ही बिना ब्याज और जुर्माने के जमा करना होगा। इस योजना का लाभ लेने पर संपत्ति कर से संबंधित सभी पिछले बकाया माफ कर दिए जाएंगे।

वहीं, रोहिणी जोन के संयुक्त कर निर्धारक राकेश कुमार ने जानकारी दी कि सुनियो की इस योजना में 2020-21 से पहले के सभी बकाया संपत्ति कर ब्याज और जुर्माना माफ है एवं कर दाताओं में इस योजना को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। रोहिणी जोन के कार्यालय सेक्टर - 17 करदाताओं की सुविधा के लिए शनिवार और रविवार को भी 30 जून 2025 तक खोले जा रहे है मुकदमों वाले सम्पति कर धारक भी इस योजना का लाभ उठा सकते है। उन्होंने रोहिणी जोन के सभी सम्पति कर धारको को जल्दी से जल्दी इस योजना का लाभ उठाने के अपील की है।

- दक्षिणी जोन में 80 से अधिक शिविर लगाए जा चुके हैं
- 30 जून तक सप्ताह के सातों दिन खुला रहेगा कार्यालय

### 30 जून तक जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट

करदाताओं की सुविधा के लिए दक्षिणी क्षेत्र ने हेल्पलाइन नंबर 8588812210 भी जारी किया है। संपत्ति कर का भुगतान केवल ऑनलाइन मोड में किया जाएगा। नवीन कुमार ने यह भी बताया कि चालू वित्तीय वर्ष का कर 30 जून तक जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। करदाताओं की सुविधा के लिए संपत्ति कर विभाग का दक्षिणी जोन कार्यालय 30 जून तक शनिवार और रविवार सहित सप्ताह के सातों दिन खुला रहेगा। योजना का आवेदन **https://mcdonline.nic.in/ptrmcd/web/citizen/info** लिंक पर जाकर ऑनलाइन करना होगा।

### दक्षिणी जोन में 80 से अधिक शिविर लगाए जा चुके

अधिकारी ने बताया कि इसके साथ ही कर जमा करने की सुविधा के लिए प्रत्येक वार्ड में लगातार शिविर भी लगाए जा रहे हैं। एक जून से अब तक दक्षिणी जोन में 80 से अधिक शिविर लगाए जा चुके हैं। 30 जून की समय सीमा को ध्यान में रखते हुए पहली बार मोबाइल शिविर भी लगाए जा रहे हैं। आगामी शनिवार को सुल्तानपुर गांव, छत्तरपुर वार्ड तथा रविवार को खानपुर वार्ड, मदनगीर वार्ड तथा छतरपुर वार्ड में करदाताओं की सुविधा के लिए मोबाइल कैंप लगाए जाएंगे। करदाताओं से अनुरोध है कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा दिल्ली शहर के विकास में अपना योगदान दें।


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्यालय शिक्षा बोर्ड हरियाणा, भिवानी | एचटीईटी-2024 हेतु वीडियोग्राफी। | 12.06.2025 23.06.2025 | 40,00,000/- | http://www.bseh.org.in | 9991415007 asco@bseh.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/35629/I/88/7 दि. 13.06.25



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में मदीना में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सोलर पावर प्लांट का प्रावधान। | 10.06.2025 17.06.2025 | 50.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प फतेहबाद | फतेहाबाद जिले में जाखल में सीएचसी की विशेष मरम्मत + 1 कार्य। | 10.06.2025 23.06.2025 | 106.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज कैथल | गांव कुतुबपुर में एडब्ल्यूसी को पूरा करना + 12 कार्य। | 10.06.2025 16.06.2025 | 59.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज रोहतक | तालाब से ड्रेन नं. 8 तक एचडीपीई पाइप लाइन का पी और एल तथा पम्प हाउस का निर्माण (जैडपी)। | 10.06.2025 16.06.2025 | 40.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813604629 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 5 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएम जीएमसी नल्हार, नूह में 12 लिफ्टों (मेक ओरबिस) हेतु व्यापक रखरखाव अनुबंध के लिए निविदा। | 16.06.2025 09.07.2025 | 21.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 6 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में सीएसएसडी में मशीनरी और उपकरण के सीएमसी हेतु ई-निविदा। | 16.06.2025 30.06.2025 | ईएमडी 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 18500 मुंडक ड्रेन पर बेलदार हट के निर्माण हेतु आकलन + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.06.2025 | 7.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | जल सेवाएं यांत्रिकी उपमंडल, जीन्द में पुराने शामलो पम्प हाउस पर आयरन ग्रिल स्ट्रक्चर का प्रावधान व फिक्सिंग और एक अन्य। | 13.06.2025 19.06.2025 | ईएमडी 7440 | https://etenders.hry.nic.in | 9991831221 xen-wsmkrl.irr@gov.in |
| 9 | राजकीय महिला महाविद्यालय सांपला | परिसरों और हाउसकीपिंग इत्यादि की क्लीनिंग सेवाएं। | 17.06.2025 05.07.2025 | 12 लाख | scrgcwsampla.ac.in | 9416825252 gcwsamplainformation@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/180/35630/I/88/7 दि. 13.06.25

## खबर संक्षेप

### पूरा राष्ट्र विमान दुर्घटना पीड़ितों के साथ खड़ा है : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली। पूरा राष्ट्र विमान दुर्घटना के पीड़ितों के साथ खड़ा है और हर भारतवासी उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रार्थना कर रहा है। यह बात शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के घायलों से मुलाकात की तस्वीरें शेयर कर कही। सीएम रेखा गुप्ता ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अहमदाबाद के सिविल अस्पताल पहुंचकर भीषण विमान दुर्घटना में घायल यात्रियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना, उन्होंने उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। प्रधानमंत्री ने विश्वास दिलाया कि संकट की इस घड़ी में केंद्र और राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता और मजबूती के साथ पीड़ितों के साथ खड़ी है। प्रधानमंत्री ने अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से उपचार और राहत कार्यों की जानकारी ली और यह सुनिश्चित किया कि सभी घायलों को समुचित, त्वरित और सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो।

### एनडीएमसी का शिकायत निवारण सुविधा शिविर आज

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) अपने क्षेत्र के निवासियों और सेवा उपयोगकर्ताओं के हित में सूचना, सुविधा और शिकायत निवारण प्रदान करने के लिए अपना अगला सुविधा शिविर आज शनिवार, 14 जून, 2025 को सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तक जय सिंह मार्ग स्थित एनडीसीसी कन्वेंशन सेंटर (पालिका केंद्र के निकट) में आयोजित करेगी। इस सुविधा कैम्प में नए बिजली कनेक्शन/डिस्कनेक्शन, लोड वृद्धि/कमी, नाम परिवर्तन/स्थानांतरण, संपत्ति कर, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, एनडीएमसी के सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों के सेवा मामलों, जलभराव, स्वच्छता, अपशिष्ट निपटान, सड़क मरम्मत, विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, विकलांग पेंशन, बारात घर और पार्कों की बुकिंग और एनडीएमसी द्वारा दी जाने वाली कोई अन्य सेवाओं से संबंधित शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

### फतेहपुर बेरी में डीयू जल्द खोले छात्राओं का कॉलेज : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने गांव फतेहपुर बेरी भाटी में छात्राओं के लिए दिल्ली यूनिवर्सिटी का कॉलेज खोलने की मांग को लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह को ज्ञापन दिया। प्रो. योगेश सिंह ने इस मामले में जल्दी से जल्दी कार्यवाही का आश्वासन दिया है। सांसद बिधूड़ी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी और बताया कि उन्होंने यह मामला संसद में भी उठाया है। बिधूड़ी ने यह ज्ञापन पार्लियामेंट्री एनेक्सी में डीयू कुलपति को सौंपा। जानकारी के अनुसार दरअसल इससे पहले पार्लियामेंट एनेक्सी में संसदीय समिति की बैठक आयोजित की गई थी। बिधूड़ी ने इस बैठक में भी यह मामला उठाया और उसके तुरंत बाद बाद चांसलर को ज्ञापन सौंपा।

### अधिकतम तापमान 41 डिग्री हुआ दर्ज

# उमस से पसीना-पसीना हुई दिल्ली लोगों को झमाझम बारिश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




पारे में मामूली गिरावट के बाद शुक्रवार को दिल्ली वाले उमस की वजह से पसीना पसीना होते रहे। कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से परेशान हो चुके दिल्ली वाले अब झमाझम बारिश की बाट जोह रहे है। तापमान में कमी के बावजूद हीट इंडेक्स के चलते लोगों के पसीना ने सूखने का नाम नहीं लिया। उमस की वजह से लोगों के घरों में लगे पंखे व कूलर बेअसर रहे। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार शुक्रवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट देखने को मिली। आईएमडी के अनुसार कहीं भी अधिकतम तापमान 41 डिग्री से अधिक दर्ज नहीं हुआ। जबकि गुरुवार व उससे पहले दिल्ली में लगातार 45 डिग्री तक तापमान दर्ज हो रहा था। आईएमडी द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.3 डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 3 डिग्री ज्यादा है। इसके अलावा दिल्ली के पालम में 40.6 डिग्री, लोधी रोड 39.1 डिग्री, रिज एरिया 39.3 डिग्री, आया नगर 40.6 डिग्री, राजघाट 37.4 डिग्री, पूसा 38.4 डिग्री, नजफगढ़ 39 डिग्री, मुंगेशपुर में 39.1 और मयूर विहार में 36.7 अधिकतम डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी ने शुक्रवार को भीषण गर्मी व बारिश को लेकर पहले ही ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। लेकिन खबर लिखे जाने तक राजधानी में बारिश का कहीं नामोनिशान नहीं दिखा। ताजा अनुमान में आईएमडी ने शनिवार के लिए ग्रीन अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि दिल्ली में 40-60 किमी की गति से धूल भरी हवाएं चलेंगी, कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी भी दर्ज होगी।



गर्मी से राहत पाने के लिए हजरत निज़ामुद्दीन दरगाह बावली में नहाते लड़के।

### बिजली की मांग लगातार तीसरे दिन 8 हजार मेगावाट पार

नई दिल्ली। भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है ऐसे बिजली की मांग लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को बिजली की अधिकतम मांग 8 हजार मेगावाट को पार कर गई है। शुक्रवार को बिजली की मांग का आंकड़ा 8438 मेगावाट दर्ज हुआ। यह इस साल गर्मियों के सीजन की अब तक दूसरी सबसे अधिक खपत के रूप में दर्ज हुई है। जबकि ठीक एक दिन पहले यानी 12 जून 2025 को 8423 मेगावाट और 11 जून 2025 को 8231 मेगावाट पहुंची भी। वहीं स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार राजधानी में ऑल टाइम बिजली की खपत का रिकॉर्ड 18 जून 2024 को बिजली की सबसे ज्यादा खपत 8,647 मेगावाट के रूप दर्ज हो चुकी है। जिस प्रकार झुलसाने वाली गर्मी लगातार जारी है उसको देखते हुए संभावना है कि जल्द ही बिजली की मांग 2024 का ऐतिहासिक रिकॉर्ड ध्वस्त कर देगी। बिजली की मांग बढ़ने के साथ ही आपूर्ति कंपनियों की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। इस बारे में उत्तरी दिल्ली में बिजली आपूर्ति करने वाली निजी कंपनी टाटा पावर डीडीएल ने बताया कि आज तक अपने अधिकार क्षेत्र में बिजली की अधिकतम मांग का आंकड़ा 2400 मेगावाट तक पहुंच गई।

## 'लोगों को मुफ्त ठंडा पानी उपलब्ध करा रहे हैं जलदूत'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में जारी भीषण गर्मी में ठंडा पानी पिलाकर लोगों को राहत पहुंचा रहे हैं जलदूत। यह बात शुक्रवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जलदूतों की तस्वीरें शेयर कर कही।

मंत्री डॉ. पंकज ने एक्स पर लिखा कि दिल्ली की झुलसा देने वाली गर्मी में हमारे सच्चे हीरो जलदूत राहत पहुंचा रहे हैं। नेहरू प्लेस, हौज खास, सेक्टर 22 रोहिणी, मंगोलपुरी क्यू ब्लॉक, मेहरौली, उत्तम नगर और पंजाबी बाग जैसे प्रमुख डीटीसी टर्मिनलों पर हमारे जलदूत स्वयंसेवक यात्रियों को ठंडा और शुद्ध आरओ पानी मुफ्त उपलब्ध करा रहे हैं। यह व्यवस्था दिल्ली सरकार के हीट एक्शन प्लान 2025 के अंतर्गत चलाई जा रही है ताकि हर यात्री को गर्मी से राहत और स्वच्छ जल मिले। उल्लेखनीय है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हाल ही में हीट एक्शन प्लान 2025 जारी किया है। इस प्लान में यह व्यवस्था की गई है कि यात्रियों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए हर डीटीसी टर्मिनल पर आरओ लगाए जाएंगे और इन आरओ पर जलदूत तैनात रहेंगे। जो कि यात्रियों को पानी पिलाएंगे। दिल्ली सरकार ने हीट एक्शन प्लान 2025 पर कार्रवाई करते हुए जलदूतों को तैनात कर दिया है। जो इस गर्मी में यात्रियों को ठंडा पानी पिलाकर उन्हें राहत प्रदान कर रहे हैं।

### भीषण गर्मी से सरकारी अस्पतालों के मरीजों की हालत हुई दयनीय : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने एक बार फिर दिल्ली सरकार के अस्पतालों की खस्ता हालत का मुद्दा उठाया है। यादव ने कहा कि दिल्ली में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के कारण मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है, जिससे निपटने के लिए सरकारी अस्पतालों की हालत दयनीय हो चुकी है। यादव ने व्यंग कसते हुए कहा कि नई रेखा गुप्ता सरकार ने सरकारी अस्पतालों को पहले से आईसीयू पर पड़े अस्पतालों को धक्का देकर पूरी तरह से वेंटिलेटर पर पहुंचा दिया है। यादव ने सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं और तैयारियों की कमी पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गत 11 वर्षों से अधिक समय से केजरीवाल सरकार द्वारा नष्ट किए गए स्वास्थ्य ढांचे को सुधारने में भाजपा सरकार पूरी तरह विफल रही है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के लाभार्थियों को आ रहे फर्जी वीडियो कॉल

दया राम ▶▶ नई दिल्ली

देश में सरकारें जैसे जैसे डिजिटलीकरण को बढ़ावा दे रही हैं, वैसे ही इस डिजिटलीकरण में डिजिटल अपराध (साइबर क्राइम) भी बढ़ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी केंद्रों से सामने आया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम एक महिला लाभार्थियों को ठगने की कोशिश की गई लेकिन जागरूक महिला लाभार्थी ने कॉल करने वाले पर संदेह हुआ तो वीडियो कॉल काट दी। बता दें कि इससे पहले करीब चार वर्ष पहले कुछ लाभार्थियों को ठगा भी जा चुका है। हालांकि केंद्र और राज्य सरकारें नागरिकों को फर्जी कॉल और संदेशों से बचने की जानकारी फोन कॉल के दौरान ही दे रही हैं लेकिन इसके बाद भी साइबर अपराधी ऐसी गतिविधियां जारी रखे हुए हैं। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्रों को स्मार्ट मोबाइल देने के बाद लाभार्थियों की जानकारी मोबाइल में ही दर्ज की जाने लगी और ऐसा होने के बाद से ऐसे कुछ मामले सामने आने लगे। जानकारी के अनुसार चार वर्ष पहले एक लाभार्थी के खाते से 5 हजार तो एक अन्य लाभार्थी के खाते से 18 हजार रुपये उड़ा लिए गए। सेंध की इस घटना के बाद लाभार्थी और महिला कर्मी दोनों परेशान हैं। वहीं, प्रशासन भी यह समझ नहीं पा रहा है कि ऐप पर इस तरह की लगने वाली सेंध से कैसे छुटकारा पाया जाए।




- लाभार्थियों से मांगी जा रही है खाते की जानकारी

### अब रजिस्टर की जगह ऐप में दर्ज होती है जानकारी

नाम न छापने की शर्त पर विभाग से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि महिला लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपनी संबंधित जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को देनी होती है। जब से दिल्ली के आंगनबाड़ी केंद्र स्मार्ट फोन से लैस हुए हैं तो ऐसी दिक्कतें भी आनी शुरू हो गई हैं। बता दें कि दिल्ली में 10 हजार से अधिक आंगनबाडी केंद्र संचालित हैं और लाखों की संख्या में लाभार्थी हैं जो सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अपनी जानकारी विभाग को देते हैं।

### जागरूकता से ही संभव है बचाव

महिला एवं बाल विकास विभाग का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र से जुड़ी सभी संबंधित सुपरवाइजर्स, कार्यकर्ताओं को समय समय पर सलाह दी है कि वे अपने क्षेत्र की लाभार्थियों को इस तरह से जागरूक करें कि कोई भी कॉल, वीडियो कॉल या कोई संदेश आता है जो बैंक से जुड़ी जानकारी व ओटीपी मांगता हैं तो उस पर बिलकुल ध्यान न दे।

### पीडब्ल्यूडी में सबसे अधिक मिल रही सड़कों और फुटपाथों को लेकर शिकायतें

नई दिल्ली। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में सबसे अधिक शिकायतें सड़कों और फुटपाथों को लेकर दर्ज की गई हैं। पीडब्ल्यूडी की ऑनलाइन शिकायत सेवा से मिले आंकड़ों के अनुसार जून माह में सड़कों और फुटपाथों को लेकर अब तक 833 शिकायतें दर्ज हुई हैं। इनमें से 475 शिकायतें हैं अभी लंबित हैं। वहीं आंकड़ों के अनुसार स्ट्रीट लाइटों को लेकर जून माह में 339 शिकायतें दर्ज की गई हैं। इनमें 165 शिकायतें लंबित हैं। वहीं जलभराव को लेकर 187 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 81 शिकायतें लंबित हैं। वहीं हार्टीकल्चर के संबंध में 490 शिकायतें दर्ज की गई हैं। इनमें से 263 शिकायतें लंबित हैं। वहीं आंकड़ों के अनुसार नालों के संबंध में 179 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें 100 शिकायतों का निस्तारण होना अभी बाकी है। उल्लेखनीय है कि पीडब्ल्यूडी के इस ऑनलाइन सेवा में प्रत्येक दिन की आंकड़ा अपडेट किया जा रहा है।

## यमुना लगी सूखने, जलस्तर 5.8 फिट कम होने से दो संयंत्रों में जल शोधन में कमी, कई क्षेत्र प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- यमुना का सामान्य जलस्तर 674.50 फीट, अब घटकर हुआ 668.70 फीट

इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से जहां इंसान व जानवर तक परेशान है, वहीं यमुना नदी भी सूखने लगी है। हालात यह है कि यमुना नदी का जलस्तर कम होने से डीजेबी के दो जल शोधन संयंत्रों में जल शोधन का कार्य प्रभावित होने से कई क्षेत्रों में जलापूर्ति गड़बड़ा गई है। इस बारे में दिल्ली जल बोर्ड ने बताया कि वजीराबाद जल संयंत्र में यमुना नदी के तालाब का स्तर कम होने के कारण जलापूर्ति प्रभावित हो रही है। डीजेबी के अनुसार यमुना नदी का सामान्य जलस्तर 674.50 फीट रहता है जो इस समय घटकर 668.70 फीट रह गया है। ऐसे में वजीराबाद और चंद्रावल जल संयंत्र को आवश्यक कच्चे पानी की आपूर्ति बनाए रखना मुश्किल हो रहा है और परिणामस्वरूप पीने योग्य पानी के शोधन में कमी आ रही है। डीजेबी ने बताया कि इस स्थिति के कारण दोनों जल संयंत्रों में पीने योग्य पानी का लगभग 25-30 उत्पादन प्रभावित हो रहा है। इसलिए, जब तक स्थिति में सुधार नहीं होता, तब तक निम्नलिखित क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति कम दबाव पर होगी। वजीराबाद जल संयंत्र से प्रभावित होने वाले संभावित क्षेत्र हैं मजनू का टीला, आईएसबीटी, जीपीओ, एनडीएमसी क्षेत्र, आईटीओ, हंस भवन, एलएनजेपी अस्पताल, डिफेंस कॉलोनी, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, राजघाट, डब्ल्यूएचओ, आईपी इमरजेंसी, रामलीला ग्राउंड, दिल्ली गेट, सुभाष पार्क, गुलाबी बाग, तिमारपुर, एसएफएस फ्लैट्स, पंजाबी बाग, आजादपुर, शालीमार बाग, वजीरपुर, लॉरेंस रोड, मॉडल टाउन, जहांगीरपुरी मूलचंद, साउथ एक्सटेंशन, ग्रेटर कैलाश, बुराड़ी और आसपास के क्षेत्र, कैंटोनमेंट क्षेत्र के कुछ हिस्से और साउथ दिल्ली और अन्य क्षेत्र जो वजीराबाद जल संयंत्र के नियंत्रण में हैं। डीजेबी ने बताया कि वहीं चंद्रावल जल संयंत्र के प्रभावित होने से सिविल लाइंस, हिंदू राव अस्पताल और आसपास के क्षेत्र, कमला नगर, शक्ति नगर और आसपास के क्षेत्र, करोल बाग, पहाड़ गंज और एनडीएमसी क्षेत्र, पुराना और नया राजिंदर नगर, पटेल नगर (पूर्व और पश्चिम), बलजीत नगर, प्रेम नगर, इंद्रपुरी और आसपास के क्षेत्र, छावनी क्षेत्रों के कुछ हिस्से और दक्षिण दिल्ली आदि शामिल है।

## दिल्ली सरकार जल्द लाने जा रही है नई आबकारी नीति : रेखा

### नई आबकारी नीति में सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



- समाज के कमजोर वर्गों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और शांति से कोई समझौता नहीं होगा
- कई राज्यों की आबकारी नीति की समीक्षा कर रही है उच्चस्तरीय समिति

दिल्ली के नागरिकों को क्वालिटी वाली शराब उपलब्ध कराने और शराब की बिक्री एवं वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार जल्द ही नई आबकारी नीति लाने जा रही है। इस नई आबकारी नीति में सामाजिक सुरक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इस बात की जानकारी शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि नीति का कोई भी पक्ष समाज के संवेदनशील वर्गों पर प्रतिकूल प्रभाव न डाले। इस दृष्टिकोण से यह नीति सिर्फ एक वित्तीय दस्तावेज न होकर, सामाजिक संतुलन व उत्तरदायित्व पर भी बल देगी। नई नीति में यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि समाज के कमजोर वर्गों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और शांति से कोई समझौता न हो। मुख्यमंत्री रेखा ने कहा कि नई नीति के तहत आबकारी व्यवस्था में सुधार के अनेक बिंदुओं को शामिल किया जा रहा है, जिनमें शराब की गुणवत्ता का वैज्ञानिक परीक्षण, बिक्री प्रणाली का डिजिटलीकरण, अवैध बिक्री पर रोक, और लाइसेंसिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि नई शराब नीति बनाने के लिए दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में एक समिति कार्य कर रही है, जिसमें सभी पहलुओं पर ध्यान दिया जा रहा है।

### 30 जून तक तैयार हो जाएगा नई आबकारी नीति का प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्चस्तरीय समिति संबंधित पक्षों (हितधारकों) से विचार-विमर्श करने और अन्य राज्यों में अपनाई गई सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का अध्ययन करने के उपरांत एक नई आबकारी नीति का प्रस्ताव तैयार कर रही है। यह कार्य 30 जून तक पूरा किया जाएगा। यह समिति दिल्ली सरकार की वर्तमान और पूर्व आबकारी नीतियों की समीक्षा करेगी। समिति को आवश्यक प्रशासनिक सहयोग आबकारी विभाग द्वारा प्रदान किया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि यह समिति अपनी नीतिगत सिफारिशें सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेगी, ताकि उस पर उपयुक्त निर्णय लिया जा सके।

## दिल्ली सरकार बाला साहिब अस्पताल के लिए आयुष्मान कार्ड की जल्द देगी मंजूरी : मनजिंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने शुक्रवार को बाला साहिब अस्पताल में बोलते हुए कहा कि दिल्ली सरकार बहुत जल्द इस के लिए आयुष्मान कार्ड की मंजूरी देगी, जिसके बाद लोगों को इस अस्पताल में बेहतरीन इलाज की सुविधा मिलने लगेगी। उन्होंने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को सुझाव देते हुए कहा कि अगर एक लॉ कॉलेज शुरू किया जाए तो संगत को बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि कमेटी की टीम अन्य सभी शैक्षणिक संस्थानों को भी बहुत अच्छे ढंग से चला रही है। सिरसा दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा शुरू किए गए गुरु हरकृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च संस्थान जनता को समर्पित करने के अवसर पर बोल रहे थे। सिरसा ने बताया कि इस समारोह में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को शामिल होना था, लेकिन हाल ही में अहमदाबाद में हुई दुखद हवाई दुर्घटना घटना के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बुलाई गई मीटिंग में शामिल होने के चलते नहीं आ सकी। इस अवसर पर मंत्री सिरसा के अलावा गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका, महासचिव जगदीप सिंह काहलों, बाबा बचन सिंह, बाबा सुरिंदर सिंह, बाबा सतनाम सिंह और बाबा रवि सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष कालका ने कहा कि अस्पताल में जरूरतमंदों के लिए ओपीडी सेवाएं भी मुफ्त होंगी।

### गुरु तेग बहादुर स्मारक के अधिकारी एसी से नहीं निकल रहे बाहर

# दो मंत्रियों के निरीक्षण के बाद भी साफ नहीं हुआ नाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी) के अंतर्गत आने वाले श्री गुरु तेग बहादुर स्मारक परिसर का दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने करीब दो माह पहले निरीक्षण किया था और इस दौरान इन दोनों मंत्रियों ने आम आदमी पार्टी (आप) की पिछली सरकार पर उपेक्षा के आरोप लगाते हुए कहा था कि आप सरकार की अनदेखी के चलते इस स्मारक की हालत दयनीय हो गई है और सरकार की इस महत्वकांक्षी परियोजना को आप सरकार संभाल नहीं पाई। मंत्रियों के निरीक्षण के बाद देखा जाए तो कई बार बारिश हुई है और जैसे ही बारिश होती है तो यहां इस स्मारक के मुख्य प्रवेश द्वार पर कई दिन भारी जलभराव रहता है और स्मारक में प्रवेश करने में पर्यटकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

बता दें कि निरीक्षण के दौरान मंत्रियों ने मौजूद अधिकारियों को निर्देश जारी किए थे कि स्मारक पर ध्यान दिया जाए और समस्याएं हल की जाएं।



### स्मारक से जुड़े अधिकारी नहीं दे रहे हैं कोई ध्यान

पीतमपुरा कार्यालय एयरकंडीशनर कार्यालय में बैठे स्मारक से जुड़े अधिकारी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं और साथ में बड़े नाले की सफाई नहीं हो पाई है। इसके चलते जैसे ही बारिश होती है तो मुख्य प्रवेश द्वार के सामने जलभराव हो जाता है। इससे संबंधित अधिकारी से कई बार संपर्क किया गया लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

## आईपी यूनिवर्सिटी के दाखिले में अब अनाथ बच्चे का भी होगा कोटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- कोटे के अंतर्गत छात्र की पूरी फीस माफ

आईपी यूनिवर्सिटी द्वारा पिछले साल शुरू किए गए "एकल बालिका कोटा" की तर्ज पर दोनों कैंपस में चल रहे सभी यूनिवर्सिटी स्कूल के समस्त यूजी और पीजी प्रोग्राम में एक अतिरिक्त सीट इस कोटे से भरी जाएगी। इस जनकल्याणकारी कोटा को शुरू करने के मकसद पर प्रकाश डालते हुए यूनिवर्सिटी के कुलपति पद्मश्री प्रो. (डॉ.) महेश वर्मा ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद ऐसे अनाथ बच्चों की संख्या बढ़ी है। यूनिवर्सिटी का काम शिक्षा प्रदान करने के साथ जनसरोकार के काम भी करना है। हम नहीं चाहते कि ऐसे बच्चे फीस की वजह से उच्च शिक्षा से महरूम रह जाएं। दाखिले में इस कोटे को शुरू करने वाली आईपी यूनिवर्सिटी देश की शायद पहली यूनिवर्सिटी होगी। यूनिवर्सिटी के सातवें अकादमिक परिषद की बैठक में इस कोटे को अकादमिक सत्र 2025-26 से शुरू करने का फैसला ले लिया गया है। इस कोटे से दाखिले लेने वाले छात्र की पूरी फीस माफ कर दी जाएगी। इसके लिए छात्र को यूनिवर्सिटी द्वारा चलाई जा रही वित्तीय सहायता योजना "ईडब्ल्यूएस स्कीम" में सौ फीसदी फीस छूट के लिए आवेदन करना होगा। इस स्कीम के अलावा केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा ऐसे छात्रों के लिए चलाई जा रही विभिन्न वित्तीय सहायता योजनाओं का लाभ भी इन छात्रों को मिले इसके लिए भी यूनिवर्सिटी पूरी कोशिश करेगी।

## खबर संक्षेप

### वाहन से टकराने पर बाइक सवार की मौत



**गुरुग्राम।** भौंडसी थाना एरिया में तेज रफ्तार वाहन से टकराने पर बाइक सवार ज्वैलर्स की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और चालक पर केस दर्ज कर लिया। तावडू में रहने वाले अबु सोहिन ने बताया कि उसका भाई 35 वर्षीय रबाइल इस्लाम ज्वैलरी का काम करता था। वह अपनी बाइक से ज्वैलरी का सामान लेने के लिए दिल्ली गया था।

### युवती ने लगाई 2.75 लाख रुपए की चपत




**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर एरिया में ऑनलाइन सामान मंगवाकर युवती ने दुकानदार को 2.75 लाख रुपए की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में पटौदी के भोकरका निवासी जितेन्द्र ने बताया कि मानेसर बस स्टैंड पर निखार क्लॉटा हाउस के नाम से शॉप है। इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन कलैक्शन का एक पेज बना रखा है।

### रुपए मांगने के मामले में दो फर्जी अधिकारी धराए



**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम पुलिस ने पार्सल में ड्रग्स बताकर रुपए मांगने के मामले में दो फर्जी कस्टम अधिकारी को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एफआईआर की धमकी देते हुए नकली पुलिस अधिकारी से वीडियो कॉल करवाकर डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाया पीड़ित के अकाउंट से बड़ी रकम निकलवा ली। पुलिस में एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि उसके पास एक कॉल आई थी।

# समय रहते जमा कराएं प्रॉपर्टी टैक्स नहीं तो होगी कार्रवाई: कमिश्नर शर्मा

बैठक में क्षेत्रीय कर अधिकारियों के साथ कर विभाग के समस्त कर्मचारियों को भी निर्देश सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा मेहनत के साथ करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

**एडिशनल कमिश्नर ने क्षेत्रीय कर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**



निगम की एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा ने क्षेत्रीय कर अधिकारियों के साथ-साथ पूरे कर विभाग के सभी आईडी चेकर्स और मेकर्स के साथ समीक्षा बैठक की।
बैठक में एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा ने क्षेत्रीय कर अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वह प्रॉपर्टी टैक्स के बकायाधारकों से जल्द से जल्द बकाया प्रॉपर्टी टैक्स को रिकवर कर निगम खाते में जमा कराएं। इसके अलावा उन्होंने निर्देश दिए की प्रॉपर्टी आईडी बनाने में किसी प्रकार की कोई खामी ना आए, जिसकी वजह से आमजन को नगर निगम के चक्कर लगाने पड़े। एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा ने कहा कि सेल्फ सर्टिफिकेशन के कार्य को को भी तेज गति के साथ जल्द पूरा कराएं। उन्होंने निगम क्षेत्र के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि लाल डोरा, आबादी वाली प्रॉपर्टी के कागजातों को निगम कार्यालय में जमा करने के बाद लाभार्थी नगर निगम से सर्टिफिकेट प्राप्त कर एक रुपए में अपने लाल डोरे की प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री करा कर मालिकाना हक ले सकता है।

### लाभार्थी अन्य योजना का लाभ भी उठा सकेंगे

लाभार्थी सरकार की अन्य योजना का लाभ भी उठा सकेगा। इसके लिए निगम द्वारा घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं लेकिन अधिकारियों को बैठक में सख्त निर्देश दिए हैं कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की लाभकारी योजना को सफल बनाने के लिए सभी जॉन के जॉइंट कमिश्नर और क्षेत्रीय कर अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में इस कार्य को जल्द पूरा कराएं। कार्य में लापरवाही मिलती है उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा ने कहा कि नगर निगम को प्राप्त होने वाला टैक्स शहर के विकास में लगाया जाता है।
एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर टैक्स रिकवरी को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। सरकार के निर्देशों पर निगम के सभी जॉन के क्षेत्रीय कर अधिकारियों को प्रॉपर्टी टैक्स रिकवर करने के लिए दिशा निर्देश देते हुए कहा गया है कि यदि उनके किसी भी कार्य में लापरवाही मिलती है तो उनके खिलाफ भी उचित कार्रवाई की जा सकती है।

एनआईटी विधानसभा के पार्षदों के साथ निगम कमिश्नर खड़गटा ने की बैठक

# पीने के पानी और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कराने के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने शुक्रवार को एनआईटी विधानसभा के पार्षदों के साथ निगम मुख्यालय में बैठक के दौरान पार्षदों की समस्याओं को सुनने के बाद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे एनआईटी विधानसभा में पीने के पानी की समस्याओं को दूर करने के लिए कार्य करें, गर्मी का मौसम है और पानी की खपत भी ज्यादा है। इसके अलावा उन्होंने पार्षदों को आश्वासन दिया कि सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जाएगा।

निगमायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने सभी जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे अपने-अपने इलाके में खराब पार्कों को एनकैप स्कीम के अंदर सुंदर बनवा सकते हैं। जिससे आमजन को पार्कों में अच्छा माहौल मिल सके।

निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने एनआईटी विधानसभा के पार्षदों के साथ बैठक में उनकी समस्याओं को सुना और भविष्य के अंदर निगम क्षेत्र में नए एसटीपी प्लांट के साथ-साथ सीटीपी प्लांट की जगह तलाशने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं ताकि शहर को भविष्य में ट्रीटेड पानी मिल सके।

**खास बातें**

- निगमायुक्त ने सभी जनप्रतिनिधियों से कहा कि खराब पार्कों को सुंदर बना सकते हैं
- सीटीपी प्लांट लगने से पूरे शहर को ट्रीटेड पानी मिलने लगेगा



### नालियों के गंदे पानी को एसटीपी लगाकर ट्रीट करने के बाद तालाबों में डाला जाएगा

उन्होंने पार्षदों को अवगत कराया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश भर में चल रही योजनाओं का लाभ नागरिकों को मिल सके उसी दिशा में तालाबों का भी निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं ताकि जहां जरूरत हो वहां पर तालाबों में आने वाले नालियों के गंदे पानी को एसटीपी लगाकर ट्रीट करने के बाद तालाबों में डाला जाए और तालाबों के चारों तरफ ग्रीन एरिया ओर लोगों के घूमने के लिए ट्रैक बनवा सके।
उन्होंने एनआईटी विधानसभा के पार्षदों को भी आश्वासन दिया है कि निगम प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी जनप्रतिनिधियों के साथ सहयोग करते हुए कार्य करेंगे ताकि आमजन को किसी भी कार्य में परेशानी ना आए और हरियाणा सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। एनआईटी विधानसभा के सभी पार्षदों ने लिखित रूप में अपने अधूरे पड़े कार्यो एवं नए कार्यों के लिस्ट भी नगर निगम कमिश्नर को जमा कराई ताकि सभी कार्यों पर अधिकारियों से समीक्षा की जा सके और कार्यों को तेज गति से बढ़ा सकें। बैठक में वार्ड 1 से मुकेश शर्मा, वार्ड 2 राजेश डागर, वार्ड 5 से पार्षद प्रतिनिधि जयवीर खटाना, वार्ड 6 गायत्री देवी, वार्ड 7 से पार्षद प्रतिनिधि सुरेन्द्र भड़ाना, वार्ड 8 से पार्षद प्रतिनिधि राकेश महेश लोहिया, वार्ड 9 से पार्षद प्रतिनिधि नीरज भाटिया, वार्ड 10 भगवान सिंह, वार्ड 11 के पार्षद प्रतिनिधि संदीप भड़ाना मौजूद रहे।

मैनापुर और मोरटा इंडस्ट्रियल एरिया में चला जीडीए का बुलडोजर

# 34 बीघा भूमि में बस रही अवैध कालोनी ध्वस्त की




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देश में शुक्रवार को अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया गया। जिसमें मैनापुर और मोरटा इंडिस्ट्रयल एरिया में 34 बीघा भूमि में बसाई जा रही दो अवैध कालोनियों को ध्वस्त कर दिया गया। प्रभारी प्रवर्तन जोन-3 के नेतृत्व में अनिल कुमार, नवीन कुमार, ओंकारनाथ, लोकेश त्यागी, एस चौहान आदि, खसरा संख्या-277, 276, 279, 282, 283 व 286, गुलधर रेलवे स्टेशन के पास मैनापुर, गाजियाबाद पर लगभग 24 बीघे में विकसित की जा रही कालोनी की सड़क, भूखण्ड की बॉउण्ड्रीवाल को पुनः ध्वस्त किया गया व मोरटा इंडस्ट्रियल एरिया, मेरठ रोड पर पूर्व में लगभग 10 बीघे में विकसित कालोनी के अन्तर्गत सड़क, भूखण्ड की बॉउण्ड्रीवाल इत्यादि को ध्वस्त किया गया।

ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/ निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियंत्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गई। मौके पर उपस्थित लोगो से यह अपील की गई कि अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनी में भूखण्डों का क्रय, विक्रय न करें।

स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय अधिशासी अभियंता, सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियंतागण एवं समस्त सुपरवाईजर/मेट, स्थानीय पुलिस बल, थाना-मधुबन बापूधाम पुलिस बल तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा।

महापौर की अध्यक्षता में निगम अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

# सभी कार्यकारी अभियंता को निर्देश, अगले दो दिन में अपने-अपने इलाके में पार्षदों के साथ करें दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद




महापौर प्रवीण जोशी की अध्यक्षता में शुक्रवार को निगम के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में महापौर ने अधिकारियों को कहा कि उनका सपना स्वच्छ फरीदाबाद तब सफल होगा जब अधिकारी धरातल पर कार्यों का निरीक्षण करें और शहर से सर्वप्रथम सफाई कराकर गंदगी दूर कराएं। बैठक में निगम कमिश्नर धीरेंद्र खडग़टा, एडिशनल कमिश्नर सलोनी शर्मा, एडिशनल म्युनिसिपल कमिश्नर डॉ.विजयपाल यादव, जॉइंट कमिश्नर राजेश कुमार, जॉइंट कमिश्नर द्विजा, चीफ इंजीनियर विवेक गिल सहित अधीक्षण अभियंता ओमवीर सिंहए,स्वास्थ्य अधिकारी नीतीश परवाल और सभी कार्यकारी अभियंता मौजूद रहे। बैठक में महापौर श्रीमती प्रवीण जोशी ने अधिकारियों से पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों पर भी समीक्षा की। महापौर श्रीमती जोशी ने कहा कि स्वच्छ फरीदाबाद बनेगा लेकिन उससे पहले शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त कर गंदगी को दूर कराना होगा। बैठक में महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शहर में विकास कार्यों को जल्द से जल्द शुरू करानें के लिए टेंडर प्रकिया को पूरा कराएं और वर्क ऑर्डर जारी किए जाए, ताकि वार्डों में कार्य शुरू किया जा सके। बैठक में महापौर के निर्देशों पर निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने सभी कार्यकारी अभियंता को आदेश दिए है वे अपने अपने इलाके में दो दिन के अंदर दौरा करें और स्थानीय पार्षद के सहयोग से कार्यों की स्थिति का जायजा ले और जलभराव के स्थानों को चिन्हित कराएं ताकि बरसात से पहले उनका समाधान कराया जा सके।

निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने महापौर को अवगत कराया कि कालोनियों में छोटी-छोटी गलियों के अंदर नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, छोटी गलियों में नालियों की सफाई के लिए छोटी मशीनरी हायर कर सफाई कराने का प्लान तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा शहर को ग्रीन बनाने की दिशा में में निगम प्रयासरत है।

# महिला मकान मालिक के बेटे को लेकर लापता

**गुरुग्राम।** भौंडसी थाना एरिया में किराए पर रहने वाली महिला मकान मालकिन के बेटे को लेकर लापता हो गई। बच्चे की मां ने महिला पर किडनेप करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में लक्ष्मी देवी ने बताया कि उसका 20 साल का बेटा अर्जुन बीती एक जून को खाटू श्याम मंदिर जाने की बात कहकर घर से निकला था। 5 जून को अर्जुन ने फोन पर बताया कि वह नैनीताल में है, लेकिन इसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। लक्ष्मी देवी का आरोप है कि उनके यहां यूपी बुलंद शहर निवासी ललित कुमार की पत्नी किराए पर रहती है। जो उसके बेटे को साथ लेकर गई है। इस बारे में महिला ने ललित से बात की तो उसने बताया कि उसकी पत्नी अर्जुन को लेकर सिकंदराबाद रिश्तेदारी में गई है। उसके साथ चार बच्चे भी हैं। लक्ष्मी देवी का आरोप है कि उसके बेटे को किडनेप किया गया है।

जिलाधिकारी ने किया दिल्ली-सहारनपुर मार्ग का निरीक्षण

# मार्ग की मरम्मत, पंप सेटों की व्यवस्था एवं नालों की सफाई के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

वर्षा के दौरान लोनी में जलभराव के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने दिल्ली-सहारनपुर मार्ग का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने दिल्ली-सहारनपुर मार्ग के उन स्पाट्स को जाकर देखा जहां अत्यधिक जलभराव हो जाता है और आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान लोनी के एसडीएम, लोनी पालिका के ईओ, सिंचाई, एनएचएआई, विद्युत, यमुना प्रदूषण इकाई, जल निगम के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बारिश के मौसम से पहले ही जलभराव से निपटने की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। संबंधित विभागों के अधिकारी अपने-अपने दायित्वों को पूरा करेंगे और कोई भी विभाग एक दूसरे विभाग पर काम न होने की बात नहीं करेगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी विभागों की जिम्मेदारी है कि लोनी-सहारनपुर मार्ग पर जलभराव की स्थिति पैदा न हो। उन्होंने दिल्ली-सहारनपुर मार्ग की मरम्मत, पानी निकालने के लिए पंप सेट और नालों की सफाई के निर्देश दिए।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **रोहित उर्फ बच्चन पुत्रः बहादुर सिंह पताः** जी–22, और पी–22, मस्जिद वाली गली, कृष्ण विहार, नॉगलोई, सुल्तानपुरी, दिल्ली, **FIR No. 746/2021, U/s 356/379 IPC,** थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ बच्चन** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ बच्चन** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 746/2021, U/s 356/379 IPC,** थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रोहित उर्फ बच्चन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
रीतिका जैन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी –05
कोर्ट नं. 105, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7664/OD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 (2) Cr. P.C. देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अखिल वर्मा पुत्र** हरि कृष्ण **निवासीः** म.नं. 1017, दीवान कॉमप्लेक्स-11, जैन कॉलोनी, जौहरीपुर, दिल्ली ने **FIR. No. 525/14 U/s 279/338 IPC. थानाः वेलकम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अखिल वर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अखिल वर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 525/14 U/s 279/338 IPC. थानाः वेलकम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अखिल वर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दिपाक्षी राणा
जेएमएफसी-03, कमरा नं. 19
कड़कड़डूमा कोर्ट शाहदरा, दिल्ली

DP/7346/NE/2025
(Court Matter)


शिकायतों के समाधान में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# सभी विभाग पारदर्शिता के साथ आमजन की समस्याओं का समाधान करें, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई: एडीसी मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



जिला प्रशासन जन शिकायतों के समाधान को लेकर पूरी तरह से सक्रिय और गंभीर है। मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में एडीसी सतबीर मान ने समाधान शिविर, मुख्यमंत्री विंडो एवं एसएमजीटी पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही, ढिलाई या टालमटोल अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एडीसी ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिकायतों का निपटारा केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि हर शिकायत का समाधान समयबद्ध, प्रभावी और पूरी संतुष्टि के साथ किया जाना अनिवार्य है। प्रत्येक विभाग को यह सुनिश्चित करना होगा कि समाधान के उपरांत शिकायतकर्ता से सीधा संवाद स्थापित कर उसकी संतुष्टि प्राप्त की जाए। शिकायत के समाधान के पश्चात प्राप्त फीडबैक को संबंधित पोर्टल पर अपडेट करना भी आवश्यक होगा, ताकि कोई भी शिकायत दोबारा खुलने की स्थिति में न आए। समीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए एडीसी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग समीक्षा बैठक से एक दिन पूर्व अपनी सभी हल की गई शिकायतों को संबंधित पोर्टल्स पर अपडेट कर निपटान श्रेणी में दर्ज करे। इससे यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि समीक्षा के दौरान केवल वास्तविक और लंबित मामलों पर ही चर्चा हो तथा समय की प्रभावी बचत हो।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा विद्यालय शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला | जीएमसी सिंथला, ब्लॉक भुना, जिला फतेहाबाद में नये स्कूल भवन और जीएमएस खाई में लड़कों और लड़कियों के टॉयलेट और लाइब्रेरी, 5एसीआरएस का निर्माण (प्रथम बार आमंत्रण) समय सीमा : 12 माह + 13 कार्य। | 10.06.2025 26.06.2025 | 26,23,02,700/- | www.hsspp.in | 9463239081 civilbranchssa4@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/35627/I/88/7 दि. 13.06.25


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी बावल में फेज-II और III में एक वर्ष हेतु 30 मी. और 60 मी. चौड़े मैटल्ड रोड्स की स्वीपिंग और ठोस कचरे का निपटान। | 13.06.2025 23.06.2025 | 76.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01284-264122 ia.bawal@hsiidc.org.in |
| 2 | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी बावल में फेज-I और IV में एक वर्ष हेतु 30 मी. और 60 मी. चौड़े मैटल्ड रोड्स की स्वीपिंग और ठोस कचरे का निपटान। | 13.06.2025 23.06.2025 | 64.40 लाख | https://etenders.hry.nic..in | 01284-264122 ia.bawal@hsiidc.org.in |
| 3 | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी बावल में फेज-I में डीबीएम और बीसी पैच वर्क द्वारा रोड्स की मरम्मत। | 13.06.2025 19.06.2025 | 12.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01284-264122 ia.bawal@hsiidc.org.in |
| 4 | एचएसआईआईडीसी | आईएमटी बावल में जलघर के कच्चा जल संग्रहण टैंक की मरम्मत। | 13.06.2025 19.06.2025 | 7.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01284-264122 ia.bawal@hsiidc.org.in |
| 5 | एचएसआईआईडीसी | सीएसआर स्कीम के तहत आईएमटी मानेसर में सेक्टर-1 में ईपीसी मोड पर वर्किंग वीमन हॉस्टल का निर्माण और उसके पश्चात 36 माह का डीएलपी। | 16.06.2025 07.07.2025 | 1296.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722590481 rajiv.sharma@hsiidc.org.in |
| 6 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-6 और 7 आईएमटी मानेसर में स्टॉर्म वाटर ड्रेन, रोड क्रॉसिंग, रैम्पस के नीचे और स्थाई तौर पर फिक्स्ड स्लैब कवर्स की क्लीनिंग। | 16.06.2025 23.06.2025 | 13.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722590481 contactus@hsiidc.org.in |
| 7 | एचएसआईआईडीसी | सेक्टर-6 और 7 एचएसआईआईडीसी आईएमटी मानेसर में विभिन्न स्थानों पर रोड (पैच वर्क्स) की मरम्मत। | 16.06.2025 23.06.2025 | 10.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722590481 contactus@hsiidc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/140/35613/I/88/7 दि. 13.06.25

खबर संक्षेप

## रांची में 16 कोरोना पॉजिटिव



**रांची।** कोरोना के बढ़ते मामले को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनहित में संदेश जारी कर लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। राज्य में अब तक 432 सैपलों की जांच में कुल 31 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले है। 31 सैंपलों की जांच में कुल 7 कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। फिलहाल रांची में कुल 16 सक्रीय मरीज हैं। 2 फ्लोर में कोरोना संक्रमितों के लिए 10-10 बेड अलग से रिजर्व रखें गये है।

## युवक ने जीएसटी इंस्पेक्टर बताकर किया निकाह



**बरेली।** बरेली में खुद को कभी जीएसटी, कभी सीमा शुल्क तो कभी पुलिस का इंस्पेक्टर बताकर एक शातिर युवक ने निकाह कर लिया। छह महीने बाद बीवी को पता लगा कि शौहर बेरोजगार है। बारादरी थाने में युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ा तो उसके पास कई वर्दियां बरामद हुईं। उसने कभी बीमार तो कभी बेहोश होने का ड्रामा किया, उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बरेली में सरकारी राशन ले रही पाकिस्तानी महिला



**बरेली।** बरेली में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। बारादरी इलाके में दीर्घकालिक वीजा पर रह रही पाकिस्तानी महिला ने खुद को परिवार की मुखिया दर्शाकर फर्जी राशन कार्ड बनवा लिया और उस राशनकार्ड से राशन भी ले रही थी। महिला का फर्जी आधार कार्ड भी बनवाया गया है। इसका खुलासा होने पर पुलिस ने पाकिस्तानी महिला के खिलाफ बारादरी थाने में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने महिला की निगरानी शुरू कर दी है। बारादरी थाने में तैनात दरोगा सौरभ तोमर ने पाकिस्तान महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# अयोध्या में ऊंची इमारत के निर्माण पर बना नया कानून, मनमानी करने पर जमींदोज होंगे घर

राम मंदिर निर्माण के साथ तेजी से विकसित हो रही अयोध्या में अब मंदिर परिक्षेत्र के आसपास मानक से अधिक ऊंचाई वाले भवनों के निर्माण पर रोक लगा दी गई है। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने शहर को दो जोनों में बांटते हुए निर्माण की अधिकतम ऊंचाई निर्धारित की है।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले में अब राम मंदिर के आसपास मानक से अधिक ऊंचाई वाले भवनों का निर्माण नहीं किया जा सकेगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने ऐसे स्थानों पर सूचना बोर्ड लगा कर आम जनमानस को यह सूचना दी है। बता दें कि राम नगरी में राम मंदिर निर्माण के साथ-साथ संपूर्ण अयोध्या जिले में हजारों करोड़ों रुपए की सैकड़ों योजनाएं और परियोजना वर्तमान में चल रही है। एडीए ने अयोध्या को दो अलग-अलग जोनों में बांटा है।

अयोध्या विकास प्राधिकरण ने राम मंदिर परिक्षेत्र में भवनों के निर्माण की ऊंचाई का मापदंड तय कर दिया है। अब राम मंदिर परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी भवन निर्माणकर्ता अपने आवासी और व्यवसायिक भवन निर्माण की तय की गई ऊंचाई की सीमा से अधिक ऊंचाई में निर्माण नहीं करा सकेंगे। अधिकारियों के अनुसार, अयोध्या धाम क्षेत्र के कई हिस्सों को दो अलग-अलग जोनों में विभाजित किया गया है।

*भवन की अधिकतम ऊंचाई सड़क से मात्र 7.50 मीटर तक ही हो सकेगी*



### तय हुई भवन निर्माण ऊंचाई की सीमा

इनको जोन-1 और जोन-2 नाम से चिंहित किया गया है. इन क्षेत्रों में अब भवन निर्माण के लिए तय मानक ऊंचाई से अधिक भवनों के निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी. जोन-1 क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले किसी भी नए भवन की अधिकतम ऊंचाई सड़क से मात्र 7.50 मीटर तक ही हो सकेगी, जबकि जोन-2 क्षेत्र में यह सीमा 15 मीटर निर्धारित की गई है. यह निर्णय अयोध्या मास्टर प्लान 2031 के तहत लिया गया है, जिसका उद्देश्य राम नगरी की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर की गरिमा को बनाए रखना और अत्यधिक शहरीकरण पर नियंत्रण करना है।

### शिक्षित युवाओं को खोजकर 5 लाख रुपए का ऋण देकर आत्मनिर्भर बन रहा प्रदेश

# सीएम युवा योजना बन रही मिसाल, पढ़े-लिखे योग्य युवाओं के दरवाजे खुद पहुंच रही योगी सरकार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार की सीएम युवा योजना अब सिर्फ योजना नहीं, बल्कि स्वरोजगार की नई क्रांति बनकर उभर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुसार, इस योजना के अंतर्गत अब सरकार स्वयं योग्य और शिक्षित युवाओं को खोजकर उन्हें 5 लाख रुपए तक का ऋण देकर आत्मनिर्भर बनाने जा रही

उत्तर प्रदेश सरकार की सीएम युवा योजना अब सिर्फ योजना नहीं, बल्कि स्वरोजगार की नई क्रांति बनकर उभर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुसार, इस योजना के अंतर्गत अब सरकार स्वयं योग्य और शिक्षित युवाओं को खोजकर उन्हें 5 लाख रुपए तक का ऋण देकर आत्मनिर्भर बनाने जा रही है। इस योजना के तहत विशेष अभियान चलाकर प्रत्येक जनपद में अधिकारियों की टीम विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में जाकर ऐसे युवाओं को चिन्हित करेगी, जो या तो ग्रेजुएशन के अंतिम वर्ष में हैं या पढ़ाई पूरी करने के बाद भी बेरोजगार हैं। उन्हें चिह्नित कर योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का लोन बिना ब्याज और बिना गारंटी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वो स्वरोजगार से जुड़कर दूसरों के लिए भी रोजगार का प्रबंध कर सकें।

### प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की योजना शुरू



प्रदेश के युवाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू की गई इस योजना को और गति देने के लिए अधिकारियों को भी विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके तहत, निर्यात भवन लखनऊ में दो दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया है, जिसमें कैपेसिटी बिल्डिंग पर जोर दिया जा रहा है। इस कार्यशाला में अधिकारियों को सीएम युवा पोर्टल को अधिक यूजर फ्रेंडली और उपयोगी बनाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। कैपेसिटी बिल्डिंग के अंतर्गत अब अधिकारियों की क्वेरीज के आधार पर फोकस्ड और टारगेटेड प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही प्रशिक्षित अधिकारी कॉलेजों में जाकर योजना को जमीनी स्तर पर लागू करेंगे।

### 5 लाख तक का लोन बिना गारंटी मिलेगा

सीएम युवा योजना अब नौकरी ढूंढने के दौर को बदलते हुए नौकरी देने वाले युवाओं को तैयार कर रही है। 5 लाख तक का लोन बिना गारंटी के मिलेगा। इसके तहत अब तक 53 हजार से अधिक युवाओं के ऋण आवेदनों को स्वीकृत करते हुए 40 हजार को लोन वितरित भी किया जा चुका है। माध्यम से लोन के लिए अब तक 2.5 लाख युवाओं ने आवेदन किया है, जिनमें से 1.10 लाख से अधिक आवेदनों को बैंकों को फॉर्वर्ड किया गया है।

### युवा कर सकेंगे खुद का व्यवसाय

सीएम युवा योजना के नोडल अधिकारी ज्वॉइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज सर्वेश्वर शुक्ला के अनुसार, योगी सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि इस योजना से सभी योग्य, शिक्षित और प्रगतिशील सोच वाले युवाओं को जोड़ा जाए ताकि वे खुद का व्यवसाय स्थापित कर न केवल खुद को बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे सकें. सरकार चाहती है कि युवाओं को 'बेरोजगार' की जगह 'स्वरोजगार' के रास्ते पर लाया जाए. योजनाओं के तहत संबंधित ट्रेड में उन्हें 5 लाख रुपए तक का लोन और तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाएगा, जिससे उनका स्टार्टअप या व्यवसाय सफल हो सके। इसके लिए इसी माह से टीमें गठित कर सभी 75 जनपदों में अभियान चलाया जाएगा।

### युवा रोजगार से जुड़कर दूसरे के लिए भी रोजगार का प्रबंध कर सकेंगे

*सीएम युवा योजना के नोडल अधिकारी ज्वॉइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज सर्वेश्वर शुक्ला के अनुसार, योगी सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि इस योजना से सभी योग्य, शिक्षित और प्रगतिशील सोच वाले युवाओं को जोड़ा जाए ताकि वे खुद का व्यवसाय स्थापित कर न केवल खुद को बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे सकें। सरकार चाहती है कि युवाओं को 'बेरोजगार' की जगह 'स्वरोजगार' के रास्ते पर लाया जाए। योजनाओं के तहत संबंधित ट्रेड में उन्हें 5 लाख रुपए तक का लोन और तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाएगा, जिससे उनका स्टार्टअप या व्यवसाय सफल हो सके। इसके लिए इसी माह से टीमें गठित कर सभी 75 जनपदों में अभियान चलाया जाएगा। यूनिवर्सिटीज, डिग्री कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज समेत उच्च शिक्षण संस्थाओं में ऐसे युवाओं की तलाश होगी, जो अपने प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारने के लिए आर्थिक मदद की तलाश में हों। ऐसे युवाओं को प्रोत्साहित कर उन्हें बिना ब्याज और बिना गारंटी के 5 लाख तक का लोन उपलब्ध कराया जाएगा।*

### चुनाव को लेकर राजनीतिक बिसात बिछने लगी

# एक्जिट पोल के सर्वे में दावा बनेगी महागठबंधन की सरकार

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक बिसात बिछने लगी है। नवंबर से पहले चुनाव होना तय है। इसी बीच एक ओपिनियन पोल आया है। जिसके आकंड़े चौंकाने वाले हैं। पोल ट्रैकर के सर्वे मुताबिक इस बार इंडिया गठबंधन से आगे निकल सकता है।

**महागठबंधन को 44.2 प्रतिशत वोट मिलने की संभावना-** पोल ट्रैकर सर्वे के मुताबिक तेजस्वी यादव इस बार इंडिया गठबंधन की सरकार बना सकते हैं। महागठबंधन (कांग्रेस, राजद, वामदल, वीआईपी) को बिहार विधानसभा चुनाव में 44.2 फीसदी वोट मिल सकते हैं, जबकि भाजपा और जदयू गठबंधन को 42.8 वोट मिल सकते हैं।



### महागठबंधन को मिल सकती हैं 126 सीटें

बिहार विधानसभा में कुल 243 सीटें हैं। बहुमत का आकंड़ा 122 है। पोल ट्रेकर ने अपने सर्वे में बताया कि इंडिया गठबंधन इस बार सरकार बना सकती है। सर्वे के मुताबिक इंडिया गठबंधन को 126 सीटें मिल सकती है। तेजस्वी यादव राज्य के सीएम बन सकते हैं। दूसरी ओर भाजपा और जदयू गठबंधन 112 सीटों पर सिमट सकता है।

### नीतीश के कोर वोट को साधने की कवायद में तेजस्वी

तेजस्वी यादव बिहार में सीएम नीतीश के सोशल कॉम्बिनेशन को साधने में जुट गए हैं। नीतीश के लव कुश समीकरण को तोड़ने के लिए राजद ने औरंगाबाद से सांसद अभय कुशवाहा को लोकसभा में राजद संसदीय दल का नेता घोषित किया है। इसी तरह वह कुर्मी समुदाय में भी पैठ बना रहे हैं।

### तेजस्वी पहले और नीतीश दूसरे नंबर पर

सर्वे के मुताबिक बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व राजद नेता तेजस्वी यादव सीएम फेस के लिए पहली पसंद बताए जा रहे हैं। तेजस्वी के पक्ष में 43 फीसदी लोगों ने मत दिया है। सत्ता पर काबिज नीतीश कुमार दूसरे पायदान पर हैं। 31 फीसदी लोग नीतीश कुमार को पसंद करते हैं। जनसुराज के संयोजक प्रशांत किशोर तीसरे नंबर पर हैं।

## पेज एक का शेष

### हत्या के बाद सोनम ने इंदौर...

तौर पर रामपुर के ही एक गांव का रहने वाला है। दरअसल, सोनम को भनक लग गई थी कि राजा की हत्या से जुड़े कुछ सबूत पुलिस को मिल गए हैं और इसीलिए उसने इंदौर छोड़ दिया। हालांकि, जब 8 जून को उसे अपने साथियों की गिरफ्तारी का पता चला तो वह गाजीपुर पहुंची और लूट की फर्जी कहानी सुनाकर पुलिस के सामने आई।

**फ्लैट पर आकर मिलता था राज :** इंदौर में रहने के दौरान राज कुशवाहा लगातार उससे मिलने आता था। सोनम से मुलाकात के बाद वह उसके पिता की प्लाईवुड फैक्ट्री में जाता और इसलिए उसे ऑफिस पहुंचने में देर भी हो जाती थी। उधर, अपनी बहन और जीजा की तलाश में शिलॉन्ग गए सोनम के भाई गोविंद को जब यह बात पता चली तो उन्होंने फोन पर राज से देर से आने का कारण भी पूछा था।

### चक्कर में पड़ते अपराधी...

अपराध नेटवर्क वित्तीय अपराधों के लिए डिजिटल टूल्स और तकनीकों का इस्तेमाल कर रहा था।

**सीबीआई ने 10 स्थानों पर ली तलाशी :** सीबीआई ने मुंबई, पुणे, नासिक, दिल्ली, हिसार और लखनऊ में 10 स्थानों पर तलाशी ली। इस दौरान पर्याप्त मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई, जिसमें डिजिटल डिवाइस, बैंक खातों की जानकारी और अन्य दस्तावेज शामिल हैं। मुंबई में गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के पास से सीबीआई ने साइबर अपराध से जुड़े सबूतों के साथ-साथ निवेश धोखाधड़ी से संबंधित सामग्री जब्त की।ऑपरेशन चक्रः यह सीबीआई की एक विशेष पहल है, जिसका उद्देश्य साइबर अपराध नेटवर्क को ध्वस्त करना है। इससे पहले, अप्रैल 2025 में ऑपरेशन चक्र-V के तहत सीबीआई ने चार लोगों को गिरफ्तार किया था, जिनमें दो मुंबई और दो मुरादाबाद से थे। उस मामले में एक पीड़ित को तीन महीने तक डिजिटल अरेस्ट में रखकर 7.67 करोड़ रुपये ठगे गए थे। 5 मई को भी सीबीआई ने मुंबई में दो और लोगों को इसी डिजिटल अरेस्ट मामले में गिरफ्तार किया था, जिससे कुल गिरफ्तारियों की संख्या छह हो गई थी। मुंबई में गिरफ्तार व्यक्ति को झुंझुनू, राजस्थान की एक अदालत में पेश किया गया, जहां उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। सीबीआई इस नेटवर्क के अन्य सदस्यों और इसकी पूरी कार्यप्रणाली को उजागर करने के लिए जांच को और गहरा कर रही है।

**देशभर में डिजिटल अरेस्ट की घटनाएं बढ़ी :** देशभर में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर लोगों को डरा धमकाकर जिस तरह से वसूली की घटनाएं बढ़ी हैं उसने केंद्र सरकार को भी सकते में डाल दिया है। तमाम कोशिशों के बाद भी न तो पढ़े लिखे लोगों में जागरुकता बढ़ पा रही है न ही आरोपियों की धड़पकड़ में तेजी आई है। यही वजह है कि सीबीआई ने अब इस मामले में बेहद तेज गति से काम करना शुरू किया है। डिजिटल अरेस्ट एक नया और बढ़ता हुआ साइबर अपराध है, जिसमें ठग खुद को सीबीआई, ईडी, या अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को डराते हैं। वे वीडियो/ऑडियो कॉल के जरिए पीड़ितों को डिजिटल अरेस्ट में रखते हैं और पैसे की उगाही करते हैं। पिछले साल शुरूआत के केवल तीन महीने में भारतीय नागरिकों ने इस तरह के अपराधों में 120.30 करोड़ रुपये की बड़ी रकम गंवाई।

### भाजपा सांसद, विधायक ...

महामंत्री बीएल संतोष के साथ केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, सीआर पाटिल, शिवराज सिंह चौहान, सावित्री ठाकुर, डीडी उईके और एल मुरुगन सहित सभी कैबिनेट मंत्री उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, महेंद्र सिंह और शिवप्रकाश भी विभिन्न सत्रों में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

**सांसद, विधायक लगाएंगे एक-एक पौधा :** शर्मा ने बताया कि पचमढ़ी में सभी सांसद, विधायक 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण करेंगे। प्रशिक्षण शिविर में सैद्धांतिक, व्यावहारिक, कई विषयों पर सत्र होंगे। भाजपा किस तरह से देश में काम कर रही है। संगठन तंत्र की मजबूती के साथ हम कहते हैं कि भाजपा संगठन तंत्र के आधार पर काम करने वाला विशिष्ट दल है। शर्मा ने बताया कि शिविर स्थल पर एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की उपलब्धियां दिखाई जाएंगी। इसके साथ ही जनसंघ से लेकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर वर्तमान तक पार्टी की यात्रा को भी दिखाया जाएगा।

**ब्रेक के दौरान ही कर सकेंगे मोबाइल का उपयोग :** प्रशिक्षण वर्ग में विधायकों, सांसदों को मोबाइल फोन इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होगी। प्रतिभागियों के मोबाइल उनके नाम के स्टिकर लगाकर साइलेंट मोड पर एक जगह रख दिए जाएंगे। सत्रों के बाद ब्रेक के दौरान ही प्रशिक्षणार्थी विधायक, सांसद अपने मोबाइल पर बात कर सकेंगे। प्रशिक्षण वर्ग में मंत्रियों, विधायकों और सांसदों को अलग-अलग सत्रों में पब्लिक डीलिंग, मोबाइल मैनेजमेंट, टाइम मैनेजमेंट से लेकर पार्टी की रीति-नीति और सफरनामे की जानकारी दी जाएगी।

### भारत के विदेश सचिव ने...

के शीर्ष अधिकारियों के बीच हुई संभवतः यह पहली मुलाकात थी।

**सीधी उड़ान सेवाओं का होगा आगाज :** मंत्रालय ने बताया कि इस मुलाकात में विदेश सचिव विक्रम मिस्री और सुन वेईडोंग ने मौजूदा साल के शुरुआती महीने में 27 जनवरी को बीजिंग में हुई अपनी बैठक में द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए तमाम घटनाक्रमों की समीक्षा की। साथ ही दोनों देशों के आमजन पर केंद्रित गतिविधियों को प्राथमिकता के साथ केंद्र में रखकर लगातार संबंधों को स्थिरता के साथ पुनर्निर्माण करने पर सहमति जताई गई। भारत-चीन सीधी उड़ान सेवा की शुरुआत के मामले में शामिल कदमों में तेजी लाने पर भी राजी हुए। विदेश सचिव ने भारत और चीन के बीच जल्द ही हवाई सेवाओं से जुड़ा एक नया समझौता होने की उम्मीद जताई। साथ ही वीजा सुविधाओं और मीडिया, थिंक टैंक के आदान-प्रदान को लेकर भी दोनों पक्ष भावी वक्त में व्यवहारिक कदम उठाने को लेकर सहमत हुए।

**चीनी बयान का सार :** वहीं, चीन के विदेश मंत्रालय ने सुन वेईडोंग के बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों पक्षों के केंद्रित प्रयासों से बदलाव और विकास होगा। दोनों को पिछले साल अक्टूबर महीने में शीर्ष नेताओं की बैठक में उनके बीच बनी आपसी समझ का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच लगातार राजनीतिक आपसी विश्वास बढ़ाने की आवश्यकता है। आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और अन्य क्षेत्रों में एक साथ सहयोग, सेनाओं की वापसी और मतभेदों के मामले को सही प्रकार से संभाला जाना चाहिए। दोनों देशों को अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय शांति, स्थिरता, विकास और समृद्धि को बनाए रखने के लिए संयुक्त रूप से रचनात्मक भूमिका निभाई चाहिए। वेईदोंग ने कहा कि भारत ने चीन को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की अध्यक्षता के लिए अपने सहयोग की प्रतिबद्धता को दोहराया। भारत-चीन सीमा के विषय पर विशेष प्रतिनिधियों की 24वीं बैठक की तैयारी कर रहे हैं।

### दो समुदायों के बीच तनाव

# श्रमिक को यमुना में डुबो-डुबोकर पीटा, अधमरा कर रेत में दबाया

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के शामली जिले के झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव बल्हेड़ा में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक दलित श्रमिक को चार लोगों ने रात के अंधेरे में यमुना नदी किनारे ले जाकर डुबो-डुबोकर लाठी-डंडों से पीटा। पीड़ित जितेंद्र (30) पुत्र जब्बार को अधमरा कर रेत में आधा शरीर दबाकर रस्सी से बांध दिया गया और आरोपी फरार हो गए। पीड़ित की पत्नी पिंकी के अनुसार, 11 जून की रात करीब 9 बजे गांव के ही सद्दाम और मंगा उसके पति को घर से बुलाकर ले गए। रास्ते में दो और युवक उनसे आ मिले। इन चारों ने यमुना किनारे ले जाकर न सिर्फ जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया, बल्कि लाठियों से बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए नदी में डुबो-डुबोकर तड़पाया। हमले के बाद आरोपियों ने जितेंद्र को मरणासन्न हालत में रेत में गाड़ दिया और रस्सी से बांधकर भाग निकले। रातभर जब वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों को चिंता हुई। अगले दिन सुबह पुलिस को सूचना दी गई और तलाश शुरू हुई। परिजन जब यमुना किनारे पहुंचे तो रेत में दबा हुआ जितेंद्र उन्हें मिला।

स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से युवक को बाहर निकाला गया और गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि झिंझाना थाने पर रिपोर्ट देने के बावजूद पुलिस ने शुरुआत में मामूली मारपीट मानते हुए केस दर्ज नहीं किया। बाद में परिजन घायल को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे। एसपी रामसेवक गौतम के निर्देश पर पुलिस ने शुक्रवार को पीड़ित की पत्नी पिंकी की तहरीर पर सद्दाम, मंगा और दो अज्ञात के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट और आपीसी आईपीसी संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

### रांची में एक्स आर्मी मैन के यहां पुलिस की रेड

# पलंग से बिस्तर हटाया तो 500 के 29 नकली नोट मिले

एजेंसी ▶▶ रांची

लोअर बाजार थाना क्षेत्र में जाली नोट के एक बड़े कारोबार का भंडाफोड़ करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 500 मूल्य के 37 जाली नोट बरामद किए हैं। डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया और किशोर की निशानदेही पर कालीनगर थाना नामकुम निवासी सुभाष प्रसाद के घर छापेमारी की। वहां से पुलिस ने बिछावन के नीचे रखे 29 पीस नकली नोट बरामद किए।



पुलिस को यह सफलता जमाल नाम के व्यक्ति द्वारा दिए गए एक आवेदन के बाद मिली। जमाल ने पुलिस को बताया कि उसकी सुधा कॉम्प्लेक्स स्थित मोबाइल की दुकान पर एक लड़का आया था, जिसने 3500 रुपया का एक मोबाइल खरीदा और भुगतान में 500 रुपया के सात जाली नोट दिए। जमाल ने जब नोटों को ध्यान से देखा, तो उसे पता चला कि सभी नोट नकली थे और कई नोटों का सीरियल नंबर एक ही सीरीज का था।

उसके बाद उसने तुरंत अन्य दुकानदारों को इसकी सूचना दी और किशोर से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान किशोर ने बताया कि उसके पिता सुभाष प्रसाद के पास, कालीनगर थाना नामकुम स्थित उनके घर पर, इसी तरह के और भी जाली नोट रखे हुए हैं। इस जानकारी के आधार पर पुलिस की टीम ने तुरंत सुभाष प्रसाद के कालीनगर स्थित घर पर छापा मारा। तलाशी के दौरान पुलिस को सुभाष प्रसाद के बिस्तर के नीचे से 500 मूल्य के 29 जाली नोट बरामद हुए।

### राजगीर अकादमी में दीक्षांत समारोह संपन्न

# बिहार को मिले 26 नए पुलिस उपाधीक्षक

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार पुलिस अकादमी राजगीर में शुक्रवार एक महत्वपूर्ण दिन था, जब 67वीं बैच के प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षकों का दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महानिदेशक ए.के. अंबेडकर ने मुख्य परेड की सलामी लेते हुए राज्य को 26 नए योग्य पुलिस उपाधीक्षक सौंपे।



### नवनियुक्त अधिकारियों की सूची

इस बैच में शामिल नए डीएसपी में मिथिलेश कुमार तिवारी, मोहम्मद शाहनवाज अख्तर, पौरुष अग्रवाल, ज्योति कुमारी, अभिषेक कुमार, खालिद हयात, समीर कुमार, राजन कुमार, हर्षिता रश्मि, स्नेही सोनल, मोहम्मद अब्दुल रहमान, अमरजीत तिवारी, रोशन कुमार, ईशानी सिंह, सन्नी दयाल, अंकित कुमार, अभिनव कुमार, विनय रंजन, अभिषेक चौबे, तरुण पांडे, चित्रा कुमारी, देवाशीष हंस, पिंकी कुमारी, फैसल चांद, शिवानी श्रेष्ठा और ऋषभ आनंद शामिल हैं।

### डीजी अंबेडकर ने दिए व्यावहारिक सुझाव

समारोह को संबोधित करते हुए डीजी अंबेडकर ने अपने 33 वर्षीय सेवा अनुभव को साझा करते हुए नवनियुक्त अधिकारियों को व्यावहारिक सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि दो साल पहले जब वे 113 पुलिस अधीक्षकों के दीक्षांत समारोह में आए थे, तब से अकादमी के परिसर में व्यापक सुधार देखने को मिला है। आज के दीक्षांत समारोह में 67वीं बैच के डायरेक्टली रिक्रूटेड पुलिस अधीक्षकों को सबसे पहले मैं प्रशिक्षण के बाद एक सुखद समापन और एक बेहतरीन परेड के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा।



# 27 साल बाद धर्मेंद्र के साथ काम करेंगे अरबाज खान

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र और एक्टर अरबाज खान एक बार फिर एक ही फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं। फिल्म 'मैंने प्यार किया फिर से' में दोनों साथ नजर आएंगे। लगभग 27 साल बाद दोनों कलाकार एक साथ सिल्वर स्क्रीन शेयर करेंगे। इससे पहले ये जोड़ी साल 1998 की सुपरहिट फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' में साथ नजर आई थी। धर्मेंद्र और अरबाज के इस मच अवेटेड रियूनियन ने फैंस के बीच खासी उत्सुकता बढ़ा दी है। फिल्म का मुहूर्त हाल ही में मुंबई में बड़े ही भव्य अंदाज में खत्म हुआ। इस मौके पर कई जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की, जिनमें राजपाल यादव, विद्या मालवड़े, गणेश आचार्य, कंगना शर्मा, और सिंगर उदित नारायण जैसे नाम प्रमुख रहे। खास बात यह रही कि उदित नारायण ने इस मौके पर फिल्म का एक अनरिलीज गाना भी प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर सभी लोग झूम उठे। धर्मेंद्र ने फिल्म को लेकर उत्साह जताते हुए कहा कि ये फिल्म उनके लिए 'मिक्स वेज' की तरह है, जिसमें भरपूर मनोरंजन और अलग-अलग रंग हैं।

## लाइफ Style

# दिशा

## 10 साल के कॅरियर में कीं 12 फिल्में

दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी खूबसूरती की वजह से छाई रहती हैं। इसके अलावा उनका फिल्मी कॅरियर भी शानदार रहा है। लगभग 10 वर्षों से सिनेमाई दुनिया में अभिनेत्री अपने अभिनय का जादू बिखेर रही हैं। 13 जून को एक्ट्रेस ने अपना 33वां जन्मदिन मनाया।

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने अपने सिनेमाई कॅरियर की शुरुआत साल 2015 में एक तेलुगु फिल्म  लोफर  से की थी। इस फिल्म का निर्देशन पुरी जगन्नाथ द्वारा किया गया था, जिसमें अभिनेत्री ने मौनी का किरदार निभाया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी। इस फिल्म में वरुण तेजा भी मुख्य भूमिका में थे। शुरुआती करियर में ही अभिनेत्री को खराब दिनो का सामना करना पड़ा। साल 2016 में अभिनेत्री 'एम एस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी' फिल्म में नजर आईं। यह उनकी दूसरी और बॉलीवुड इंडस्ट्री में पहली फिल्म थी। सुशात सिंह राजपूत अभिनीत यह फिल्म भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी के संघर्षों पर बनी थी। फिल्म में अभिनेत्री ने प्रियंका झा की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया था।

वहीं बजट की बात करें तो, 104 करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लगभग 200 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म में शानदार अभिनय के लिए अभिनेत्री को कई अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। इसी कड़ी में उन्हें बेस्ट फिमेल डेब्यू (आइफा) का भी खिताब मिला था। अपनी दूसरी फिल्म की सफलता के बाद दिशा पाटनी, जैकी चैन की फिल्म 'कुंग फू योगा' में नजर आईं। इस फिल्म में एक्ट्रेस ने अश्मिता की भूमिका अदा की थी।



## हॉलीवुड मसाला



# इन सेलेब्स के हुए सबसे महंगे तलाक

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता मेल गिब्सन का तलाक भी खासा चर्चित रहा। 2011 में उनकी पत्नी रॉबिन मूर को लगभग 425 मिलियन डॉलर यानी 3,527.5 करोड़ रुपए का सेटलमेंट मिला था। इस तलाक को अब तक के सबसे महंगे हॉलीवुड तलाकों में गिना जाता है। 'ब्रैजलिना' के नाम से मशहूर ब्रैड पिट और एंजेलिना जोली का तलाक लंबे समय तक मीडिया की सुर्खियों में रहा। दोनों के बीच बच्चों की कस्टडी और प्रॉपर्टी को लेकर कानूनी लड़ाई काफी समय तक चली। कहा जाता है कि एंजेलिना ने कम से कम 100 मिलियन डॉलर यानी करीब 830 करोड़ रुपए  की मांग की थी। जेफ बेजोस हॉलीवुड से नहीं हैं, लेकिन उनकी और मैकेंजी की तलाक की खबर ने पूरी दुनिया को हिला दिया था। इस तलाक में मैकेंजी को करीब 38 बिलियन डॉलर यानी करीब 3 लाख करोड़ रुपए मिले थे।



# जस्टिन ने शेयर की क्रिप्टिक पोस्ट

**लॉस एंजिल्स।** कुछ दिन पहले सिंगर जस्टिन बीबर ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने तलाक की अफवाहों को गलत बताया था। जस्टिन ने अपनी पोस्ट में लिखा था, 'सब ब्लाइंड आइटम हैं यानी सिर्फ झूठ है। जस्टिन ने यह भी कहा कि ऐसी बातें उन्हें काफी दुख पहुंचाती हैं। हाल ही में जस्टिन ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट की है, जिसमें वह माफी को लेकर बात कर रहे हैं। क्या है माफी और उनकी तलाक की अफवाहों का कनेक्शन। जस्टिन बीबर ने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में एक पोस्ट साझा की है, जिसमें उनकी एक तस्वीर है और उस पर लिखा है, 'इस जिंदगी का सबसे बड़ा राज है, माफी या माफ कर देना।' क्या इस मैसेज के जरिए वह अपनी पत्नी हेली से माफी मांग रहे हैं। क्या इसका कोई और मतलब है। दरअसल, पिछले दिनों एक इंटरव्यू में जस्टिन ने कहा था कि उन्होंने अपनी पत्नी का दिल दुखाया है।  जस्टिन बीबर ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह कहीं हंस रहे हैं, कहीं चुपचाप नजर आ रहे हैं। ये तस्वीरें जब सोशल मीडिया पर वायरल हुईं तो जस्टिन के फैंस को चिंता होने लगी कि वह ठीक हैं या नहीं।



# अल्फा में आलिया-शरवरी मचाएंगी धमाल

**मुंबई।** वाईआरएफ की पहली महिला प्रधान स्पाई यूनिवर्स फिल्म अल्फा को लेकर ताजा जानकारी सामने आई है कि इस फिल्म में एक शानदार गाना होगा, जो कि आलिया भट्ट और शरवरी वाघ पर फिल्माया जाएगा। इस गाने में दोनों अभिनेत्रियों का अंदाज सबसे निराला होगा। एक खबर के मुताबिक, आलिया भट्ट और शरवरी वाघ फिल्म अल्फा  में एक बड़े बजट वाले गाने में नजर आएंगी। यह गाना बेहद ग्लैमरस और जोश से भरा होगा, जिसमें दोनों अभिनेत्रियां एक साथ धमाकेदार परफॉर्मेंस करेंगी। अल्फा के इस गाने के लिए आलिया और शरवरी एक नए अंदाज में दिखेंगी, जिसे दर्शकों ने आज तक नहीं देखा होगा। बहरहाल, दोनों ही अभिनेत्रियां स्टूडियो में इस गाने की घंटों रिहर्सल कर रही हैं और जिम में जमकर पसीना बहा रही हैं, ताकि यह गाना शानदार बने।



# ओमंग की फिल्म में राणे आएंगे नजर

**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे ने हाल ही में अपनी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' की शूटिंग पूरी की, जिसमें सोनम बाजवा भी नजर आएंगी। हर्षवर्धन राणे ने अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर सोशल मीडिया पर खास जानकारी शेयर की है। इस दौरान हर्षवर्धन ने अपनी कई तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कीं और एक दिलचस्प नोट भी लिखा। अभिनेता हर्षवर्धन राणे अब अपने अगले प्रोजेक्ट की तैयारी में जुट गए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि जुलाई से वे निर्देशक ओमंग कुमार की नई फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। इसके साथ ही, उनकी एक मनोविज्ञान की परीक्षा भी जल्द होने वाली है। हर्षवर्धन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'एक दीवाने की दीवानियत' की शूटिंग पूरी कर ली, एक हफ्ते में परीक्षा है और फिर अगली फिल्म की शूटिंग जुलाई से शुरू होगी।

## टीवी मसाला



# कपिल शर्मा को मेरे कारण मिला था कॉमेडी शो : सिद्धू

**नई दिल्ली।** हाल ही में क्रिकेटर और कपिल शर्मा के कॉमेडी शो में कई बार जज के तौर पर नजर आ चुके नवजोत सिंह सिद्धू ने बताया कि पहली बार वह द कपिल शर्मा शो   के जज कैसे बने? साथ ही उनके कारण ही यह शो कपिल को मिला था। हाल ही में नवजोत सिंह सिद्धू ने बताया कि सालों पहले कपिल को सिंगल शो देने से पहले चैनल की एक शर्त रखी थी। सिद्धू कहते हैं, कपिल मेरे पास आया और बोला कि पाजी, मेरी एक रिक्वेस्ट है। अगर आप मेरे शो का हिस्सा बनने के लिए राजी हो जाते हैं तो चैनल वाले मुझे एक अलग शो देंगे।  बाद में चैनल वालों से सिद्धू मिले और बात बन गई। इसी शो के बाद कपिल बतौर कॉमेडियन टीवी पर काफी फेमस हो गए। नवजोत सिंह सिद्धू आगे कहते हैं,  कपिल  द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज  से मशहूर हुआ। बाद में  कॉमेडी सर्कस  किया। लेकिन, कपिल को बड़ी पहचान नहीं मिली। फिर जब उसे सहारे की जरूरत थी तो मैंने उसका साथ दिया।  जल्द ही 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा' का तीसरा सीजन शुरू होगा। इस बार जज या खास गेस्ट के तौर नवजोत सिंह सिद्धू भी शो में नजर आएंगे। साथ ही अर्चना पूरन सिंह भी शो का हिस्सा होंगी। वह पिछले सीजन से इस शो का हिस्सा हैं। यह शो 21 जून से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा।

# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' सीरियल से हिट हुए कई एक्टर्स

**नई दिल्ली।** 25 साल पहले टीवी पर सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी काफी मशहूर हुआ। इस सीरियल के जरिए कई एक्टर्स भी आगे चलकर टीवी के नामी सितारे बन गए।  स्मृति ईरानी आज पॉलिटिक्स में सक्रिय हैं। मगर टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में वह तुलसी विरानी का किरदार निभाकर घर-घर मशहूर हुईं। आज भी इस किरदार के नाम से उन्हें पहचाना जाता है।  इसमें रोनित रॉय ने मिहिर विरानी का रोल निभाया था। इस सीरियल के बाद वह कई हिट टीवी सीरियल का हिस्सा बने। इन दिनों फिल्मों में भी अलग-अलग तरह के किरदार निभाकर काफी मशहूर हो चुके हैं।   जया भट्टाचार्य ने इस सीरियल में पायल का किरदार निभाया था। यह सीरियल में नेगेटिव रोल था। आगे चलकर भी जय भट्टाचार्य ने कई टीवी सीरियल में पॉपुलर नेगेटिव रोल निभाए हैं। आज मौनी रॉय फिल्मों में एक्टिंग कर रही हैं। साथ ही टीवी सीरियल नागिन के जरिए उन्हें पहचाना जाता है।



# संजय संग कैसे शुरू हुई करिश्मा की लव स्टोरी?

## आगे चलकर क्यों जुदा हुईं राहें

**मुंबई।** गुरुवार को करिश्मा कपूर के पूर्व पति संजय कपूर के निधन की खबर सामने आई। महज 53 साल की उम्र में हार्ट अटैक से उनका निधन हुआ है। संजय और करिश्मा का सालों पहले तलाक हो गया था। लेकिन, इनकी लव स्टोरी कैसे शुरू हुई? यह जोड़ा अलग क्यों हुआ? इस बारे में हम आपको बता रहे हैं?

करिश्मा कपूर और अभिषेक बच्चन की सगाई की घोषणा साल 2002 में की गई थी। यह घोषणा अमिताभ बच्चन के 60वें जन्मदिन पर हुई। लेकिन, साल 2003 में करिश्मा ने अभिषेक बच्चन से सगाई तोड़ी ली। इसके कुछ महीनों बाद अचानक करिश्मा कपूर ने एक नामी बिजनमैन संजय कपूर से शादी कर ली। करिश्मा कपूर और संजय कपूर ने साल 2014 में तलाक की अर्जी दी। साल 2016 में इनका तलाक फाइनल हो गया। इनकी राहें जुदा हो गईं। लेकिन, तलाक होने से पहले दोनों ने तरह-तरह की आरोप एक-दूसरे पर लगाए। संजय, करिश्मा कपूर को किसी तरह का फाइनेंशियल सपोर्ट नहीं देना चाहते थे। साथ ही उनका आरोप था कि करिश्मा ने उनसे पैसों के लिए शादी की। इस बात को करिश्मा ने नाकार दिया। तलाक के बाद करिश्मा ने संजय कपूर के बारे में कई बातें साझा कीं।



## लव या अरेंज हुई मैरीज?

अभिषेक बच्चन से सगाई टूटने के बाद करिश्मा ने जल्द ही मूव ऑन कर लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार संजय कपूर से करिश्मा कपूर की शादी एक अरेंज मैरीज थी। करिश्मा कपूर, संजय कपूर की दूसरी पत्नी थी। संजय का पहले एक तलाक हो चुका था। मगर, 29 सितंबर 2003 को करिश्मा और संजय कपूर शादी के बंधन में बंध गए। करिश्मा की शादी की चर्चा कई दिनों तक मीडिया और बॉलीवुड में होती रही। कपूर खानदान ने बड़े ही धूमधाम से ये शादी की। साल 2005 में संजय कपूर और करिश्मा कपूर के घर बेटी समायरा का जन्म हुआ। वहीं, साल 2010 में बेटे कियान का जन्म हुआ। बच्चों के आने से इनका परिवार पूरा हो गया। लेकिन, इनके रिश्ते में धीरे-धीरे दरार पड़ने लगी थी।

# ये प्लेन क्रैश की फिल्में खड़े कर देंगी रोंगटे

**नई दिल्ली।** एक उड़ान जो कभी अपनी मंजिल तक नहीं पहुंची... आसमान में गूंजती चीखें, जलते मलबे से उठता धुआं और पलभर में बिखरती जिंदगियां। ऐसी ही दिल दहला देने वाले हादसों पर बनी हैं ये फिल्में, जो दिखाती हैं इंसान और मौत के बीच की सबसे खतरनाक जंग।

**एलाइवः** 1972 में एंडीज पर्वतों में हुए एक भीषण प्लेन क्रैश की सच्ची घटना पर बनी 'एलाइव' फिल्म दिखाती है कि कैसे उरुग्वे के रग्बी खिलाड़ियों ने भयंकर ठंड, बर्फीले तूफानों और भूख से लड़ते हुए कई दिनों तक जिंदा रहने की कोशिश की।

**फ्लाइटः** डेनजल वॉशिंगटन की दमदार अदाकारी से सजी फ्लाइट फिल्म एक पायलट की कहानी है, जो प्लेन क्रैश को टाल देता है, लेकिन उसके बाद उसका निजी स्ट्रगल शुरू होता है। फिल्म बहुत ही शानदार बनाई गई है।

## हर मिनट में डर, हर सीन में मौत का साया




### द ग्रे

लियाम नीसन स्टारर 'द ग्रे' फिल्म प्लेन क्रैश से बचने के बाद अलास्का के बर्फीले जंगलों में फंसे कुछ पुरुषों की कहानी है, जो सिर्फ सर्दी और भूख से नहीं, बल्कि भयानक भेड़ियों से भी अपनी जान बचाने की लड़ाई लड़ते हैं।

### कास्ट अवे

'कास्ट अवे' फिल्म भी प्लेन क्रैश की कहानी है, जहां पर प्लेन क्रैश के बाद समुद्र के बीच एक द्वीप पर फंसे टॉम हैंक्स के किरदार की कहानी है। इस कहानी में न गोलियों की आवाज है, न हॉरर बैकग्राउंड स्कोर, लेकिन फिर भी अकेलेपन और जिंदा रहने की खामोशी आपको अंदर तक झकझोर देती है।

# सलमान से लेकर प्रियंका तक, प्राइवेट जेट से सफर करते हैं ये सुपरस्टार्स

## लाइफस्टाइल को आसान बनाने के लिए रखते हैं प्राइवेट जेट

एजेंसी ⏭ मुंबई

मनोरंजन जगत के स्टार्स की जिंदगी से आम जन-मानस काफी प्रभावित होते हैं। सितारों के शौक, कपड़े और आलीशान जिंदगी को उनके प्रशंसक जानने को बहुत इच्छुक रहते हैं। ऐसे कई बॉलीवुड सेलेब हैं, जो अपनी लाइफस्टाइल को आसान बनाने के लिए अपने पास प्राइवेट जेट भी रखते हैं।

### अमिताभ बच्चन

बॉलीवुड इंडस्ट्री के महानायक अमिताभ बच्चन को अक्सर हम बहुत ही सिंपल लाइफ जीते हुए देखते हैं। क्या आपको पता है उनके पास अपना खुद का प्राइवेट जेट है। इससे वो आरामदायक सफर पर निकलते हैं, जिसकी कीमत रिपोर्ट के मुताबिक 260 करोड़ रुपए है।



### अजय देवगन

अभिनेता अजय देवगन को भी चमक-दमक से अक्सर दूर देखा जाता है। लेकिन, उनके पास भी अपना प्राइवेट जेट है, जिसकी कीमत मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 84 करोड़ के करीब है और यह छह सीटर वाला है।



### प्रियंका चोपड़ा

देसी गर्ल अभिनेत्री को भी लग्जरी लाइफस्टाइल जीते हुए देखा जाता है। उनके पास भी प्राइवेट जेट, जिसका प्रयोग वह भारत से लॉस एंजिल जाने के लिए करती हैं। साथ ही कुछ पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ कामों के लिए प्रयोग करती हैं।

**सैफ अली खानः** सिनेमाई दुनिया के चर्चित अभिनेता सैफ अली खान के पास भी खुद का प्राइवेट जेट है। अपने परिवार के साथ खुशनुमा पल बिताने के लिए वह इसका प्रयोग करते हैं।

**अनिल कपूर :** अनिल कपूर भी इन सितारों में शामिल हैं, जिनके पास प्राइवेट जेट है। वह भी इसका प्रयोग अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के लिए करते हैं।



**दिलजीत दोसांझ :** गायकी की दुनिया में बड़ा नाम कमाने वाले मशहूर सिंगर दिलजीत दोसांझ के पास भी खुद को प्राइवेट जेट है। यह बात कई लोगों को नहीं पता है।

**शिल्पा शेट्टी :** इस कड़ी में बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी का नाम भी शुमार है, जिनके पास अपना प्राइवेट जेट है।

**ऋतिक रोशन :** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता ऋतिक रोशन के पास भी कहीं सैर करने के लिए अपना प्राइवेट जेट है।

### माधुरी दीक्षित

बॉलीवुड की धक-धक गर्ल अभिनेत्री भी सिनेमाई दुनिया की दिग्गज अभिनेत्रियों में शुमार हैं। एक्ट्रेस के पास भी अपना निजी प्राइवेट जेट है।



**शाहरुख खानः** बॉलीवुड के किंग खान के पास भी अपना खुद का प्राइवेट जेट है। इसके जरिए वह अपने परिवार के साथ कीमती पल बिताने निकलते हैं।

**अक्षय कुमारः** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार से मशहूर अक्षय कुमार के पास भी खुद का प्राइवेट जेट है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उसकी कीमत करीब 260 करोड़ रुपए है। इस समय अभिनेता अपनी फिल्म हाउसफुल 5 से चर्चा में है।

**सलमान खान :** बॉलीवुड इंडस्ट्री के भाईजान भी किसी से पीछे नहीं है। उनके पास भी अपना प्राइवेट जेट है, जिसका इस्तेमाल वह अपनी छुट्टियों को एंजाय करने में करते हैं।

# किसानों से मूंग खरीदेगी सरकार, किसान संघ को सीएम ने दिया आश्वासन

## मंडी शुल्क में राहत देने जांच कराने की बात कही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मूंग में पेस्टीसाइड मिलने के बाद सरकार ने मूंग खरीदी पर रोक लगा दी थी, जिसके बाद किसानों की परेशानी बढ़ गई थी। गुरुवार को भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम हाउस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर किसानों की बात रखी, जिस पर मुख्यमंत्री ने मंडियों में पारदर्शी व्यवस्था बनाकर मूंग खरीदी करने की बात कही।

### बाहर के व्यापारियों को भी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी

सीएम ने कहा कि प्रदेश के बाहर से व्यापारियों को भी मूंग खरीदी के लिए सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। मंडियों में किसानों को मूंग विक्रय का उचित दाम मिल सके, इसके लिए व्यापारियों को बोली लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मूंग पर मंडी शुल्क में राहत दी जा सकती है या नहीं इसकी जांच की जाएगी। सीएम ने कहा कि बाहर से आने वाले व्यापारियों को नए मंडी लाइसेंस भी दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कपास उत्पादन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रतिनिधि मंडल में भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष कमल सिंह आंजना सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।



### संघ ने प्रदेश सरकार के खिलाफ फूंका था बिगुल

इसके पहले गुरुवार को ही भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने सरकार के खिलाफ बिगुल फूंक दिया था। संघ के भोपाल, जबलपुर व इंदौर से आए पदाधिकारियों ने कहा कि खरीदी को लेकर प्रदेश प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से मिलकर किसानों का पक्ष रखा था। संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री ने व्यापारियों से साठगांठ कर किसानों से मंडियों में खुली लूट करने का न्योता दे दिया है। किसान संघ इस लूट का विरोध करेगा। संघ ने साफ किया कि किसानों की मूंग नहीं खरीदने पर संघ के नेतृत्व में प्रदेश के लाखों किसान सीएम हाउस का घेराव करने मजबूर होंगे।

## खबर संक्षेप

### प्लेन हादसा: भाजपा और सरकार ने निरस्त किए सभी कार्यक्रम

**भोपाल।** अहमदाबाद में हुए प्लेन हादसे के बाद प्रदेश भाजपा संगठन और सरकार ने गुरुवार के सभी कार्यक्रम निरस्त कर दिए। भाजपा की ओर से ट्वीट कर इसकी जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में प्रोफेशनल्स मीट में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने वाले थे। विमान हादसे की घटना के बाद ठाकरे सभागार में होने वाली प्रोफेशनल्स मीट निरस्त कर दी गई है। इसके अलावा प्रदेश के कई जिलों में भाजपा की जिला इकाईयों द्वारा प्रोफेशनल मीट के आयोजन किए जाने थे। लेकिन, विमान हादसे के चलते कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए।

### आज से मप्र के चार दिनी दौरे पर रहेंगे अपना दल (एस) प्रदेश प्रभारी पटेल

भोपाल। मध्य प्रदेश में अपनी उपस्थिति को मजबूत करते हुए उत्तर प्रदेश का तीसरा व एनडीए घटक का सबसे पुराना दल अपना दल (एस) राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में प्रदेशभर में सदस्यता अभियान को गति प्रदान कर रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय महासचिव व मध्य प्रदेश प्रभारी आरबी सिंह पटेल 14 से 17 जून तक ग्वालियर-चंबल संभाग का चार दिवसीय दौरा करेंगे। यह दौरा पार्टी के सदस्यता अभियान को गति देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान भिंड, मुरैना, ग्वालियर, दतिया, निवाड़ी, शिवपुरी और गुना में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। गौरतलब है कि प्रदेश प्रभारी बनने के बाद से पटेल का यह तीसरा दौरा है। पटेल ने कहा, राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में यह दौरा मप्र में विस्तार और हमारी विचारधारा को पहुंचाने का एक अहम कदम है। हम संगठन को और मजबूत करेंगे और नए सदस्यों को जोड़कर पार्टी को व्यापक आधार प्रदान करेंगे।

### आज से पचमढ़ी में शुरू होगा भाजपा के सांसदों-विधायकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग

# पचमढ़ी में सांसदों-विधायकों को समय प्रबंधन के साथ जनता से व्यवहार का पढ़ाया जाएगा पाठ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भाजपा के सांसदों-विधायकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शनिवार 14 जून को पचमढ़ी में शुरू होने वाला है। इसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री अमित शाह करेंगे। उनका फोकस भाजपा की विकास यात्रा पर रहेगा। शाह दोपहर 12 बजे से आयोजित उद्घाटन सत्र में जनसंघ से लेकर भाजपा की विकास यात्रा के बारे में व्याख्यान देंगे। मंच पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा मौजूद रहेंगे।

खास बात यह है कि जन प्रतिनिधि यहां सिर्फ सीखेंगे। उनका ध्यान न बंटे, इसलिए उन्हें मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि वे सत्र के बाद मोबाइल पर बात कर सकेंगे। सभी सांसदों और विधायकों से 13 जून की शाम तक पचमढ़ी पहुंचने के लिए कहा गया है। सभी को सुबह 6:00 बजे जागना होगा। प्रशिक्षण स्थल पर सुबह 7:00 से 8:00 के बीच योग और प्रार्थना कराई जाएगी।

### उद्घाटन करेंगे केंद्रीय मंत्री शाह, बताएंगे भाजपा की विकास यात्रा

**सभी सुबह 6 बजे उठेंगे और योग-प्रार्थना में लेंगे हिस्सा**

### जनप्रतिनिधि सिर्फ सीखेंगे, साथ नहीं रख सकेंगे मोबाइल



**पहले दिन आयोजित होंगे अलग-अलग चार सत्र**

उद्घाटन के अलावा पहले दिन प्रशिक्षण शिविर में अलग-अलग विषयों पर चार सत्र आयोजित किए जाएंगे। लंच ब्रेक के बाद करीब साढ़े तीन बजे से पहला सत्र होगा। इस सत्र में 'हमारा विचार और पंच निष्ठा' विषय पर प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह और सबसे वरिष्ठ विधायक गोपाल भार्गव संबोधन देंगे। दूसरे सत्र में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा और सांसद बंशीलाल गुर्जर भाजपा की कार्यपद्धति पर जानकारी देंगे। तीसरे सत्र में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान विकसित भारत और मप्र के संदर्भ में मोदी सरकार के परिवर्तनकारी कदमों की जानकारी देंगे। अंतिम सत्र में स्वप्निल कुलकर्णी और भगवानदास सबनानी शताब्दी वर्ष की योजना और पंच परिवर्तन पर जानकारी देंगे।

### दूसरे दिन बनेंगे सांसदों-विधायकों के तीन ग्रुप

प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन सबससे पहले विधायकों-सांसदों को निर्वाचन क्षेत्र में मैनेजमेंट इनोवेशन और चुनौतियों के साथ सदन में भूमिका पर जानकारी दी जाएगी। इस सत्र में विधायकों-सांसदों के तीन ग्रुप बनाए जाएंगे। पहले ग्रुप में पहली और दूसरी बार के विधायकों को सांसद सुधीर गुप्ता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीता शरण शर्मा संबोधित करेंगे। दूसरे समूह में बाकी बचे वरिष्ठ विधायकों को उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, विधायक प्रदीप लारिया और हरिशंकर खटीक संबोधित करेंगे। तीसरे समूह में राज्यसभा और लोकसभा के सांसदों को केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक और केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास ऊईके संबोधित करेंगे।

### केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और विधायक चिटनिस पढ़ाएंगी पाठ

प्रशिक्षण शिविर में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और विधायक अर्चना चिटनीस द्वारा समय प्रबंधन के साथ जनता से व्यवहार का पाठ पढ़ाया जाएगा। दलित, आदिवासी वर्ग के प्रभाव वाली सीटों के लिए सत्र में तीन ग्रुप बनाए जाएंगे। आदिवासी वर्ग विषय पर हितनांद शर्मा और फग्गन सिंह कुलस्ते संबोधित करेंगे। दलित वर्ग पर लाल सिंह आर्य और अजय जामवाल का संबोधन होगा। अन्य वर्ग विषय पर मंत्री राकेश सिंह और विधायक हेमंत खंडेलवाल जानकारी देंगे। दूसरे दिन डिनर के बाद कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल मप्र में भाजपा का उद्भव और विकास संस्मरण के स्वरूप को सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान सुनाएंगे।

### मुख्यमंत्री बताएंगे, उमा भारती से अब तक का सफर

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव विकसित मप्र 2047-अवसर एवं चुनौती( 2003 से 2023) तक की पृष्ठभूमि पर अपना वक्तव्य देंगे। इस दौरान वे पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा भारती से लेकर अब तक की भाजपा सरकारों के बारे में जानकारी देंगे। वे बताएंगे कि इस अवधि में भाजपा के प्रयास से मप्र कहां से कहां पहुंचा। सोशल मीडिया और मीडिया पर स्थानीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय विमर्श बनाने में हमारी भूमिका के विषय पर विनोद तावडे व्याख्यान देंगे। भाजपा के के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश समन्वय, प्रक्रिया, समस्या और समाधान के विषय में समझाएंगे। वे यह भी बताएंगे कि संगठन, अन्य जनप्रतिनिधियों, प्रशासन, विचार परिवार और स्वयं के परिवार के लिए समय प्रबंधन करें और पर्सनल, प्रोफेशनल लाइफ में तालमेल बनाएं।



### अंतिम सत्र में होंगे सवाल-जवाब

प्रशिक्षण वर्ग के अंतिम दिन सांसदों, विधायकों को केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल वक्तव्य कौशल, सामाजिक और मोबाइल शिष्टाचार सिखाएंगे। राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार इस सत्र की अध्यक्षता करेंगी। इसी सत्र में जिज्ञासाओं यानि विधायकों, सांसदों के सवाल-जवाब होंगे। इसमें राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष शामिल होंगे। इससे पहले प्रातः 7 बजे से 45 मिनट तक योग, प्रार्थना और खेल का आयोजन होगा।

### सोलर केपिटल बनने की ओर अग्रसर मप्र

# ऊर्जादाता बनेंगे मध्यप्रदेश के किसानः सीएम डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश के किसान अब ऊजार्दाता बनेंगे। सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना से प्रदेश के किसानों और छोटे निवेशकों को लाभ होगा। योजना का लाभ लेकर किसान बिजली उत्पादक बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि नेट जीरो का लक्ष्य पाने में मध्यप्रदेश के किसान बड़ी भूमिका निभाएंगे। ऊर्जा समिट में एक ही मंच पर निवेशक, किसान, विशेषज्ञ और नीति-निमार्ताओं ने उपस्थित होकर समृद्धि के नये द्वार पर दस्तक दी है। प्रदेश में अब तक 80 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं, जिससे 16 हजार से अधिक कृषि पम्पों को सौर उर्जा से उर्जीकृत किया जा चुका है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार कृषकों को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी आय में बढ़ोतरी एवं आर्थिक विकास के लिये संकल्पित है। मध्यप्रदेश अब देश की सोलर कैपिटल बनने के मार्ग पर अग्रसर हैं। प्रदेश के रीवा, नीमच और ओंकारेश्वर सौर ऊर्जा का सशक्त हस्ताक्षर बन रहे हैं।

**सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना से होगा किसानों का आर्थिक सशक्तिकरण**

### छोटे निवेशकों, किसानों को मिलेगा फायदा

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा प्रदेश के लिए वरदान है। अब हमारी सरकार छोटे निवेशकों और किसान भाइयों को भी बिजली उत्पादन का अवसर मुहैया कराने जा रही है। अब हमारे अन्नदाता, ऊजार्दाता बनने के पथ पर अग्रसर होंगे। उन्होने यह भी बताया कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना से छोटे निवेशकों के साथ किसानों को भी लाभ मिलेगा। इस योजना से वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत स्थानीय स्तर पर उद्यमियों को निवेश एवं रोजगार के अवसर मिलेंगे। निवेशकों के साथ सरकार 25 साल तक बिजली खरीदने का समझौता करेगी। निवेशकों को नीतिगत प्रोत्साहन के साथ सस्ती जमीन और तय बिजली रेट मिलेगा। उन्होंने बताया कि सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना से किसानों को भी अत्यधिक फायदा होगा। योजना से किसानों को दिन में भी सस्ती बिजली उपलब्ध कराई जा सकेगी। अन्नदाताओं का आर्थिक सशक्तिकरण होगा। किसानों को रात में बिजली का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। दिन में 8 घंटे तक लगातार बिजली मिलेगी। किसान बिना रुकावट सिंचाई कर सकेंगे।

# दो अलग-अलग स्थानों से गांजा बेचते दो गिरफ्तार

**रायपुर (हरिभूमि न्यूज)।** पुलिस ने गांजा की तस्करी करते अलग-अलग जगह से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहला मामला में गुढियारी थाना क्षेत्रांतर्गत गोंदवारा ओव्हर ब्रीज के नीचे आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। दूसरी ओर कोतवाली थाना क्षेत्रांतर्गत गांधी नगर स्थित सुलभ के पास आरोपी को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2.400 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम को सूचना मिली कि थाना गुढियारी क्षेत्रांतर्गत गोंदवारा ओव्हर ब्रीज के नीचे एक व्यक्ति अपने पास बैग में गांजा रखा है। ग्राहक की तलाश कर बिक्री कर रहा है। इस पर पुलिस ने मुखबिर के बताये हुलिए के व्यक्ति को चिन्हांकित कर दबोचा। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम राजकुमार निवासी गुढियारी रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी राजकुमार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.100 किलोग्राम गांजा और बिक्री रकम 13 हजार 500 रुपये जुमला कीमती लगभग 25 हजार रुपये जब्त किया गया।

# इस बार विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी, 11 लाख से ज्यादा साधक करेंगे योग, कुरुक्षेत्र में एक लाख पार होगी संख्या

- मुख्यमंत्री ने आईटीबीपी बीटीसी, भानू, पंचकूला में प्रशिक्षण शिविर में शिरकत की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शुक्रवार को पंचकूला में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) प्राथमिक प्रशिक्षण केंद्र, भानू में आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग और आईटीबीपी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर में शिरकत की। सैनी ने कहा कि 21 जून को मनाए जाने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को ऐतिहासिक बनाने की दिशा में पुरजोर तैयारियां की जा रही हैं। 21 जून को राज्य के 22 जिलों और 121 खंडों में एक साथ आयोजित होने वाले योग कार्यक्रमों में लगभग 11 लाख से अधिक लोग भाग लेंगे। इस वर्ष का राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम कुरुक्षेत्र के पावन ब्रह्म सरोवर पर आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में एक लाख से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे न केवल योग को जन-जन तक पहुंचाया जा सके, बल्कि एक नया विश्व रिकॉर्ड भी स्थापित किया जा सके। इस ऐतिहासिक स्थल पर आयोजित योग सत्र में योग गुरु स्वामी रामदेव स्वयं उपस्थित रहकर लोगों को योगाभ्यास कराएंगे। को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान, मुख्यमंत्री सहित अन्य अतिथियों और आईटीबीपी के जवानों ने अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश हादसे के मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए दो मिनट का मौन रखा और परमात्मा से दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में स्थान देने की कामना की।

# भारतीय शिक्षण मंडल की अखिल भारतीय प्रांत प्रमुख बैठक का उद्घाटन सम्पन्न

**हैदराबाद।** भारतीय शिक्षण मंडल की अखिल भारतीय प्रान्त प्रमुखों की त्रिदिवसीय बैठक 13 जून से 15 जून तक हैदराबाद के कान्हा शांति वनम में आयोजित की जा रही है। इस बैठक में पूर्वोत्तर के राज्यों मणिपुर,मिजोरम, अरुणाचल, त्रिपुरा तथा जम्मुकाश्मीर, लद्दाख, झारखण्ड सहित देश के सभी राज्यों से 274 प्रांत टोली कार्यकर्ता सहभागिता कर रहे हैं। उक्त बैठक में देश के विभिन्न विश्विविद्यालयों के 30 से अधिक कुलगुरू व देश के राष्ट्रीय महत्त्व के शैक्षिक संस्थानों के निदेशक व प्रमुख शिक्षाविद भी सहभागिता कर रहे हैं। भारतीय शिक्षण मंडल की अखिल भारतीय प्रांत प्रमुख बैठक के उद्घाटन सत्र में त्रिपुरा के राज्यपाल श्री एन॰ इंद्रसेना रेड्डी ने मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि




भारतीय मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रणाली के निर्माण में संलग्न देश के श्रेष्ठतम मनीषियों को संबोधित करना एक सम्मान का विषय है। उन्होंने भारत केंद्रित व मूल्य आधारित शिक्षा प्रणाली को भारतीय शिक्षा प्रणाली में समाहित करने के लिए भारतीय शिक्षण मंडल द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की।उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक मूल्य समान रूप से आवश्यक हैं। भारतीय शिक्षण मंडल का अनुसंधान, प्रबोधन, प्रशिक्षण, प्रकाशन एवं संगठन पर आधारित कार्य-प्रणाली भारत के लिए उपयुक्त शैक्षिक संरचना की नींव है। विशेष रूप से, गुरुकुल शिक्षा का पुनर्जागरण, भारतीय ज्ञान परंपराओं का एकीकरण, और मूल्याधारित शिक्षा प्रणाली की दिशा में शिक्षण मंडल की पहल अत्यंत सराहनीय है।

**उत्तर रेलवे**

**इ–निविदा सूचना**

उप0 मु0 सिग0 एवं दू0 सं0 अभि0 / नि0 / पी0 स0 / नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड इ–निविदा (एकल प्रणाली) निम्नलिखित कार्य के लिए IREPS की वेब साइट पर आमंत्रित कर रहे हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम एवं स्थान | तिलक ब्रिज स्टेशन पर मौजूदा रूट रिले इंटरलॉकिंग (सीमेंस आरआरआई) में परिवर्धन और परिवर्तन और संबद्ध आउटडोर एस एंड टी कार्य यानी उत्तर रेलवे के दिल्ली डिवीजन के आनंद विहार–तिलक ब्रिज से तीसरी –चौथी लाइन का काम। |
| 2. | पूरा होने की अवधि | एलओए जारी होने की तारीख से 09 महीने |
| 3. | कार्य की अनुमानित लागत | रु0 3.38 करोड़ |
| 4. | धरोहर राशि | रु0 3,19,100/– (रुपये तीन लाख उन्नीस हजार एक सौ केवल) (केवल ऑन लाइन जमा किया जाना है) |
| 5. | स्थान जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है। | उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज IREPS की वेब साइट www.ireps.gov.in पर 20.06.2025 to 10.07.2025 के बीच 11.30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। |
| 6. | निविदा फार्म जमा करने की आखिरी तारीख एवं समय | उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज फार्म 26.06.2025 से 10.07.2025 11.30 AM तक IREPS वेबसाइट पर जमा कराये जा सकते हैं। |
| 7. | निविदा खुलने की तारीख एवं समय | ई–निविदा दिनांक 10.07.2025 11.30 बजे खोला जाएगा। |

संख्या 570–सिग–पी0स0–निविदा–138 दिनांक 13.06.2025 1765/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रितेश पुत्र प्रेमवीर पता: ए–270, गली नं.4, चंदन विहार, निहाल विहार, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 739/2022 धारा 25/54/59 आर्मस एक्ट के तहत** थाना: पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रितेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रितेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 739/2022 धारा 25/54/59 आर्मस एक्ट के तहत थाना: पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली के उक्त रितेश** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अंकित करण सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–08
(पश्चिम) कमरा नं.30,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7393/WD/2025

# बीच रास्ते में खड़ी की पिकअप से एम्बुलेंस टकराई, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर

नेशनल हाईवे 43 पर रामसागर के पास समस्तीपुर ढाबा के सामने खड़ी पिकअप को तेज रफ्तार एंबुलेंस ने ठोकर मार दी। इस हादसे में साइड बैठे अतिरिक्त एंबुलेंस चालक मनोज कुमार उम्र 42 वर्ष की अस्पताल में मौत हो गई। वहीं एंबुलेंस चालक और एंबुलेंस में सवार मरीज और उसके परिजन मामूली चोटों के साथ सुरक्षित हैं।



घटना कुनकुरी थाना क्षेत्र में तड़के साढ़े चार बजे की है। बताया जा रहा है कि पिकअप सड़क पर लापरवाहीपूर्वक खड़ी की गई थी और शुक्रवार सुबह साढ़े चार बजे रांची से मरीज लेकर रायपुर जा रही एंबुलेंस अचानक टकरा गई। एंबुलेंस के संचालक कन्हैया कुमार ने फोन पर बताया कि हादसे के वक्त एंबुलेंस चालक को सामने से आ रही ट्रक की तेज रोशनी से सड़क पर खड़ी पिकअप नहीं दिखी और यह दुर्घटना हो गई। वहीं पिकअप खड़ी करनेवाले का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। दुर्घटनाग्रस्त निजी एंबुलेंस शिव शक्ति एंबुलेंस सर्विस रांची की है जो पिकअप के साथ ही सड़क से खेत में उतर गई है। एम्बुलेंस के सामने का बायां हिस्सा बुरी तरह से टूट गया है। घटना के तुरंत बाद देवलाल राम तेज आवाज सुनकर खेत में पहुंचा और सेकंड ड्राइवर मनोज कुमार उम्र 42 वर्ष को पड़ोसी टायर मिस्त्री की मदद से बाहर निकाला और 108 को फोन कर उसके आने पर घायल को भेजकर गुड सेमरिटीन का परिचय दिया। हालांकि गंभीर रूप से घायल मनोज कुमार को बचाया नहीं जा सका। वहीं एंबुलेंस चालक और एंबुलेंस के अंदर मरीज अपनी पत्नी छह साल की बेटी के साथ सुरक्षित निकला जिन्हें दूसरे एंबुलेंस से रायपुर रवाना किया गया। अब इस घटना के बाद से लोगों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि गाड़ीवाले गाड़ी खराब हो जाने पर सड़क पर एक चक्का या पूरी गाड़ी खड़ी करके चले जाते हैं।

## चिंतन

# इजरायल-ईरान में युद्ध से बढ़ेगा वैश्विक ऊर्जा संकट

ईरान ने आतंकी गुट हमास के जरिये जो चिंगारी इजरायल में लगाई थी, उससे अब पश्चिम एशिया झुलस रहा है। इजरायल व ईरान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। इजरायल ने ईरान में परमाणु ठिकानों पर हमला किया है। हमलों के दौरान इजरायल ने ईरान के परमाणु वैज्ञानिकों, सैन्य अधिकारियों, बैलिस्टिक मिसाइल भंडार, एयर डिफेंस सिस्टम और नतान्ज समेत कई परमाणु केन्द्रों को निशाना बनाया है। अब देर-सबेर ईरान भी बदला लेगा। इजरायल के इस ऑपरेशन राइजिंग लायन के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह से ईरान को परमाणु डील के लिए धमकी के लहजे में चेतावनी दी है, उससे इजरायल के इस ऑपरेशन में अमेरिकी हाथ स्पष्ट है। इजरायली बॉम्बर ने कतर स्थित अमेरिकी सैन्य बेस से ईंधन भरे हैं, इससे भी अमेरिकी संलिप्तता साफ हो रही है। हालांकि प्रत्यक्ष तौर पर अमेरिका ने इस हमले से अपना पल्ला झाड़ा है। अब सवाल है कि ईरान लक्षित करके केवल इजरायल से बदला लेगा या फिर पश्चिम एशिया व खाड़ी क्षेत्र में स्थित अमेरिकी सैन्य बेस को भी निशाना बनाएगा। बदले में ईरान जो भी कदम उठाएगा, उसका विध्वंसक असर प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष विश्व पर भी पड़ेगा। जैसे अमेरिका इजरायल के साथ खड़ा है, ठीक वैसे ही ईरान भी अकेला नहीं है, चीन व रूस उसके साथ हैं। अनिश्चितता और सैन्य संघर्ष से भरे विश्व में शक्ति के दो ध्रुव आमने-सामने हो रहे हैं। यूक्रेन व रूस जंग में भी ऐसी स्थिति बन रही है और इजरायल व ईरान के बीच तनाव में भी। ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर अडिग है, तो अमेरिका ईरान को ऐसा न करने देने पर तुला है। ईरान कहता आया है कि उसका परमाणु कार्यक्रम सिर्फ शांतिपूर्ण मकसदों के लिए है, लेकिन परमाणु निगरानी संस्था आईएईए (इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी) इस दावे को खारिज करती रही है। इजरायल भी आरोप लगाता रहा है कि ईरान परमाणु हथियार बना रहा है। अमेरिका व इजरायल की कोशिश है कि ईरान परमाणु हथियार न बनाए। इसी हफ्ते आईएईए की बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने दो दशक में पहली बार औपचारिक रूप से ईरान को परमाणु अप्रसार (एनपीटी) नियमों का उल्लंघन करने का दोषी करार दिया है। बंकरों में स्थित ईरान का सबसे बड़ा और गुप्त परमाणु संवर्धन केंद्र नतांज न्यूक्लियर फैसिलिटी पर इजरायल ने पहले भी साइबर अटैक और सीक्रेट बम धमाके किए हैं। इस बार इजरायल के हमले का दायरा काफी ज्यादा विनाशक है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा है कि ईरान की प्रतिक्रिया इतनी भयानक होगी कि इजरायल अफसोस करेगा। बड़ी बात है कि अगर इजरायल व ईरान के बीच युद्ध विस्तार लेता है, तो विश्व व भारत पर क्या असर पड़ेगा? ग्लोबल ट्रेड का बड़ा रूट मिडिल ईस्ट से है। ईरान के युद्ध छेड़ने से यह ट्रेड रूट प्रभावित होगा, जिससे ऊर्जा व खाद्यान्न आपूर्ति पर असर पड़ेगा। मतलब आमजन के लिए वैश्विक स्तर पर महंगाई बढ़ेगी। भारत की ऊर्जा आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के समय इजरायल ने खुलकर भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया था, जबकि ईरान ने मध्यस्थता की बात की थी। भारत के इजरायल व ईरान दोनों से संबंध अच्छे हैं, पर इजरायल के साथ पलड़ा भारी है। चाबहार में भारत बड़ा निवेशक है और उसके तेल व गैस का बड़ा खरीदार है। इसके बावजूद ईरान भारत के खिलाफ पाक प्रायोजित आतंकवाद को देखकर भी खुलकर स्टैंड नहीं लेता है। भारत ने इजरायल व ईरान को शांति से मसले सुलझाने की सलाह दी है।



त्रासदी
विकेश कुमार बडोला

# विमान हादसों की पुनरावृत्ति चिंताजनक

> अंतरराष्ट्रीय विमानन एजेंसियों के आंकड़ों के अनुसार अधिकतर विमान–दुर्घटनाएं उड़ान भरने और रनवे पर उतरने की समयावधि में ही होती हैं। कुल दुर्घटनाओं में 35 प्रतिशत तो उड़ान भरने या उसके तुरंत बाद ही होती हैं। विमान दुर्घटनाओं की त्रासदी झेलने वाले शीर्ष दस देशों में अमेरिका पहले स्थान पर है। सोचने वाली बात ये है कि जो दुनिया का सबसे समृद्ध और आधुनिक देश है वही क्योंकर विमान की दुर्घटनाओं को रोकने में विफल है। व्योम मार्गीय वैमानिकी–यात्रा दिनोंदिन असुरक्षित एवं भयाक्रांत होती जा रही है। विमान हादसों की पुनरावृत्ति अत्यंत चिंताजनक है। वायुयात्रा की असुरक्षा को भविष्य में हरसंभव विधि से दूर करने के उपाय किए जाने चाहिए।

बड़े आश्चर्य की बात है कि पाकिस्तान के आतंकी व सैन्य ठिकानों पर हमला करते हुए हमारी वायु सेना के युद्धक विमानों से फेंकी गई मिसाइलों ने वहां के नागरिक उड़ानों वाले हवाई जहाजों पर खरोंच तक नहीं आने दी, और यहां भारत में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और चालक दल के सदस्यों समेत 242 यात्रियों को अहमदाबाद से लंदन लेकर जाने वाले एयर इंडिया के बोइंग ने उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद लड़खड़ाते हुए चिकित्सकों के आवासीय भवन से टकराकर आवासीय परिसर में रहने वाले 20-25 लोगों के भी प्राण लील लिए। दुर्घटनाग्रस्त विमान में सवार केवल एक व्यक्ति ही जीवित बच पाया। जब तक बचाव दल के लोग घटनास्थल पर पहुंचते, तब तक अधिसंख्य यात्रियों के मृत शरीर जलकर काले पड़ चुके थे। अधिकतर शव इस सीमा तक जले हुए मिले कि दिवंगतों की व्यक्तिगत पहचान के लिए अब समुचित डीएनए परीक्षण का ही सहारा है। चिकित्सकों के जिस आवास-परिसर से विमान टकराया था, वहां भीतर के दृश्य भी अत्यंत डरावने हैं। लगभग पूरा परिसर जलकर काला पड़ गया है। इस घटना ने भारत ही नहीं पूरी दुनिया को स्तब्ध कर दिया है। एकदम से किसी को कुछ भी नहीं सूझ रहा कि ऐसी दुर्घटना के संदर्भ में सरकार और जांच एजेंसियों की आगे की दशा-दिशा क्या होगी।

विमान अनुरक्षण के तकनीकी पक्ष के अनुसार आकलन होने पर यही पता चल रहा है कि विमान में कोई भी तकनीकी समस्या नहीं थी। इंजन, इत्यादि सभी उपकरण सुचारू रूप में कार्य कर रहे थे। विमान संबंधी सभी आवश्यक सहायक चीजें, वस्तुएं, सेवाएं व सुविधाएं विमान में उपलब्ध थीं। मुख्य और सहायक विमान-चालकों के पास विमान-चालन का दीर्घानुभव था। मौसम भी सामान्य था। वातावरण में विमान-यात्रा के लिए अनिवार्य दृश्यता में भी कोई कमी नहीं थी। हां, यदि उड़ान भरने के बाद किसी पक्षी के साथ विमान की टक्कर हुई होगी, तो घटना की आशंका उभरती है। लेकिन इसके लिए भी विमान-चालन कार्यदल आजकल अग्रिम सुरक्षा तैयारियों के साथ तैनात रहता है। उड़ान भरने के एक-दो मिनटों में ही विमान का हवाई-स्थल के रेडार-सिस्टम से डिस्कनेक्ट हो जाना भी आशंकाएं उत्पन्न कर रहा है। घटना के वास्तविक कारणों की पहचान के लिए केंद्र व राज्यों सरकारों को समुचित जांच करनी चाहिए। यह जांच हर संभव श्रेष्ठ उपायों व विधियों के आधार पर होनी चाहिए। इस घटना के आलोक में प्रगति एवं विकास का जो अभिशापित पक्ष दिखाई दिया है, उसने लोगों में असुरक्षा के गहरे भाव भर दिए हैं। विमान में सवार लोग साधारण लोग नहीं थे। सभी धनी और स्थापित लोग थे। इसलिए विमान या विमान संबंधी सेवाओं में कोई कमी रही होगी, इसकी संभावना भी नहीं के बराबर है। यात्रियों में इंग्लैंड के भी बहुत से निवासी थे, इसलिए वहां के प्रधानमंत्री भी इस घटना को लेकर असहज हैं। राज्य में यह पहली विमान-दुर्घटना नहीं है। गुजरात में 37 वर्ष पहले 1988 में ऐसी ही दुर्घटना हुई थी जिसमें 133 लोग मारे गये थे। तब इंडियन एयरलाइंस का मुंबई से अहमदाबाद आने वाला विमान हवाई-स्थल पर ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। कम दृश्यता के कारण विमान वृक्ष और बिजली के ट्रांसमिशन टॉवर से टकरा गया था। अंतरराष्ट्रीय विमानन एजेंसियों के



आंकड़ों के अनुसार अधिकतर विमान-दुर्घटनाएं उड़ान भरने और रनवे पर उतरने की समयावधि में ही होती हैं। कुल दुर्घटनाओं में 35 प्रतिशत तो उड़ान भरने या उसके तुरंत बाद ही होती हैं। विमान दुर्घटनाओं की त्रासदी झेलने वाले शीर्ष दस देशों में अमेरिका पहले स्थान पर है। सोचने वाली बात ये है कि जो दुनिया का सबसे समृद्ध और आधुनिक देश है वही क्योंकर विमान की दुर्घटनाओं को रोकने में विफल है। भारत में जो बड़ी विमान दुर्घटनायें हुई हैं, उनमें 31 मई 1973 को दिल्ली के पालम हवाई-स्थल पर दुर्घटनाग्रस्त हुई इंडियन एयरलाइंस की उड़ान 440, जिसमें 48 यात्रियों की मौत हो गई थी। इसके बाद, दुबई जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान 855 मुंबई से उड़ान भरने के बाद अरब सागर में गिर गई थी। यह घटना 1 जनवरी 1978 को हुई। विमान में सवार सभी 213 लोगों की मौत हो गई। फिर इंडियन एयरलाइंस की उड़ान 113 वर्ष 1988 के 19 अक्टूबर को अहमदाबाद विमान-स्थल पर दुर्घटनाग्रस्त हुई, जिसमें 133 लोग मारे गये थे। सन् 1990 में 14 फरवरी को उड़ान संख्या 605 बेंगलुरू विमान-स्थल पर दुर्घटनाग्रस्त हुई, जिसमें 146 लोग मारे गये। सन् 1996 के 12 नवंबर को हरियाणा के चरखी दादरी में कजाकिस्तान एयरलाइंस की उड़ान 1907 की दुर्घटना में 349 लोग मारे गये थे। उड़ान 7412 वर्ष 2000 के 17 जुलाई को बिहार के पटना के घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्र में हादसे का शिकार हुई, जिसमें 60 लोग मारे गये थे। एयर इंडिया की एक्सप्रेस उड़ान 1344 जो कि 7 अगस्त 2020 को कोझिकोड कालीकट अंतरराष्ट्रीय विमान-स्थल पर रनवे पर फिसलने के कारण दो हिस्सों में बंट गई, जिसमें 21 लोग मारे गये। अहमदाबाद की विमान दुर्घटना से पहले दिसंबर 2024 के अंतिम सप्ताह में दक्षिण कोरिया का एक यात्री-विमान विमान-स्थल पर उतरते हुए दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। इस घटना में 179 लोग मारे गये थे। अंतरराष्ट्रीय नागरिक विमानन संगठन के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 19वीं शताब्दी में 28 जून 1856 से लेकर 14 जुलाई 1897 तक कुल 5 वायु वाहन (यान या हाइड्रोजन गुब्बारा) दुर्घटनाग्रस्त या अदृश्य हुए थे। बीसवीं सदी में सन् 1901 से 1919 तक कुल 13 वाहनों के साथ दुर्घटना हुई। इनमें 11 लोग रहस्यमयी ढंग से अदृश्य हुए। इसी सदी में 1920 और 1939 की समयावधि में हुई 49 विमान दुर्घटनाओं में मृत 195 लोगों में से अधिसंख्य का पता नहीं चल पाया था। जैसे-जैसे दुनिया में वैज्ञानिक, औद्योगिक, यांत्रिक व प्रौद्योगिकीय उन्नति होती रही, उसी गति से वायुयान दुर्घटनाग्रस्त अथवा दुर्घटना में अदृश्य होते रहे। सन् 1940 और 1959 की अवधि में 75 विमान आकाश में अनियंत्रित हुए। इनमें 1160 लोग लापता थे। सन् 1960 से 1979 के मध्य 46 विमानों की दुर्गति हुई। इनमें 531 व्यक्ति काल-कवलित हुए। इसी प्रकार 1980 से 1999 के बीच 32 विमान-दुर्घटनाओं में 220 लोगों ने प्राण गंवाए।

इक्कीसवीं सदी में भी 2000 से 2019 के बीच कुल 18 घटनाओं में 295 लोगों की जानें गईं। इस समयावधि में 8 मार्च 2014 को मलेशिया एयरलाइन्स के बोइंग 777-200 ईआर की दुर्घटना भी सम्मिलित है। सन् 2019 तक यह सबसे बड़ी विमान दुर्घटना थी। इसमें 239 लोग सवार थे, जिनका आज तक कुछ भी पता नहीं चला है। इस तरह व्योम मार्गीय वैमानिकी-यात्रा दिनोंदिन असुरक्षित एवं भयाक्रांत होती जा रही है। भारत देश के शासन और वैमानिकी शिक्षण-प्रशिक्षण में कार्यरत प्रतिष्ठानों को विमान दुर्घटनाओं के परिचित, अपेक्षित और संभावित कारणों की भी सघन जांच-पड़ताल करनी होगी, ताकि वायुयात्रा को हर दृष्टि से सुरक्षित किया जा सके। विमान हादसों की पुनरावृत्ति अत्यंत चिंताजनक है। वायुयात्रा की असुरक्षा को भविष्य में हरसंभव विधि से दूर करने के उपाय किए जाने चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

सुनील कुमार महला



# वर्तमान में भी कम नहीं विमानन क्षेत्र की चुनौतियां

बारह जून को एयर इंडिया का विमान बोइंग ड्रीमलाइनर-787, जो कि गुजरात के अहमदाबाद में सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे के लिए उड़ान भर रहा था, टेकऑफ के कुछ ही मिनटों बाद भयंकर आग का गोला बनकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया और इसमें 265 लोग असमय काल के ग्रास बन गए, यह बहुत ही दुखद और हृदयविदारक घटना है। जानकारी के अनुसार विमान में 169 भारतीयों समेत कुल 242 लोग सवार थे। इनमें केवल एक यात्री जिंदा बचा बताया जा रहा है। खबर है कि 625 फीट की ऊंचाई पर विमान ने सिग्नल खो दिए थे और तेजी से नीचे आने लगा था। वास्तव में, इस विमान दुर्घटना के हृदयविदारक दृश्यों ने देश-विदेश में हर किसी को स्तब्ध करके रख दिया। गुजरात में यह दूसरा भीषण विमान हादसा है। इससे पहले 19 अक्तूबर 1988 को इंडियन एयरलाइंस का मुंबई से आ रहा विमान अहमदाबाद एयरपोर्ट पर लैंडिंग से पूर्व दुर्घटना का शिकार हुआ था और इसमें 130 लोगों की जान चली गई थी। जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त विमान के दो ब्लैक बॉक्स में से पिछले हिस्से में स्थित एक ब्लैक बॉक्स को ढूंढ लिया गया है और उसे सुरक्षित रखा गया है। बाद में डीजीसीए के अधिकारी इसकी रिकॉर्डिंग का विस्तार से विश्लेषण करेंगे और निष्कर्ष पर पहुंचेंगे। दुर्घटना की मुख्य वजह तो अब तक सामने नहीं आई है, लेकिन लंबी दूरी की उड़ानों में विमान विशेष में ज्यादा ईंधन भरना पड़ता है।

अतः यह कहा जा सकता है कि विमान में ज्यादा ईंधन से भी कहीं न कहीं आग अधिक भड़की होगी और किसी को खुद का बचाव करने का मौका तक नहीं मिल पाया। यह एक ऐसी भयानक त्रासदी है, जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकेगा। विमानन सुरक्षा ऐसा मोर्चा है, जहां छोटी सी भी कमी छोड़ने की गुंजाइश नहीं रहती है, क्यों कि एक मामूली सी ग़लती भी बहुत बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। आज विमानन क्षेत्र में अनेक प्रकार की चुनौतियां विद्यमान हैं। मसलन,कड़ी प्रतिस्पर्द्धा, कम किराया, महंगा रखरखाव और महंगे ईंधन की वज़ह से विमानन कंपनियों की हालत खस्ता है। नई तकनीक अपनाने के लिए विमानन कंपनियों को भारी राशि निवेश करनी पड़ती है। विमानन कंपनियों के कुप्रबंधन या अक्षम प्रबंधन के कारण भी विमानन कंपनियां घाटे में चल रहीं हैं। इतना ही नहीं, हर स्तर पर प्रभावी संवाद की कमी, कंपनी प्रबंधन का अदूरदर्शितापूर्ण दृष्टिकोण, कुशल नेतृत्व का अभाव, कमज़ोर प्रबंधन, अपर्याप्त जोखिम प्रबंधन, प्रबंधकों में अनुभव व प्रशिक्षण की कमी, गलत भागीदार, पूंजी की कमी, लचर वित्तीय प्रबंधन, कर्मचारियों की उपेक्षा, यात्रियों की आवश्यकताओं की अनदेखी इत्यादि से भी विमानन कंपनियों को अक्सर सफलता नहीं मिल पाती है। यह पहली बार है जब सुरक्षा के लिए पहचाने जाने वाले बोइंग 787 के क्रैश होने की खबर सामने आई है। बहरहाल, यह दुर्घटना मानवीय त्रासदी तो है ही, कहीं न कहीं यह विमानन सुरक्षा और उसकी जवाबदेही पर गंभीर सवाल भी उठाती है। हाल फिलहाल, यह उम्मीद की जा सकती है कि डीजीसीए, बोइंग और एयरइंडिया हादसे के कारणों पर गहराई से गौर करेंगे और इस संबंध में (विमानन सुरक्षा में सुधार के संबंध में) उचित एक्शन भी लेंगे।

आज जरूरत इस बात की है कि देश के तमाम अंतरराष्ट्रीय और घरेलू हवाई अड्डों पर आपातकालीन प्रबंधन योजनाओं की समीक्षा और उनका अभ्यास अनिवार्य किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त हवाई अड्डों पर उपलब्ध अग्निशमन वाहन, एंबुलेंस, सुरक्षा कर्मचारियों की संख्या और उनके प्रशिक्षण पर भी ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। इस हादसे के कारणों की पारदर्शिता और ईमानदारी से गहन जांच होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति होने से रोकी जा सके। इस विमान दुर्घटना में विदेशी लोग भी मारे गए हैं, हमारे अंदर उनके प्रति भी गहरी संवेदना का भाव होना चाहिए। उनके परिजनों के साथ हमें पूरा सहयोग करना चाहिए। मुआवजा जहां जरूरी हो, वहां वितरित होना चाहिए। राहत और बचाव के लिए एअर इंडिया, राज्य और केंद्र सरकार को मिलकर सामूहिकता से काम करना होगा। वास्तव में यह समय हम सभी के लिए संयम, सहायता, संवेदना और प्रार्थना का है। निश्चित ही, आज के समय में सुरक्षित विमान यात्रा एक बड़ी चुनौती है। इस ओर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। हाल फिलहाल, देखना यह भी होगा कि एयरलाइन ऐसी घटनाएं दोबारा न होने देने के अपने वादे पर कितना खरा उतरता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार, स्तंभकार व युवा साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिव कोई नाम नहीं है




संकलित

दर्शन

मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है।

## बच्चों को सुविधाओं से ज्यादा अच्छे संस्कार दें



संकलित

प्रेरणा

महाभारत में दो खास परिवार हैं, पहला पांडव और दूसरा है कौरव। पांडव परिवार में कुंती और पांच पुत्र थे। जबकि कौरव परिवार में धृतराष्ट्र और गांधारी के साथ ही सौ पुत्र थे। पांडवों के पास सुख-सुविधाओं का अभाव था, जबकि कौरवों के पास सारी सुख-सुविधाएं थीं। महाभारत में कुंती अपने पांच पुत्रों के साथ वन में रह रही थीं, क्योंकि धृतराष्ट्र और दुर्योधन नहीं चाहते थे कि पांडु के पुत्रों को राज्य मिले। धृतराष्ट्र का पुत्र दुर्योधन अधर्मी था। वह बचपन से ही पांडव पुत्रों को परेशान कर रहा था। कुंती के पति पांडु शाप की वजह से मर चुके थे। पांडु की दूसरी पत्नी माद्री भी जीवित नहीं थी। इन दोनों के बाद कुंती को पांच पुत्रों का पालन करना था। तीन पुत्र कुंती के थे और दो पुत्र माद्री के थे। कुंती जानती थीं कि जंगल में तो कोई सुख-सुविधा तो मिलेगी नहीं, इसलिए कुंती ने बच्चों का पालन करते समय संस्कारों पर ज्यादा ध्यान दिया। दूसरी ओर कौरव पक्ष में धृतराष्ट्र अंधे थे, गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली थी। दुर्योधन और उसके भाई लगातार गलत काम कर रहे थे, लेकिन माता-पिता ने उनकी ओर ध्यान ही नहीं दिया। नतीजा ये हुआ कि सभी कौरव पुत्र अधर्मी हो गए। महाभारत युद्ध में जब श्रीकृष्ण को ये निर्णय लेना था कि किसके पक्ष में रहेंगे, तब उन्होंने धर्म मार्ग पर चल रहे पांडव पुत्रों को चुना। धृतराष्ट्र और गांधारी ने अपने पुत्रों को सुख-सुविधा की हर एक चीज दी थी, लेकिन अच्छे संस्कार नहीं दिए थे। संतान के मोह में धृतराष्ट्र ने दुर्योधन को सही-गलत का फर्क नहीं बताया। इस एक गलती की वजह से पूरा कौरव वंश नष्ट हो गया।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### अमरीका के सामने गिड़गिड़ाता पाकिस्तान

पाकिस्तान का जन्म ही झूठ की बुनियाद पर हुआ है। पाकिस्तान भारत के सामने ही नहीं, दुनिया को भी झूठ परोसना अपनी शान समझता है। झूठ पाक की फितरत बन गई है। पहलगाम हमले के बदले आपरेशन सिंदूर की कार्रवाई से पाकिस्तान घबराया हुआ है। भारत की 400 मिसाइलों के साथ सेना की पुरजोर तैयारी से खौफजदा पाकिस्तान हथियार खरीदने की अपील अमरीका से कर रहा है। भारत से मुकाबला करने में असमर्थ पाक के होश उड़ गए हैं। भारत की नई टेक्नोलॉजी से लैस सेना कई गुना ताकतवर है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ एक तरफ अपने लोगों को जीत का दावा कर रहे हैं। - **सांकेत शर्मा**, दुर्ग

## ट्रेंड

### घायल लोगों से मुलाकात



अहमदाबाद विमान हादसे के बाद घायल लोगों से मुलाकात की, जिसमें एकमात्र जीवित बचा व्यक्ति भी है। उनको भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में हम उनके और परिवारों के साथ हैं। पूरा देश उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहा है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### निधन का समाचार दुखद



विमान दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। प्रभु से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिजनों को यह असीम पीड़ा सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

**-भजनलाल शर्मा, सीएम, राजस्थान**

### सख्त नियम जरूरी



सख्त नियमों से ही खत्म होगा सरकारी जमीन पर कब्जा एवं लंबित भू-अर्जन मामलों का निराकरण। रांची के डीसी के तर्ज पर सभी जिलों के उपायुक्त भी ऐसा प्रयास सुनिश्चित करें ताकि सरकारी जमीन का संरक्षण हो सके।

**-दीपक बिरूआ, मंत्री, झारखंड सरकार**

### दिवंगतों को शांति मिले



अहमदाबाद में हुई दुर्भाग्यपूर्ण प्लेन क्रैश की घटना से मन बेहद दुखी और बोझिल है। ईश्वर दिवंगत मुसाफिरों व मेडिकल होस्टल के छात्रों को शांति दे और घायलों को शीघ्र स्वस्थ करें। ॐ शांति।

**-ईशा कोप्पिकर, अभिनेत्री**

## करंट अफेयर

# स्टोन क्रशर मशीनों को गंगा से दूर करने याचिका

उत्तराखंड के रायवाला और भोगपुर के बीच गंगा में जारी अवैध खनन पर गंभीर रुख अख्तियार करते हुए उच्च न्यायालय ने हरिद्वार जिले में 121 स्टोन क्रशर मशीनों को नदी से पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी पर स्थानांतरित करने में अधिकारियों की कथित विफलता पर सवाल उठाए। न्यायमूर्ति रविंद्र मैठाणी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने रायवाला और भोगपुर के बीच गंगा में अवैध खनन के खिलाफ दायर एक जनहित यचिका पर सुनवाई करते हुए पूछा कि क्षेत्र में स्टोन क्रशर मशीनों को स्थानांतरित करने के लिए उपयुक्त स्थानों का चयन अब तक क्यों नहीं किया गया? उच्च



न्यायालय ने इस बात पर भी गहरी नाराजगी जताई कि स्टोन क्रशर मशीनों को नदी से पांच किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थानांतरित करने के लिए स्थानों का चिन्हीकरण किए जाने के संबंध में पूर्व में अदालत और राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी। अदालत ने मामले को 'अत्यधिक गंभीर' बताते हुए इस बात पर भी सवाल उठाया कि पहले बंद हो चुकी स्टोन क्रशर की 48 मशीनों को बिना उसकी अनुमति के दोबारा कैसे शुरू कर दिया गया।

## ऑफ बीट

# युवा पीढ़ी में तेजी से बढ़ रहा अपेंडिक्स कैंसर का खतरा

दशकों तक, यह ऐसी बीमारी थी जिसका डॉक्टरों को करियर में एक या दो बार ही सामना करना पड़ता था, और यह अक्सर वृद्धों को होती थी। लेकिन



अब एक आश्चर्यजनक और चिंताजनक प्रवृत्ति उभर रही है: अपेंडिक्स कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, और यह तेजी से 30, 40 साल और यहां तक कि कम उम्र के लोगों को प्रभावित कर रहा है। इस बदलाव ने कई विशेषज्ञों को हैरान कर दिया है और वे इसका जवाब खोज रहे हैं। अपेंडिक्स बड़ी आंत से जुड़ी एक छोटी, उंगली के आकार की थैली होती है। शरीर में इसके उद्देश्य पर अब भी बहस होती है, लेकिन यह अपेंडिसाइटिस यानी एक दर्दनाक सूजन का कारण बनने के लिए सबसे ज्यादा जानी जाती है। 'एनल्स ऑफ इंटरनल मेडिसिन' में प्रकाशित एक नए अध्ययन से पता चला है कि 1970 के दशक के बाद पैदा हुए लोगों में अपेंडिक्स कैंसर के मामलों की संख्या में नाटकीय रूप से वृद्धि हुई है। वास्तव में, 1940 के दशक में पैदा हुए लोगों की तुलना में युवा पीढ़ी में इसके मामलों में तीन गुना या चार गुना तक वृद्धि हुई है। कुल संख्या अब भी कम है क्योंकि अपेंडिक्स कैंसर हर साल प्रति दस लाख में से बहुत कम लोगों को होता है। लेकिन जितनी भी वृद्धि हो रही है, वह चौंकाने वाली है।

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।



पिथौरागढ़ और हिमाचल में बदला मौसम, तेज अंधड़ के साथ वर्षा

# कई मकानों की छत उड़ी, आदि कैलास मार्ग बंद, यात्री फंसे

एजेंसी ▶▶ पिथौरागढ़

सीमांत की धारचूला और मुनस्यारी तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को दिन में एक बजे के बाद मौसम अचानक बदल गया। तेज अंधड़ के साथ भारी वर्षा हुई । भारी वर्षा से तवाघाट-लिपुलेख मार्ग पर तवाघाट से लगभग चार किमी दूर मलघाट नामक स्थान पर दो जगहों पर भारी मलबा आ गया है। पहाड़ की तरफ से लगातार पत्थर गिर रहे हैं। धारचूला से आदि कैलास जाने वाले यात्री तवाघाट में फंसे है तो आदि कैलास दर्शन कर वापस लौट रहे यात्री पांगला से आगे फंसे हैं। क्षेत्र में अभी भी वर्षा जारी है। सड़क संचालक बीआरओ का कहना है कि मौसम के शांत होने के बाद और पहाड़ की तरफ से पत्थरों का गिरना बंद होने के बाद ही मार्ग खोलने की कार्यवाही होगी।

### मुनस्यारी में कई मकान क्षतिग्रस्त

धारचूला से आदि कैलास दर्शन के लिए जाने वाले अधिकांश यात्री मौसम के खराब होने से पूर्व मलघाट से आगे बढ़ चुके थे। दोपहर 12 बजे के बाद धारचूला से रवाना होने वाले यात्री फंसे हैं। वहीं आदि कैलास से लौट रहे सभी यात्री फंसे हैं। मुनस्यारी में भी तेज अंधड़ के साथ वर्षा से कुछ मकानों की छतें उड़ चुकी हैं। जिले के अन्य क्षेत्रों में धूप खिली है।

हिमाचल में भीषण गर्मी के बीच बारिश

## शिमला-मनाली में झमाझम, सोलन में 5 गाड़ियों पर गिरे पेड़

**शिमला।** भारी गर्मी से झुलस रहे हिमाचल प्रदेश के लिए राहत की खबर है। प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार को भी मौसम ने करवट बदली है और बारिश हो रही है। शुक्रवार को प्रदेश के मंडी, मनाली, कांगड़ा और बिलासपुर जिले में बारिश हुई है। दोपहर बाद गर्मी से राहत मिली। गुरुवार को प्रदेश के कई इलाकों में बारिश और ओले गिरे थे। सोलन बाजार में बारिश और तूफान के चलते पांच गाड़ियों पर पेड़ गिर गया। वहीं, मंडी के धर्मपुर के पास मंडप, बरोटी सहित अन्य इलाकों में बारिश होने से गर्मी से राहत मिली है।



### ऊना, बिलासपुर, सिरमौर और सोलन में ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने शुक्रवार दोपहर ढाई बजे तीन घंटे के लिए ऊना, बिलासपुर, सिरमौर और सोलन में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हालांकि, शिमला में दोपहर तक धूप खिली हुई थी. लेकिन बाद में मौसम ने करवट ली और यहां पर अब मौसम सुहावना हो गया है। बिलासपुर के घुमारवीं में झमाझम बारिश हुई। ऊना में भी राहत की फुहारें पड़ीं।

आईएमडी की चेतावनी

### देश के कई हिस्सों में गर्मी का अलर्ट, फिलहाल 4 दिन राहत के आसार नहीं

**नई दिल्ली।** देशभर में इन दिनों गर्मी का सितम जारी है। उत्तर भारत तो मानो बुरी तरह जल रहा है। देश के कई राज्यों में कई जिले गर्मी-उमस से बेहाल हैं। मौसम विभाग ने हीटवेव को लेकर भी अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार फिलहाल 4 दिन राहत की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। इसके पहले पंजाब का बठिंडा 47.6 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा। , हरियाणा के सिरसा में पारा 46.2 डिग्री दर्ज किया गया। राजस्थान में हीटवेव का असर है।



## खबर संक्षेप


### मासूम से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली की एक विशेष जिला अदालत ने 4साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पॉक्सो मामलों के विशेष न्यायाधीश देवाशीष पांडेय ने ऋषिपाल सिंह को दुष्कर्म का दोषी पाया। आजीवन कारावास की सजा के साथ ही 20 हजार का जुर्माना भी लगाया।



### आंध्र प्रदेश में स्कूली बच्चों को मिलेंगे 15 हजार रु.

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश में तेदेपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने 'तल्लिकी वंदनम' योजना शुरू की है, जिसके तहत स्कूल जाने वाले सभी बच्चों को साल में 15 हजार रुपएदिए जाएंगे। आंध्रप्रदेश की 'तल्लिकी वंदनम' योजना 2024 के चुनावों से पहले मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू द्वारा किए गए 'सुपर सिक्स' कल्याणकारी वादों में से एक है, जो लागू हो रही है।



### संगम क्षेत्र में पिकअप पलटी, 18 श्रद्धालु घायल

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में शुक्रवार सुबह एक पिकअप वाहन के पलटने से 18 श्रद्धालु घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि वाहन में सवार श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए जा रहे थे कि तभी दारागंज थानाक्षेत्र में ओडी फोर्ड चौराहे के पास यह दुर्घटना हो गई। 22 श्रद्धालुओं को लेकर जा रहा पिकअप ओडी फोर्ट चौराहे पर मुड़ते समय पलट गया।



### किस्त के लिए पैसे नहीं दिए तो कुल्हाड़ी से काटा

**कैथल।** पत्नी ने बैंक की किस्त भरने के लिए पैसे देने से मना कर दिया तो पति ने पत्नी और बेटी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। बचाव में आई महिला की सास से भी मारपीट की गई। सुभाष नगर निवासी रजनी की शिकायत पर पति जोगिंद्र के विरुद्ध सिटी थाना में केस दर्ज किया गया है। वह मजदूरी का कार्य करती है। उसके पास दो लड़कियों और एक लड़का है।



### 'जान गंवाने वाली' नर्स पर पोस्ट, निलंबित

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में एक सरकारी कर्मचारी को फेसबुक पर केरल की एक नर्स के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए निलंबित कर दिया गया है। इस नर्स की अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। वेल्लारीकुंडु तालुक कार्यालय में जूनियर अधीक्षक ए पवित्रन को सस्पेंड कर दिया गया। उन्होंने पतनमथिट्टा की नर्स रंजीता का मजाक उड़ाया था।



धुबरी में मंदिर में गाय के अवशेष मिलने के बाद मचा बवाल, बोले- सीएम सरमा

# पत्थरबाजी सहित गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल उत्पातियों को देखते ही गोली मार दें

एजेंसी ▶▶ धुबरी

यहां बढ़ते सांप्रदायिक तनाव के बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने क्षेत्र में आगे अशांति को रोकने के लिए देखते ही गोली मारने के आदेश दिए हैं। सरमा ने यह फैसला एक हनुमान मंदिर में गाय के अवशेष मिलने के बाद लिया गया है। इस घटना से स्थानीय स्तर पर आक्रोश फैल गया था। सीएम सरमा कानून व्यवस्था की स्थिति का आकलन करने के लिए शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे धुबरी पहुंचे। सर्किट हाउस पहुंचते ही उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री के दौरे से पहले धुबरी पुलिस ने सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी थी। समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए सरमा ने धुबरी शहर में देखते ही गोली मारने के आदेश दिए हैं। साथ ही कहा कि अधिकारी पत्थरबाजी जैसी घटनाओं सहित गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करेंगे। यह निर्देश आज रात से लागू होगा।

*मुख्यमंत्री ने की समीक्षा बैठक , कानून व्यवस्था के पालन के लिए सख्त कदम उठाने को कहा*



यहां किसी तरह की अवैध गतिविधियां नहीं चलेंगी

### विशेष वर्ग मंदिरों को क्षति पहुंचाने की कोशिश कर रहा

उन्होंने कहा कि इस बार बकरीद पर कुछ असामाजिक तत्वों ने धुबरी के हनुमान मंदिर में गोमांस फेंककर घृणित और निंदनीय अपराध किया। उन्होंने कहा कि एक विशेष वर्ग हमारे मंदिरों को क्षति पहुंचाने की नीयत से सक्रिय हो चुका है इसलिए हमने अवैध गतिविधि देखते ही पुलिस को गोली मारने के आदेश दिए हैं।

### जरूरत पड़ी तो मैं करूंगा मंदिरों में पहरेदारी

उन्होंने कहा कि आगामी बकरीद पर अगर जरूरत पड़ी तो मैं खुद रात भर हनुमान बाबा के मंदिर में पहरेदारी करूंगा। उन्होंने कहा कि धुबरी में एक नया गोमांस माफिया सामने आया है, जिसने ईद से ठीक पहले हजारों पशुओं की खरीद की है। जांच चल रही है और अपराधियों को सलाखों के पीछे डाला जाएगा।

### अपराधियों को बिना देरी के गिरफ्तार करने का निर्देश

शांति और व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरमा ने कानून प्रवर्तन एजेंसियों को जिले में सभी ज्ञात अपराधियों को बिना देरी के गिरफ्तार करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने सीमा पार से कट्टरपंथी खतरों के बारे में चेतावनी दी तथा दावा किया कि बांग्लादेश की बाहरी ताकतें क्षेत्र को अस्थिर करने की कोशिश कर रही हैं।

### हम सांप्रदायिक ताकतों को हराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध

असम सीएम ने दृढ़ता से कहा कि मैं ऐसे तत्वों को धुबरी में शांति भंग नहीं करने दूंगा। मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर भी स्थिति के बारे में जानकारी दी, जहां उन्होंने लिखा- बकरीद के दौरान धुबरी में क्या हुआ और हम इस स्थिति पर कैसे प्रतिक्रिया दे रहे हैं। हम जिले में कानून और व्यवस्था को लागू करने और सभी सांप्रदायिक ताकतों को हराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

### घटना में शामिल किसी को नहीं बख्शा जाएगा

असम के सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे हमारे मंदिरों और पवित्र स्थानों को अपवित्र करने वाले तत्वों के खिलाफ जीरो सहनशीलता का पालन करें। शहर के हनुमान मंदिर में गोमांस फेंकने की घटना कभी नहीं होनी चाहिए थी और इसमें शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। हम जिले में कानून-व्यवस्था को लागू करने और सभी सांप्रदायिक ताकतों को हराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

अत्यधिक सक्रिय हो गया एक विशेष वर्ग

### पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े



सरमा ने कहा कि हाल ही में असम राज्य और बांग्लादेश में कुछ राजनीतिक परिवर्तन हुए हैं। इसके बाद एक विशेष वर्ग ऑनलाइन और ग्राउंड स्तर स्तर पर अत्यधिक सक्रिय हो गया है और एक सुनियोजित नकारात्मक वातावरण बनाने का प्रयास कर रहा है। धुबरी शहर में 8 जून को एक मंदिर के पास मांस फेंके जाने के विरोध में प्रदर्शन हुए थे, जिस वजह से स्थिति बिगड़ गई थी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े थे।

विमान दुर्घटना को लेकर आरोप-प्रत्यारोप

# कांग्रेस की शाह पर टिप्पणी 'शर्मनाक' और निंदनीय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कांग्रेस द्वारा की गई कथित टिप्पणी की आलोचना करते हुए इसे 'शर्मनाक' करार दिया। पार्टी ने कहा कि विपक्षी दल ने अहमदाबाद में एअर इंडिया विमान दुर्घटना को लेकर उस समय राजनीति शुरू की जब देश पीड़ितों की मौत पर शोक मना रहा है। भाजपा की यह टिप्पणी कांग्रेस द्वारा विमान दुर्घटना के बाद अहमदाबाद में शाह की टिप्पणी को 'असंवेदनशील' करार दिये जाने के बाद आई है। कांग्रेस ने कहा था कि 'केंद्रीय गृहमंत्री 'भाषण और कंधे उचकाने' के बजाय कम से कम जवाबदेही का वादा तो कर सकते थे। कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शाह की टिप्पणी का एक संक्षिप्त क्लिप सोशल मीडिया पर साझा किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कांग्रेस की बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए 'एक्स' पर लिखा, जब पूरा देश एअर इंडिया दुर्घटना में मारे गए लोगों की मौत पर शोक मना रहा है, तब कांग्रेस राजनीति शुरू कर रही है।



### कांग्रेस ने फर्जी वीडियो साझा किया

भंडारी ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह के 7 मिनट 11 सेकंड के वीडियो में, कांग्रेस ने फर्जी खबर फैलाने के लिए 11 सेकंड का क्लिप साझा किया। शर्मनाक है कि एकजुटता पर राजनीति हावी हो गई। भंडारी ने कहा कि तथ्य यह है कि गृह मंत्री ने कहा था कि हम उन परिवारों के साथ खड़े हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। उन्होंने कहा कि शाह ने कहा था कि जांच के आदेश दे दिए गए हैं तथा आपदा प्रबंधन प्रणाली की सतर्कता का परीक्षण किया जाएगा। अहमदाबाद हवाई अड्डे से लंदन के गैटविक हवाई अड्डे के लिए गुरुवार दोपहर उड़ान भरने के कुछ क्षण बाद ही एअर इंडिया का विमान एआई-171 दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान में चालक दल सहित सवार 242 लोगों में से 241 की मौत हो गई।

### खेड़ा ने वीडियो में किया 'असंवेदनशील' दावा



कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शाह के बयान का संक्षिप्त वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया और यह दावा किया कि शाह ने यह बयान दिया कि दुर्घटनाओं को कोई नहीं रोक सकता। उनके इस पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि क्या अब केंद्रीय गृह मंत्री को यही कहना चाहिए? यह अत्यंत 'असंवेदनशील' है।

ईडी ने बिहार सरकार में निविदा अनियमितता मामले में छापे मारे

# पटना, मुजफ्फरपुर और सूरत समेत 9 स्थानों पर छापेमारी, सबूत और दस्तावेज जब्त किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में राज्य सरकार की निविदा में कथित अनियमितताओं के संबंध में 'ठेकेदार-नौकरशाह गठजोड़'से जुड़े धन शोधन के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय ने कई राज्यों में छापेमारी की। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत पटना स्थित ठेकेदार रिशु श्री से जुड़े मामले में गुरुवार को पटना और मुजफ्फरपुर (बिहार), सूरत (गुजरात) और पानीपत (हरियाणा) में 9 स्थानों पर छापेमारी की गई। इसमें कहा गया कि ठेकेदार से 'जुड़े' कुछ लोगों और ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ की गई छापेमारी के दौरान 'अपराध से जुड़े' कई सबूत और दस्तावेज जब्त किए गए।

धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की कार्वाई



### रिशु श्री और अन्य के खिलाफ दर्ज थी एफआईआर

धन शोधन का मामला बिहार सरकार की विशेष सतर्कता इकाई द्वारा रिशु श्री और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से संबद्ध है। ठेकेदार की कंपनियां बिहार सरकार के विभिन्न विभागों जैसे जल संसाधन, स्वास्थ्य, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, शहरी विकास, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम, शिक्षा, भवन एवं निर्माण और ग्रामीण कार्य विभाग में अनुबंध और उप-अनुबंध हासिल करती हैं। ठेकेदार ने लाभ के खातिर निविदाओं को सुविधाजनक बनाने अधिकारियों के साथ 'सांठगांठ' की। इसके पहले एजेंसी ने 11.64 करोड़ जब्त किए थे।

*महागठबंधन में ड्राइविंग सीट के लिए राजनीतिक 'मारामारी' शुरू*

पटना में मचा बवाल

# दीपेंद्र ने कांग्रेस को फ्रंटफुट पर खेलने को कहा तो आरजेडी ने तेजस्वी को बढ़ने का दावा ठोका

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन ने कोऑर्डिनेशन कमिटी का गठन कर लिया है। आरजेडी तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन के आगे बढ़ने का दावा हो रहा है। कांग्रेस इसे मानने को तैयार नहीं हैं। बिहार गए कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने गठबंधन राजनीति की ड्राइविंग सीट को लेकर बड़ा बयान दिया है, जिससे बिहार की राजनीतिक फिजा गरमा गई है। दरअसल पटना से एक खास तस्वीर सामने आई है। इस तस्वीर में गाड़ी की ड्राइविंग सीट पर दीपेंद्र बैठे हुए हैं। बिहार के चुनावी साल में कांग्रेस अकेले ही आंदोलन कर रही है।

बिहार में राजनीतिक पैंतरेबाजी से राजनीति में आई गरमी



### हुड्डा के दावे से राजनीति गरमाई

बिहार के युवाओं के मुद्दे को लेकर नौकरी दो या सत्ता छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व करने पहुंचे हुड्डा के एक बयान ने फिर से बिहार की राजनीति को हवा दे दी है। हुड्डा ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि चुनाव में फ्रंट फुट पर ड्राइविंग सीट पर कांग्रेस ही रहेगी।

### एनडीए ने साधा निशाना

सत्तारूढ़ भाजपा ने हुड्डा के बयान पर महागठबंधन के अंदर चल रही खींचतान की ओर इशारा करते हुए कहा कि जहां नेतृत्व को लेकर आपसी खींचतान जारी है। उसका विधानसभा चुनाव में क्या हश्र होगा?

अब कांग्रेस ढीली पड़ी

### अब की जा रही डैमेज कंट्रोल की कोशिशें

हुड्डा के इस बयान के बाद महागठबंधन डैमेज कंट्रोल में लगा हुआ है और महागठबंधन में सब कुछ ठीक होने का दावा कर रहा है। बहरहाल, फ्रंट फुट या ड्राइविंग सीट का मसला कांग्रेस विधानसभा के चुनावी साल में लगातार उठाती रही है और कांग्रेस नेताओं के इस मसले पर बयान ने सत्ता पक्ष को भी महागठबंधन की एकता के दावे पर घेरने का एक बड़ा मुद्दा दे दिया है।


यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया-लॉस एंजिल्स की नई रिसर्च में दावा

# किडनी के मरीजों के लिए कोरोना वैक्सीन बनी 'रामबाण'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया-लॉस एंजिल्सॉ ने शुक्रवार को एक नई रिसर्च की रिपोर्ट जारी की। इसके अनुसार जिन मरीजों को कोविड वैक्सीन लगी हुई थी और उन्हें कोरोना के दौरान एक्यूट किडनी इंजरी यानी किडनी संबंधित बीमारी हुई, उनकी हालत बिना वैक्सीन वाले मरीजों से बेहतर रही। रिसर्च में पाया कि जिन मरीजों को पहले से कोरोना की वैक्सीन लगी हुई थी, उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद डायलिसिस की जरूरत कम पड़ी।

### ऐसे रोगियों को डायलिसिस की जरूरत कम पड़ी






**वैक्सीन लगवाने से मौत का खतरा कम हो गया :** पीयर-रिव्यूड जर्नल किडनी मेडिसिन में प्रकाशित नतीजे से पता चलता है कि वैक्सीन लगवाने से मरीजों मेंताकत कम होने का खतरा घट जाता है और मौत का खतरा भी कम हो जाता है। यूसीएलए में डेविड गेफेन स्कूल ऑफ मेडिसिन में मेडिसिन की एसोसिएट प्रोफेसर और प्रमुख लेखक डॉ. निलोफर नोबख्त ने जानकारी दी।

### करीब 3,500 मरीजों का विश्लेषण किया

शोधकर्ताओं ने करीब 3,500 ऐसे मरीजों का विश्लेषण किया, जो 1 मार्च 2020 से 30 मार्च 2022 के बीच कोविड की वजह से अस्पताल में भर्ती हुए थे। नोबख्त ने कहा कि वैक्सीन लगवाना फायदेमंद है। वैक्सीन लगवाने से डायलिसिस की जरूरत पड़ने का खतरा कम हो जाता है। यह लंबी और बेहतर जिंदगी के लिए एक जरूरी कदम है। उन मरीजों में से 972 मरीजों को एकेआई की समस्या थी। इनमें से 411 मरीज ने वैक्सीन नहीं लगवाई थी।

### गंभीर जटिलताओं के खतरे को कम किया

रिसर्च में पाया कि जिन मरीजों को पहले से कोरोना की वैक्सीन लगी हुई थी, उन्हें डायलिसिस की जरूरत कम पड़ी। वैक्सीन न लेने वाले मरीजों की तुलना में उनकी जान बचने की संभावना ज्यादा रही। एक्यूट किडनी इंजरी कोरोना से संक्रमित लोगों में काफी आम है। लगभग 46 प्रतिशत मरीजों को यह समस्या हो सकती है। यह बीमारी किडनी के काम में कमी ला सकती है, अगर ज्यादा गंभीर हो तो मरीज को डायलिसिस की भी जरूरत पड़ सकती है। कोविड वैक्सीन गंभीर जटिलताएं होने के खतरे को कम कर सकती है।

सुप्रीम कोर्ट पहुंचा 'ठग लाइफ' विवाद

# कर्नाटक सरकार से फिल्म की रिलीज को लेकर मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' का विवाद अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक के सिनेमाघरों में कमल हासन की फिल्म 'ठग लाइफ' के प्रदर्शन को लेकर कथित धमकियों से सुरक्षा की मांग वाली याचिका पर कर्नाटक सरकार से जवाब मांगा है। जज प्रशांत कुमार मिश्रा और जज मनमोहन की पीठ ने एम महेश रेड्डी की याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें कर्नाटक में 'ठग लाइफ' के प्रदर्शन पर प्रतिबंध को चुनौती दी गई है। अगली सुनवाई अगले मंगलवार को होगी। रेड्डी ने याचिका में कहा कि फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से प्रमाण मिला है। इसके बावजूद, कर्नाटक सरकार ने सिनेमाघरों में इसकी रिलीज को कथित तौर पर रोका है। उन्होंने दलील दी कि इसमें कोई आधिकारिक निषेधाज्ञा या एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।



**खबर संक्षेप**

### फोनपे ने मैपमाईइंडिया में 5% हिस्सेदारी बेची




**नई दिल्ली।** प्रमुख डिजिटल भुगतान कंपनी फोनपे ने खुले बाजार लेनदेन (ओपन मार्केट ट्रांजैक्शन) के जरिये मैपमाईइंडिया की मूल कंपनी सीई इन्फो सिस्टम्स में पांच प्रतिशत हिस्सेदारी 486 करोड़ रुपये में बेचकर अपनी हिस्सेदारी घटा दी। फोनपे वॉलमार्ट नियंत्रित ऑनलाइन रिटेलर फ्लिपकार्ट की एक इकाई है।

### रिलायंस ने एशियन पेंट्स में 3.64% हिस्सेदारी बेची




**नई दिल्ली।** अरबपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने एशियन पेंट्स में 3.64 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच दी, जबकि एसबीआई म्यूचुअल फंड ने खुले बाजार लेनदेन के जरिये 7,703 करोड़ रुपये में ये शेयर खरीदे। कमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड के जरिये एशियन पेंट्स में 3.50 करोड़ इक्विटी शेयर या 3.64 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची।

### अमेरिका में खुदरा मुद्रास्फीति मई में बढ़कर 2.4 प्रतिशत



**वाशिंगटन।** अमेरिका में पिछले महीने खाद्य उत्पादों की कीमतें बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई जबकि कुल मुद्रास्फीति काफी हद तक नरम रही। अमेरिकी श्रम विभाग की तरफ से जारी मासिक रिपोर्ट के मुताबिक, मई महीने में उपभोक्ता कीमतें सालाना आधार पर 2.4 प्रतिशत बढ़ गईं।

### विश्व बैंक व आईएफसी ने पाक को किया ऋण मंजूर

WORLD BANK

**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) और विश्व बैंक ने पाकिस्तान की प्रमुख खनन एवं संसाधन विकास योजना के लिए 70 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रियायती ऋण को मंजूरी दी है। 'रेको दिक' परियोजना को बलूचिस्तान प्रांत में अंजाम दिया जाएगा जिसे देश के खनिज समृद्ध क्षेत्र के रूप में जाना जाता है।

## सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

# ईरान पर इजरायली हमले से शेयर बाजार में हाहाकार, सेंसेक्स में 573 अंकों की गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*कमजोर वैश्विक बाजारों और ईरान के सैन्य प्रतिष्ठानों पर इजराइली हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट पर रहे। सेंसेक्स 573 अंक और निफ्टी 170 अंक टूट गया।*

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 573.38 अंक यानी 0.70 प्रतिशत गिरकर 81,118.60 अंक पर बंद हुआ। सुबह के कारोबार में सेंसेक्स 1,337.39 अंक तक गिरकर 80,354.59 पर आ गया था लेकिन बाद में एक हद तक संभल गया। निफ्टी 169.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत गिरकर 24,718.60 अंक पर बंद हुआ।

### विदेशी पूंजी बाहर जाने की आशंका

विश्लेषकों का मानना है कि इजराइल और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध छिड़ने और विदेशी पूंजी के बाहर जाने की आशंकाओं के बीच निवेशकों ने जोखिम वाले शेयरों से दूर रहना बेहतर समझा।

### एकतरफा शुल्क लगाने से चिंता बनी हुई

मेहता इक्विटी लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, /"पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से निवेशकों ने सोने जैसे सुरक्षित निवेश का रुख किया और जोखिम भरे इक्विटी बाजार से दूर रहे। अगले कुछ हफ्तों में अमेरिका की तरफ से एकतरफा शुल्क लगाने की नई चिंताओं ने भी धारणा पर असर डाला।/"

**बाजार से विदेशी पूंजी के बाहर जाने की संभावना** ▶ **निवेशकों ने जोखिम वाले शेयरों से दूर रहना बेहतर समझा** ▶ **निवेशकों ने सोने जैसे सुरक्षित निवेश का रुख किया**

### दो दिनों में निवेशकों के 8.35 लाख करोड़ डुबे

शेयर बाजार में दो सत्रों से जारी गिरावट के बीच इक्विटी बाजार के निवेशकों को कुल 8.35 लाख करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में खासी तेजी देखी गई। इस तीव्र गिरावट के चलते बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण दो सत्रों में 8,35,799.85 करोड़ रुपये घटकर 4,47,21,343.34 करोड़ रुपये रह गया।



### कच्चा तेल 76 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

नायर ने कहा कि ब्रेंट क्रूड की कीमतें 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गईं, जो इस साल का उच्चतम स्तर है, जिससे तनाव जारी रहने पर मुद्रास्फीति की आशंका बढ़ गई है। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 7.44 प्रतिशत उछलकर 74.52 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

*इन शेयरों में रही घट-बढ़ : सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट में सबसे ज्यादा गिरावट रही। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा और मारुति के शेयरों में बढ़त रही।*

### तेल से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में गिरावट

बीएसई पर भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयर में 1.90 प्रतिशत, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में 1.78 प्रतिशत और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयर में 1.41 प्रतिशत की गिरावट आई। दिनभर के कारोबार में बीपीसीएल में 6.11 प्रतिशत, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड में 5.34 प्रतिशत और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में 3.91 प्रतिशत तक की गिरावट आई थी। इंटरग्लोब एविएशन के शेयर में 3.71 प्रतिशत और स्पाइसजेट के शेयर में 1.95 प्रतिशत की गिरावट आई। सत्र के दौरान स्पाइसजेट का शेयर 5.64 प्रतिशत और इंटरग्लोब एविएशन का शेयर 5.62 प्रतिशत तक गिर गया था।

## मर्सिडीज ने लांच की भारतीय ग्राहकों के लिए खास एसयूवी, कीमत 4.30 करोड़ रुपये



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मर्सिडीज-बेंज ने भारतीय बाजार के लिए एएमजी जी 63 एसयूवी का नया कलेक्टर एडिशन लांच किया है। इस लिमिटेड एडिशन कार की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 4.30 करोड़ रुपए रखी गई है। कंपनी ने इस एसयूवी का अट्रैक्टिव लुक और दमदार इंजन से लैस किया है। इस स्पेशल-एडिशन को खास तौर पर भारतीय ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। ये स्पेशल लिमिटेड एडिशन मॉडल है, जिसके चलते भारतीय बाजार में इसकी सिर्फ 30 यूनिट बेची जाएंगी। कंपनी के मुताबिक, इसकी हर यूनिट स्पेशल है। इसे खरीदने वाले ओनर के लिए इसे कस्टमाइज किया गया है।

गोल्ड में फिनिश एएमजी स्पेक एलॉय व्हील : इसे सिर्फ 2 कलर ऑप्शन में ही खरीद पाएंगे। इसमें मिड ग्रीन मैग्नो और रेड मैग्नो है। इसमें एक कलर मानसून की हरी-भरी हरियाली से प्रेरित है। जबकि दूसरा कलर भारत की लौह-समृद्ध मिट्टी से प्रेरित है। इसमें रियर स्पेयर व्हील कवर पर 'वन ऑफ थर्टी' की स्ट्रिप लाइन देखने को मिली है, जो एसयूवी की पूरी लंबाई को कवर करते हुए चलता है। इसमें गोल्ड में फिनिश किए गए 22-इंच एएमजी-स्पेक एलॉय व्हील शामिल हैं।

ट्विन टर्बो वी8 इंजन : मर्सिडीज-एएमजी जी 63 के पावर की तो कंपनी ने इस एसयूवी में 4.0-लीटर कैपेसिटी वाला ट्विन-टर्बो वी8 इंजन दिया है, जो 48वी माइल्ड-हाइब्रिड टेक्नोलॉजी से लैस है।

**PUBLIC NOTICE**

General Public is hereby informed that my client **Shri PHOOL SINGH** S/o- Sohan Lal, R/o- RZ- 313, Pankha Road, Braham Puri, South West Delhi, Delhi-110046, has severed all his relations and have disowned his son **Sh. ASHISH**, from his all movable and immovable properties due to his quarrelsome and disobedient nature. So my client shall not be responsible for any act of his Son **Sh. ASHISH** & his wife **Smt. UMA KUMARI**, if anyone do so then he/she will do so at his/her own risk.

**Gaurav Sadana (Advocate)**
**Enrl No. D/6524/2021**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या 03 वर्ष 2025-26**

अधोलिखित कार्यो के लिये मुहरबन्द खुली निविदायें भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल एवं दूरसंचार), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं.-1,** कार्यो का विवरण: कन्नौज स्टेशन पर विविध सिगनलिंग कार्य तथा गुड्स शेड/मानीमऊ को कनेक्ट करने हेतु निर्माणाधीन साइडिंग लाइन के लिये कन्नौज-अरोल खण्ड के सिगनल एवं दूरसंचार यूटिलिटी को शिफ्ट करना। अनुमानित लागत: ₹ 3,16,71,446.65, बयाना राशि: ₹ 3,08,400/-, कार्य समापन अवधि: 09 माह।

ई-निविदायें जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय: दिनांक 04-07-2025 को 11:00 बजे।

- पूर्ण विवरण वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* पर अपलोड कर दी गयी है।
- सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिये।

**वरि. मण्डल सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर,**
मुजाधि/सिगनल-20 **इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# क्रेडाई ने अदाणी सीमेंट के साथ की साझेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रियल एस्टेट क्षेत्र का शीर्ष निकाय क्रेडाई ने निर्माण गतिविधियों में पर्यावरण अनुकूल और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने के लिए अदाणी सीमेंट के साथ साझेदारी की है। कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि उसने 'देश भर में पर्यावरण अनुकूल और उच्च गुणवत्ता वाली निर्माण प्रक्रियाओं को बढ़ावा देने के लिए अदाणी सीमेंट के साथ रणनीतिक साझेदारी' की है।

देश के 20 राज्यों और 230 शहरी शाखाओं में 13,000 से अधिक निजी रियल एस्टेट डेवलपर का प्रतिनिधित्व कर रहे क्रेडाई ने 'ग्रीन इंडिया काउंसिल' और 'स्किलिंग काउंसिल' भी शुरू की है। इसने कहा, "क्रेडाई के पसंदीदा भागीदार के रूप में, अदाणी सीमेंट 'गृह' (ग्रीन रेटिंग फॉर इंटीग्रेटेड हैबिटेट एसेसमेंट) प्रमाणित उत्पादों के साथ उत्तम गुणवत्ता के उत्पाद प्रदान करेगा, जिसमें हरित कंक्रीट समाधान और तकनीकी सेवाएं




शामिल हैं।" यह घोषणा गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और क्रेडाई नेतृत्व की उपस्थिति में आयोजित क्रेडाई की संचालन परिषद की बैठक में की गई।

"ग्रीन इंडिया काउंसिल' और 'स्किलिंग काउंसिल' की शुरुआत हमारे उद्योग के मूल में पर्यावरण अनुकूलता और कार्यबल विकास को एकीकृत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

ये पहल आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने, पर्यावरण की रक्षा करने और समुदायों के उत्थान के लिए एक परिवेश बनाने की क्रेडाई की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अदाणी सीमेंट, क्रेडाई सदस्यों को इंजीनियरों और निर्माण पेशेवरों को कुशल बनाने के लिए तकनीकी सहायता और ज्ञान-साझाकरण कार्यक्रम भी प्रदान करेगी।




### विदेशी मुद्रा भंडार में 5.17 अरब डॉलर की हुई बढ़ोतरी

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार छह जून को समाप्त सप्ताह में 5.17 अरब डॉलर बढ़कर 696.65 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले 30 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.24 अरब डॉलर घटकर 691.48 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। छह विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.47 अरब डॉलर बढ़कर 587.68 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.58 अरब डॉलर बढ़कर 85.88 अरब डॉलर हो गया।

# सोना 2,200 रुपए उछलकर फिर एक लाख के पार, चांदी भी चमकी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सोने की कीमतों में लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही। ईरान पर इजराइल के सैन्य हमले के बाद बढ़े तनाव के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 2,200 रुपये उछलकर 1,01,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड उच्च स्तर के करीब पहुंच गयी। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से निवेशकों का रुझान सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर बढ़ने से सोने के दाम में तेजी रही। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,900 रुपये बढ़कर 1,00,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। इससे पहले, 22 अप्रैल को सोने की कीमत 1,800 रुपये चढ़कर 1,01,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। चांदी की कीमतों में 1,100 रुपये की तेजी आई और यह 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के



■ सोना उछलकर 1,01,540 रुपए प्रति 10 ग्राम

सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। सोमवार को चांदी की कीमतों में 1,000 रुपये की तेजी आई थी और यह 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। मेहता इक्विटीज के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, "सोने की कीमतों ने एक नई ऊंचाई को छुआ और एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार कर गया, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, सराफा 3,440 डॉलर प्रति औंस से ऊपर चला गया।

**कुटेशन नोटिस**

हरियाणा राज्य परिवहन, रोहतक में वाहनों की मुरम्मत के लिये हार्ड वेयर/पैटी आईटमस / मिसलेनियस आईटम की अगले एक वर्ष के लिये खरीद की जानी है। इच्छुक सप्लायर दिनांक 20-06-25 तक अपनी सील बन्द कुटेशन महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक के नाम भेज सकते हैं। जिसके उपर स्टोर आईटम कुटेशन लिखा होना अनिवार्य है। स्टोर आईटम की लिस्ट व अन्य शर्तों के लिये महाप्रबन्धक कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है कुटेशन से संबंधित सभी दस्तावेज किसी भी कार्य दिवस को दिनांक 20-06-25 से पहले आकर 100/- रू० जमा करवाने उपरान्त महाप्रबन्धक कार्यालय हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक से प्राप्त कर सकते हैं।

हस्ता/-महाप्रबंधक
हरियाणा राज्य परिवहन, रोहतक

पीआरडीएच 1119/11/680/2026/35602/88/7 दि. 13.06.2025

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुकेश कुकरेजा** पुत्र सुख देव राज कुकरेजा निवासी मकान नं. 88, द्वितीय तल, जागृति एन्क्लेव, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 206/2019 धारा 498ए के तहत थाना आनंद विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मुकेश कुकरेजा** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मुकेश कुकरेजा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 206/2019 धारा 498ए के तहत थाना आनंद विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मुकेश कुकरेजा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **24.07.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री मोक्षा बैंस,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (महिला कोर्ट-02),
कोर्ट संख्या 50, भूतल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/7538/SHD/2025

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रशान्त शुक्ला** पुत्र श्री राज कुमार शुक्ला, निवासी जे-46, विजय चौक के पास, लक्ष्मी नगर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 366/2019 धारा 232/451/506/34 भा.दं.स. थाना शकरपुर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **प्रशान्त शुक्ला** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **प्रशान्त शुक्ला** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 366/2019 धारा 232/451/506/34 भा.दं.स. थाना शकरपुर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **प्रशान्त शुक्ला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **19.07.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: श्री पी. भार्गव राव,**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-05,**
**पूर्वी जिला, कोर्ट नं. 03,**
**कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली।**

DP/7602/ED/2025

## राशिफल

**मेष** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा।तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** — परिवार में सदभाव बनाये रखने के प्रयास करे। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। अनावश्यक विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है। संपत्ति में निवेश के रास्ते खुलेंगे। लाभ के योग हैं।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। लंबे समय से चली आ रही समस्याओं से निजात मिलेगी।

**कन्या** — खर्चों में वृद्धि भी होगी। मीठे खानपान में रुचि रहेगी। आय में वृद्धि भी होगी। व्यर्थ की चिंताओं से स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

**तुला** — कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी, परन्तु यथानुरूप लाभ के अवसर कम मिल सकते हैं। आशातीत सफलता मिलने के योग कम हैं।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।

**धनु** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। माता का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के साधन बन सकते हैं।

**मकर** — कारोबार में कठिनाइयां तो आ सकती हैं, परन्तु किसी मित्र के सहयोग से कारोबार के लिए विदेश यात्रा पर जाने का अवसर भी मिल सकता है।

**कुंभ** — नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। खर्च बढ़ेंगे। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — लाभ के अवसर मिल सकते हैं। यात्रा में वृद्धि हो सकती है। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मई में रोजगार सृजन 8.9 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।** भारत में रोजगार सृजन में लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद मई में 8.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, सालाना आधार पर इसमें 1.8 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# ट्रैफिक नियमों का करें पालन और पाएं सम्मान : गहलोत

**नई दिल्ली।** यातायात नियमों का पालन करने कि लिए यातायात पुलिस गुरूग्राम द्वारा वाहन चालकों को सम्मानित करने की आधिकारिक षुरूआत कर दी गई है। इसी 'चालान नहीं सलाम' मुहिम के तहत गुरूग्राम के प्रसिद्ध समाजसेवी श्री सुरेन्द्र गहलोत एडवोकेट जी को यातायात पुलिस उपायुक्त डॉ राजेश मोहन जी ने अपने कार्यालय में सम्मानित कर इस नई मुहिम का शुभारंभ किया। 'चालान नहीं सलाम मिलेगा' अभियान के तहत 1 मई 2025 से 30 मई 2025 तक यातायात नियमों की पालना करने वाले वाहन चालकों का चालान जारी न होने के आधार पर सबसे



ऊपर चुने गए पांच ट्रैफिक हीरो को प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।डॉ राजेश मोहन ने बताया कि आम लोग जैसे फिल्म के हीरो अनुसरण करते हैं उसी प्रकार गुरुग्राम वासियों से अपील है कि वह भी चुने गए ट्रैफिक हीरो की तरह यातायात नियमों का पालन करें और इस समय की मुहिम के हिस्सेदार बनकर एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं। इस मुहिम का उद्देश्य यातायात नियमों की पालन करने वाले वाहन चालकों की संख्या को अधिक से अधिक बढ़ाकर लोगों को प्रोत्साहित करना है। भविष्य में इन ट्रैफिक हीरो की तादात को और भी बढ़ाया जाएगा।श्री सुरेन्द्र गहलोत जी ने गुरूग्राम जिले के लोगों से अपील की कि सभी लोग यातायात नियमों का पूरी तरह से पालन करें और अपने बच्चों को भी यातायात नियम की जानकारी दें। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनें, गलत दिशा में वाहन न चलाएं, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर पहनें और यदि बहुत जरूरी न हो तो अपनी लेन न बदलें। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन न चलाने दें।इस दौरान सहायक यातायात पुलिस आयुक्त सत्यपाल यादव जी, यक यातायात पुलिस आयुक्त वीरेंद्र सिंह, सहायक पुलिस अधिकारी पश्चिम जय सिंह, यातायात निरीक्षक संदीप सिंह, उप निरीक्षक राकेश कुमार जी के अतिरिक्त यातायात के अनेक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## शब्द पहेली - 5897




**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

**शब्द पहेली - 5896 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बि | रा | द | री | ■ | ज | य | मा | ला | ■ |
| बि | ल | ■ | श | ■ | का | य | म | ■ | श | व |
| रा | ■ | म | ह | क | ना | ■ | ज | रा | ■ | र्त |
| द | र | द | रा | ■ | ■ | सा | ■ | ग | रि | मा |
| र | ■ | हो | ■ | व | सु | ध | र | ■ | या | न |
| ■ | कु | श | ल | ■ | दा | ■ | जा | य | ज | ■ |
| मि | ली | ■ | क | रा | मा | त | ■ | म | ■ | अ |
| ला | न | त | ■ | त | ■ | ■ | प | रा | धी | न |
| व | ■ | ल | ता | ■ | अ | च | र | ज | ■ | ब |
| ट | ब | ■ | ली | न | ता | ■ | तं | ■ | मी | न |
| ■ | स | ला | म | त | ■ | मि | त्र | व | त | ■ |



# एमएलसी : एलन ने मचाई तबाही, वर्ल्ड रिकॉर्ड 19 छक्के ठोक बनाए सबसे तेज 150 रन

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

न्यूजीलैंड के स्टार ओपनर फिन एलन ने मेजर क्रिकेट लीग 2025 के ओपनिंग मैच में तबाही मचाई। उन्होंने 34 गेंदों में शतक ठोक हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा। यह इस टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे तेज शतक है। उनकी इस धुआंधार पारी के दम पर सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स निर्धारित 20 ओवर में वॉशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ 269 के स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रही। एलन ने 51 गेंदों पर 5 चौके और 19 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 151 रन बनाए। फिन एलन के नाम इसी के साथ एक पारी में सर्वाधिक 19 छक्के जड़ने का वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम था जिन्होंने एक पारी में 18-18 छक्के जड़े थे।



### टी20 में सबसे तेज शतक

| गेंद | खिलाड़ी | देश |
|---|---|---|
| 27 | साहिल चौहान | एस्टोनिया |
| 33 | जान निकोल | नामीबिया |
| 33 | सिकंदर रजा | जिम्बाब्वे |
| 34 | कुशाल मल्ला | नेपाल |
| 34 | फिन एलन | न्यूजीलैंड |
| 35 | रोहित शर्मा | भारत |

### जड़ा सबसे तेज शतक

एलन के नाम अब एमएलसी के इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ने का भी रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। उन्होंने इस मामले में वेस्टइंडीज के ही विस्फोटक बल्लेबाज निकोलस पूरन को पछाड़ा है। पूरन ने इस टूर्नामेंट में 40 गेंदों पर सेंचुरी जड़ी थी। एलन अंततः 51 गेंदों पर 151 रन बनाकर मिशेल ओवेन की गेंद पर ग्लेन फिलिप्स के हाथों कैच आउट हुए। एलन ने 49 गेंदों पर 150 रन पूरे किए और वह टी20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 150 रन बनाने वाले भी प्लेयर बन गए हैं।

### लीग का सबसे बड़ा स्कोर

फिन एलन की रिकॉर्ड तोड़ पारी की बदौलत सैन फ्रांसिस्को ने 20 ओवर में 269 रन का विशाल स्कोर बनाया, जो एमएलसी के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। एलन के अलावा संजय कृष्णमूर्ति और हसन खान ने भी अहम भूमिका निभाई और 180 और 211.11 की स्ट्राइक रेट से क्रमशः 36 और 38 रन बनाए। जवाब में वाशिंगटन की टीम 13.1 ओर में 146 रन पर आलऑउट हो गई।

## वनडे : नीदरलैंड ने हासिल किया इतिहास का तीसरा बड़ा रन चेज, मैक्स ओ डोड ने बनाए नाबाद 158 रन



डंडी। सलामी बल्लेबाज मैक्स ओ डोड की नाबाद 158 रनों की पारी के दम पर नीदरलैंड्स ने आईसीसी विश्व कप लीग टू 2023-27 के मुकाबले में स्कॉटलैंड को चार विकेट से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉर्ज मुंसे के 191 रनों की पारी की मदद से 50 ओवर में छह विकेट पर 369 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड ने चार गेंद शेष रहते हुए छह विकेट पर 374 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

### नीदरलैंड का सबसे बड़ा रन चेज

स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मुंसे ने 150 गेंदों पर 191 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान मैथ्यू क्रॉस ने 59 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड के लिए ओ डोड 130 गेंदों पर 12 चौकों और चार छक्कों की मदद से 158 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्होंने टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। यह नीदरलैंड की इस प्रारूप में सबसे बड़ी जीत है।

### वनडे में सफल रन चेज

| टीम | लक्ष्य | बनाम | हासिल स्कोर | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| द.अफ्रीका | 435 | ऑस्ट्रेलिया | 438/9 | 2006 |
| द.अफ्रीका | 372 | ऑस्ट्रेलिया | 372/6 | 2016 |
| नीदरलैंड्स | 370 | स्कॉटलैंड | 373/6 | 2025 |
| इंग्लैंड | 361 | वेस्टइंडीज | 364/4 | 2019 |
| भारत | 360 | ऑस्ट्रेलिया | 362/1 | 2013 |

## खबर संक्षेप



### इंग्लैंड में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण

**बेकेनहैम।** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल के अनुसार इंग्लैंड की परिस्थितियों में निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा। इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला से पहले टीम को लाल गेंद से खेलने का कम मौका मिला जिससे वह थोड़ा नर्वस हैं। नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में भारत पांच मैचों की श्रृंखला के साथ अपने नए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र की शुरुआत करेगा। भारत ने आखिरी बार इस साल जनवरी की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के दौरान लाल गेंद से क्रिकेट खेला था।

### मां के बीमार होने के कारण लौटे गंभीर

**बेकेनहैम।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर अपने परिवार में आपात स्थिति के कारण शुक्रवार को स्वदेश लौट गए। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि गंभीर को अपनी मां से मिलने के लिए वापस जाना पड़ा, जिन्हें स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के कारण नई दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टेस्ट टीम 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलने के लिए अभी ब्रिटेन में है। सूत्र ने कहा, 'हां। वह पारिवारिक आपातस्थिति के कारण भारत वापस लौट गए हैं।'



### एक्लेस्टोन की इंग्लैंड की टी20 टीम में वापसी

**लंदन।** इंग्लैंड की महिला टीम ने भारत के खिलाफ 28 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए शुक्रवार को 14 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें बायें हाथ की अनुभवी स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन की वापसी हुई है। भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के इस दौरे पर टी20 श्रृंखला के बाद तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला भी खेलेगी।



### जयपुर ने दबंग को हराकर फाइनल में प्रवेश किया

**अहमदाबाद।** भारत की श्रीजा अकुला ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जबकि यशस्वी मलिक ने जी साथियान को हराकर जयपुर पैट्रियट्स को शुक्रवार को दबंग दिल्ली टीटीसी पर 8-7 से जीत दिलाकर अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के छठे सत्र के फाइनल में पहुंचा दिया। जयपुर पैट्रियट्स का सामना रविवार को डेम्पो गोवा चैलेंजर्स और यू मुंबा के बीच होने वाले सेमीफाइनल के विजेता से होगा। मलिक ने दिल्ली के कप्तान और अनुभवी साथियान पर 2-1 से शानदार जीत हासिल की, जबकि श्रीजा ने अंतिम गेम में दीया चितले को मामूली अंतर से पछाड़ कर टीम की जीत पक्की की। जयपुर की टीम के लिए कनक झा ने भी जीत दर्ज की।

## डब्लूटीसी फाइनल: ऑस्ट्रेलिया से जीतने के लिए 69 रनों की जरूरत

# मारक्रम की शतकीय पारी से दक्षिण अफ्रीका जीत के करीब, फैसला आज

एजेंसी ▶▶| लंदन

सलामी बल्लेबाज एडेन मारक्रम (नाबाद 102) की शतकीय पारी और तीसरे विकेट के लिए कप्तान तेम्बा बावुमा (नाबाद 65) के साथ 143 रन की अटूट साझेदारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में शुक्रवार को तीसरे दिन के समापन पर दो विकेट पर 213 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। जीत के लिए 282 रन का पीछा कर रही दक्षिण अफ्रीका की टीम को 'चोकर्स' के तमगे को पीछे छोड़ने और 27 साल में अपना पहला आईसीसी खिताब जीतने के लिए और 69 रन की जरूरत है जबकि उसके आठ विकेट बचे है। बावुमा ने बायें पैर की मांसपेशियों की खिंचाव के बावजूद दुनिया की सबसे मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के सामने क्रीज पर डटे रहने का साहसिक फैसला कर मारक्रम का शानदार तरीके से साथ निभाया। ऑस्ट्रेलिया के चारों मुख्य गेंदबाजों के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 1500 से ज्यादा विकेट है लेकिन मिचेल स्टार्क(53 रन पर दो विकेट) के अलावा किसी को भी सफलता नहीं मिली। इस मैच के शुरुआती दो दिन 14-14 विकेट गिरे थे लेकिन तीसरे दिन परिस्थितियों बल्लेबाजी के लिए आसान हो गयी जिसका दक्षिण अफ्रीका ने पूरा फायदा उठाया। मारक्रम ने स्टंप्स होने से कुछ समय पहले जोश हेजलवुड के खिलाफ चौका लगाकर टेस्ट करियर का आठवां और शायद सबसे अहम शतक लगाया।



### दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने बनाए 207 रन

दिन का खेल खत्म होते-होते मैच का रुख पूरी तरह से दक्षिण अफ्रीका की तरफ मुड़ गया लेकिन दिन के शुरुआती सत्र के बाद ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी था। स्टार्क (नाबाद 58) की अर्धशतकीय पारी और आखिरी विकेट के लिए जोश हेजलवुड (17) के साथ 59 रन की साझेदारी के बूते ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 207 रन बनाकर दक्षिण अफ्रीका को चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। ऑस्ट्रेलिया ने दिन की शुरुआत आठ विकेट पर 144 रन से की और कगिसो रबाडा ने दिन के तीसरे ओवर में ही नाथन लियोन (दो) को पगबाधा कर उसे नौवां झटका दिया। लियोन ने मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ डीआरएस का इस्तेमाल किया लेकिन उन्हें इसका कोई फायदा नहीं हुआ। मारक्रम ने ऑस्ट्रेलिया की पारी के 65वें ओवर में केशव महाराज के हाथों हेजलवुड को कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की पारी को खत्म किया। स्टार्क ने तीन घंटे से अधिक की पारी में 136 गेंद का सामना कर पांच चौके लगाये। वह बृहस्पतिवार को जब क्रीज पर उतरे थे उस समय ऑस्ट्रेलिया की टीम 73 रन पर सात विकेट गंवा कर मुश्किल स्थिति में थी। उन्होंने एलेक्स कैरी के साथ आठवें विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी करने के बाद आखिरी विकेट के लिए 59 रन जोड़ कर मैच में ऑस्ट्रेलिया की स्थिति मजबूत कर दी। स्टार्क और हेजलवुड टेस्ट क्रिकेट में दसवें विकेट के लिए तीन बार पचास से अधिक की साझेदारी करने वाली दूसरी जोड़ी है, उनसे पहले यह उपलब्धि बीजे वाटलिंग और ट्रेंट बोल्ट ने हासिल की थी। हेजलवुड ने भी स्टार्क का साथ अच्छे से दिया और अपनी बल्लेबाजी तकनीक से प्रभावित करते हुए 53 गेंद की पारी में दो चौके लगाये। मार्को यानसेन की गेंद स्टार्क के बल्ले का किनारा लेते हुए स्लिप के ऊपर से चार रनों के लिए चली गयी जिससे उन्होंने टेस्ट में अपना 11वां अर्धशतक पूरा किया और टीम के स्कोर को 200 रन तक पहुंचाया।

### काली पट्टी बांधकर मैदान पर उतरे खिलाड़ी

**लंदन।** अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए यात्रियों को दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने श्रद्धांजलि दी। सभी खिलाड़ी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला खेलने के लिए काली पट्टी बांधकर उतरे। बता दें कि, गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जाने वाला एअर इंडिया का विमान गुरुवार दोपहर टेकऑफ हुआ था। इस भीषण हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी समेत कुल 266 लोगों की मौत हो गई। इनमें 241 लोग विमान में सफर कर रहे थे। तीसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए यात्रियों को श्रद्धांजलि दी।

## निशानेबाज

## सुरुचि की वर्ल्ड कप में गोल्डन हैट्रिक फाइनल में हासिल किए 241.9 अंक



एजेंसी ▶▶| म्यूनिख

उभरती हुई भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह ने शुक्रवार को यहां महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में जीत के साथ आईएसएसएफ विश्व कप की इस स्पर्धा में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता।

अपने तीसरे विश्व कप में भाग ले रही इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने व्यक्तिगत स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की तथा कुल मिलाकर चौथा पदक जीता। उन्होंने इससे पहले अप्रैल में ब्यूनस आयर्स और लीमा विश्व कप में स्वर्ण जीते थे। सुरुचि ने फाइनल में 241.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीन की कांस्य पदक विजेता कियानक्सुन याओ (221.7) को पछाड़ने के तुरंत बाद सुरुचि ने 10.5 अंक के साथ बढ़त हासिल कर ली, जबकि फ्रांस की रजत विजेता कैमिली जेड्रेजेवस्की (241.7) सिर्फ 9.5 अंक का ही निशाना साध पायी। अंतिम प्रयास में 9.5 का स्कोर भारतीय खिलाड़ी के लिए शीर्ष पुरस्कार हासिल करने के लिए पर्याप्त था, क्योंकि जेड्रेजेवस्की ने 9.8 का ही स्कोर किया था। सुरुचि इससे पहले क्वालीफिकेशन में 588 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर 574 अंक के साथ 25वें स्थान पर रहीं।

### निकितेंको को हराकर अभिजीत ने बनाई बढ़त

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अभिजीत गुप्ता ने शुक्रवार को यहां बेलारूस के मिहेल निकितेंको पर नौवें दौर में शानदार जीत के बाद दिल्ली जीएम ओपन शतरंज में एकल बढ़त हासिल कर ली। गुप्ता नौवें दौर के बाद आठ अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। अब एक और दौर का मुकाबला बचा है ऐसे में गुप्ता अब जीत के दावेदार होंगे। इस मुकाबले से पहले गुप्ता और निकितेंको संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे। सफेद मोहरों से खलते हुए भारतीय खिलाड़ी को बेलारूस के खिलाड़ी को शिकस्त देने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। जीएम आदित्य एस सामंत ने भी बेलारूस के जीएम अलेक्सेज अलेक्सांद्रोव पर अहम जीत दर्ज की, जिससे उनके अंक 7.5 हो गए।

## हॉकी

## भारत की बेल्जियम पर लगातार तीसरी जीत, 3-2 से किया कब्जा




एजेंसी ▶▶| एंटवर्प

भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बेल्जियम को 3-2 से हराकर यूरोप के अपने मौजूदा दौरे में अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ लगातार तीसरी जीत हासिल की।

सोनम ने चौथे मिनट में भारत का खाता खोला। इसके बाद लालथंतलुआंगी (32वें मिनट) और कनिका सिवाच (51वें) ने भारत की तरफ से गोल किए। बेल्जियम के लिए मैरी गोएन्स (37वें) और मार्टे मैरी (40वें) ने गोल किए। सोनम के शुरुआती गोल के बाद भारत ने पहले हाफ में अपना दबदबा कायम रखा और तीसरे क्वार्टर में लालथंतलुआंगी के पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से अपनी बढ़त को मजबूत कर दिया।

बेल्जियम ने 37वें और 40वें मिनट में लगातार गोल करके मैच को बराबरी पर ला दिया। उसकी तरफ से मैरी गोएन्स ने पेनल्टी स्ट्रोक पर जबकि मार्टे मैरी ने मैदानी गोल किया। खेल समाप्त होने में जब नौ मिनट बचे थे, तब कनिका ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत का विजय अभियान जारी रखा। भारत का अगला मुकाबला शनिवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा।


### जर्मनी और आयरलैंड के ग्रुप में भारत



**लुसाने।** भारत को इस साल दिसंबर में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप में जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है। प्रत्येक दो साल में आयोजित किए जाने वाले इस टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग लेंगी। चार-चार टीमों के छह पूल होंगे, जिसमें पांच बार के चैंपियन नीदरलैंड को पूल ए में तथा दो बार के विजेता अर्जेंटीना को पूल बी में रखा गया है। यह टूर्नामेंट एक से 13 दिसंबर तक खेला जाएगा। प्रतियोगिता में पहली बार 24 टीमें भाग लेंगी।'

## विश्व टीम शतरंज : भारत के तायडे ने बिखेरी चमक

**लंदन।** भारत के अथर्व तायडे के शानदार प्रदर्शन के बूते टीम 'एमजीडी1' यहां विश्व रैपिड एवं ब्लिट्ज टीम चैंपियनशिप के दूसरे दिन 13 अंक के साथ तालिका में 'हेक्सामाइंड' के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर है। तायडे ने अब तक टूर्नामेंट में अपने सभी आठ गेम जीते हैं। छह जीत, एक ड्रॉ और एक हार के साथ 'हेक्सामाइंड' और 'टीम एमजीडी1' तालिका में शीर्ष पर हैं। विश्वनाथन आनंद की अगुवाई वाली फ्रीडम, उज्बेकिस्तान और जर्मनी एंड फ्रेंड्स 12 अंकों के साथ उनके करीब हैं। अमेरिका के ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा, अलीरेजा फिरोजा और वेस्ले सो जैसे खिलाड़ियों से सजी टूर्नामेंट में जीत की दावेदार टीम 'डब्ल्यूआर शतरंज' के लगातार दो हार के बाद उनकी खिताब की उम्मीदों को झटका लगा है। यह टीम अभी छठे पायदान पर है। पांचवे चरण में आनंद की अगुआई वाली फ्रीडम के साथ ड्रॉ के बाद अर्जुन एरिगैसी की अगुआई वाली टीम एमजीडी1 ने छठे चरण में शीर्ष वरीयता प्राप्त डब्ल्यूआर शतरंज को 4-2 से हराया। सातवें राउंड में एमजीडी1 ने जर्मनी और फ्रेंड्स पर 3.5-2.5 की मामूली जीत दर्ज की।






### मराठा रॉयल्स ने जीता मुंबई लीग का खिताब

**मुंबई।** मुंबई साउथ सेंट्रल मराठा रॉयल्स ने शुक्रवार को फाइनल में सोबो मुंबई फाल्कन्स को पांच विकेट से हराकर टी20 मुंबई लीग का खिताब जीत लिया। मराठा रॉयल्स ने पहले गेंदबाजी करते हुए मुंबई फाल्कन्स को 20 ओवर में चार विकेट पर 157 रन पर रोक दिया और फिर सुतार के 49 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से बनाए गए 53 रन की बदौलत चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। नौशाद ने 24 गेंदों पर 38 रन की पारी खेली और सुतार के साथ चौथे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। इससे मराठा रॉयल्स की टीम 19.2 ओवर में पांच विकेट पर 158 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही।

### यूकेके के तीसरे सत्र में शामिल होंगे बड़े खिलाड़ी

**गुरुग्राम।** भारतीय खो-खो महासंघ ने शुक्रवार को घोषणा की कि 29 नवंबर से शुरू होने वाले अल्टीमेट खो-खो के तीसरे सत्र में पहली बार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेने के पात्र होंगे। केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा, 'अल्टीमेट खो-खो के तीसरे सत्र की शुरुआत 29 नवंबर 2025 से हो रही है। हम गर्व के साथ यह घोषणा कर रहे हैं कि इसमें पहली बार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग लेंगे। यह कदम न केवल लीग की प्रतिस्पर्धा को नयी ऊंचाई देगा बल्कि भारत को खो-खो का वैश्विक केंद्र बनाने की हमारी दृष्टि को भी दर्शाता है।'

## लगातार चार मैच में हार से आहत भारतीय पुरुष हॉकी टीम

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच आज होगा प्रो लीग मुकाबला

एजेंसी ▶▶| एंटवर्प

लगातार चार मैच में हार से आहत भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर खिताब की अपनी उम्मीदों को बनाए रखना है तो उसे ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले पुरुष एफआईएच प्रो लीग मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

टूर्नामेंट का यूरोपीय चरण भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए निराशाजनक रहा। उसे एम्सटेलवीन में ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद अर्जेंटीना के खिलाफ भी टीम दोनों मैच हार गई। भारत अभी 12 मैचों में 15 अंक लेकर पांचवें स्थान पर है और उसे महत्वपूर्ण अंक जुटाने और शीर्ष तीन में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूती से वापसी करनी होगी। उंगली में चोट के कारण अर्जेंटीना के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाने वाले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह इस बात से अच्छी तरह से वाकिफ हैं कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच कितना महत्वपूर्ण है। हरमनप्रीत ने कहा, 'ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण होगी, क्योंकि इससे न केवल हमें महत्वपूर्ण अंक हासिल करने में मदद मिलेगी, बल्कि टीम को जीत की लय भी मिलेगी।' नीदरलैंड के खिलाफ भारतीय टीम पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के लिए संघर्ष करती रही और उसने अंतिम क्षणों में गोल भी खाए। अर्जेंटीना के खिलाफ भारतीय रक्षा पंक्ति का प्रदर्शन बेहद खराब रहा जिसके कारण टीम को पराजय झेलनी पड़ी।



### महिला हॉकी टीम भी आज ऑस्ट्रेलिया को देगी चुनौती

**लंदन।** अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए कड़ी मेहनत करने के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम प्रो लीग के यूरोपीय चरण में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी, जिसकी शुरुआत शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मैच से होगी। भारतीय टीम फिलहाल नौ अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर चल रही। भारत 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के बाद 17 और 18 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ दो मैच खेलेगा। टीम इसके बाद 19 जून को एंटवर्प जाएगी जहां उसे बेल्जियम के खिलाफ दो मैच खेलने हैं। ये मैच 21 और 22 जून को खेले जाएंगे। इसके बाद यूरोपीय चरण का समापन बर्लिन में 28 और 29 जून को चीन के खिलाफ मैच के साथ होगा।




**एयर इंडिया विमान को मिली बम से उड़ाने की धमकी**

# थाईलैंड में प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग, सभी 156 यात्री सुरक्षित, पठानकोट में अपाचे हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग, कोई नुकसान नहीं, जांच शुरू

एजेंसी ⏭ फुकेट

थाईलैंड के फुकेट इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-379 की इमरजेंसी लैंडिग कराई गई। विमान में बम मिलने की सूचने मिली थी, जिसके बाद अधिकारियों ने विमान के इमरजैंसी लैंडिंग की योजना बनाई। यह विमान फुकेट से दिल्ली आ रहा था। बम की धमकी मिलने के तुरंत बाद फुकेट एयरपोर्ट ने एयरपोर्ट कंटिन्जेंसी प्लान (एसीपी) सक्रिय कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षापूर्ण तरीके से फ्लाइट एआई-379 लैंड हो गई है। विमान में 156 यात्री सवार थे। यात्रियों को विमान से सुरक्षित रूप से बाहर निकाल लिया गया है।

**फुकेट से दिल्ली आ रहा था एआई-370 विमान** | *अंडमान सागर पर चक्कर लगाकर वापस फुकेट आया*



### पूरे विमान को खाली कराया

थाईलैंड हवाई अड्डा अधिकारियों ने बताया कि फुकेट से भारत की राजधानी नई दिल्ली आ रहे एयर इंडिया के विमान को शुक्रवार को बम की धमकी मिली। फ्लाइट ट्रैकर फ्लाइटरडार24 के अनुसार विमान ने शुक्रवार को सुबह 9:30 बजे फुकेट हवाई अड्डे से भारत की राजधानी दिल्ली के लिए उड़ान भरी। इसे 12:40 बजे दिल्ली उतरना था। लेकिन अंडमान सागर के चारों ओर चक्कर लगाते हुए विमान 11:40 बजे वापस फुकेट अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतर गया। विमान की इमरजेंसी लैंडिंग के बाद अफसरों ने पूरे विमान को खाली कराया और जांच शुरू कर दी है।

## नांगलपुर इलाके में उतरा अपाचे, मौके पर पहुंचे सैन्य अधिकारी

चंडीगढ़। पठानकोट के नंगलभूर-मीरथल क्षेत्र के अधीन आते गांव अनेड़ में सेना के अपाचे हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग हुई है। यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई है। आपात लैंडिंग के पीछे की अभी तक वजह तकनीकी फाल्ट बताई जा रही है। इससे इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही आर्मी और वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल को घेर लिया। हादसे में फिलहाल किसी भी तरह के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।



### तकनीकी फॉल्ट के कारण हुई लैंडिंग

*जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह एयरबेस स्टेशन पठानकोट से अपाचे हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी। कुछ ही देर बाद तकनीकी फाल्ट के कारण इसकी इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। यह भी सामने आया है कि इस हेलीकॉप्टर से सर्च की जा रही थी। सेना के अधिकारी भी मौके पर पहुंच चुके हैं और क्या तकनीकी फाल्ट रहा, इसका पता लगाया जा रहा है।*

### एक हफ्ते में दूसरा हादसा

*इससे पहले सहारनपुर में अपाचे हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग हुई थी। एक हफ्ते के अंदर अपाचे की यह दूसरी इमरजेंसी लैंडिंग है। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर पठानकोट से ही उड़ा था। उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही गांव में इसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।*

### 18 देश करते हैं इस्तेमाल

अपाचे हेलीकॉप्टर को वहीं बोइंग कंपनी बनाती है, जिसका प्लेन गुरुवार को अहमदाबाद में क्रैश हो गया था। अपाचे हेलीकॉप्टर ने 30 सितंबर 1975 को पहली बार उड़ान भरी थी। साल 1986 में इसे अमेरिकी सेना में शामिल किया गया। इसके बाद अन्य देशों ने इसे खरीदा। इस हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल अमेरिका, भारत, इजराइल, नीदरलैंड्स, और ऑस्ट्रेलिया समेत 18 देश करते हैं।

## इजराइल ने ईरान के सैन्य और परमाणु ठिकानों पर किए हमले

# दोनों देशों के बीच तनाव के चलते एयर इंडिया ने बदले कई उड़ानों के रूट, जारी की एडवाइजरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इजराइल ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु ठिकानों और सैन्य स्थलों पर प्री-एम्पटिव (पहले से की गई सुरक्षा) कार्रवाई करते हुए हमला किया। इससे पूरे ईरान में अफरा-तफरी मच गई। पलटवार करते हुए ईरान ने भी इजराइल पर ड्रोन दागे। इसके बाद से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। इजराइल, ईरान, इराक और जॉर्डन ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। दोनों देशों के बीच शुरू हुए इस संघर्ष का असर एयरलाइंस के परिचालन पर भी पड़ा है। एअर इंडिया और कतर एयरवेज समेत कई एयरलाइंस को अपनी फ्लाइट या तो रद्द करनी पड़ी या उन्हें डायवर्ट कर दिया गया।

एयर इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा जाने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के रूट डायवर्ट किए जा रहे हैं और कुछ फ्लाइट्स को वापस भेजा जा रहा है। ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव और क्षेत्र में एयरस्पेस को लेकर अनिश्चितताओं के बाद यह एडवाइजरी जारी की गई। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि ईरान में मौजूदा स्थिति के कारण वहां के हवाई क्षेत्र को बंद करने और हमारे यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, एयर इंडिया की उड़ानों का मार्ग बदला जा रहा है या उन्हें वापस भेजा जा रहा है। एडवाइजरी में यात्रियों को उनकी एयरलाइन को लेकर लेटेस्ट शेड्यूल और अपडेट्स चेक करने की सलाह दी गई।

### इन रूटों पर यातायात किया डायवर्ट



फ्लाइट रद्द होने के बाद मुंबई एयरपोर्ट पर खड़े हुए विमान

एआई130- लंदन हीथ्रो-मुंबई (वियना की ओर परिवर्तित), एआई102- न्यूयॉर्क-दिल्ली (शारजाह की ओर परिवर्तित), एआई116- न्यूयॉर्क-मुंबई (जेद्दा की ओर परिवर्तित), एआई2018- लंदन हीथ्रो-दिल्ली (मुंबई की ओर परिवर्तित गया, एआई129- मुंबई-लंदन हीथ्रो (मुंबई वापस लौट रही है), एआई119- मुंबई-न्यूयॉर्क (मुंबई वापस लौट रही है), एआई103- दिल्ली-वाशिंगटन (दिल्ली वापस लौट रही है), एआई106- नेवार्क-दिल्ली (दिल्ली वापस लौट रही है), एआई188- वैंकूवर-दिल्ली (जेद्दाह की ओर परिवर्तित), एआई101- दिल्ली-न्यूयॉर्क (फ्रैंकफर्ट/मिलान की ओर परिवर्तित), एआई126- शिकागो-दिल्ली (जेद्दाह की ओर परिवर्तित), एआई132- लंदन हीथ्रो-बेंगलुरु (शारजाह की ओर परिवर्तित), एआई2016- लंदन हीथ्रो-दिल्ली (वियना की ओर परिवर्तित), एआई104- वाशिंगटन-दिल्ली (वियना की ओर परिवर्तित), एआई190- टोरंटो-दिल्ली (फ्रैंकफर्ट की ओर परिवर्तित) और एआई189- दिल्ली-टोरंटो (दिल्ली वापस लौट रही है)।

### असुविधा पर एयर इंडिया ने खेद जताया

एयरलाइन ने कहा कि इस् यवधान के कारण यात्रियों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। कंपनी यात्रियों के लिए आवास उपलब्ध करवाने के हर संभव प्रयास कर रही है। रिफंड ऑन कैंसलेशन और कॉम्प्लीमेंट्री रीशेड्यूलिंग की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है। यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। सभी यात्री अपनी उड़ान की स्थिति की जांच करते रहें।

### दिल्ली एयरपोर्ट ने जारी की एडवाइजरी

दिल्ली एयरपोर्ट ने एडवाइजरी जारी की है। दिल्ली एयरपोर्ट ने कहा कि दिल्ली एयरपोर्ट के संचालन पर फिलहाल कोई असर नहीं है। दिल्ली एयरपोर्ट पर हवाई यात्राएं जारी हैं। हालांकि, इजराइली हमले के चलते कुछ उड़ाने प्रभावित जरूर हुई हैं। दिल्ली एयरपोर्ट ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली एयरपोर्ट पर परिचालन सुचारू रूप से चल रहा है।

### परमाणु खतरे को रोकना

### इजराइल का 'राइजिंग लायन' सैन्य अभियान

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को ईरान के खिलाफ एक बड़ा सैन्य अभियान शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस अभियान का नाम ऑपरेशन राइजिंग लायन रखा गया है।



नेतन्याहू ने बताया कि इस अभियान को शुरू करने का मकसद ईरान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों से पैदा हो रहे खतरे को खत्म करना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता। नेतन्याहू ने ईरान पर आरोप लगाया कि वह वैश्विक चेतावनियों को नजरअंदाज करके अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान के पास नौ परमाणु बम बनाने जितना उच्च संवर्धित यूरेनियम भंडार है। नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि ईरान कुछ ही महीनों में परमाणु हथियार विकसित कर सकता है। नेतन्याहू ने वर्तमान स्थिति की तुलना द्वितीय विश्व युद्ध से की और बढ़ते खतरों के सामने होलोकॉस्ट और अतीत की वैश्विक निष्क्रियता का संदर्भ दिया।

**भारतीय सतर्क रहें**

इजराइल में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि क्षेत्र में मौजूदा स्थिति को देखते हुए इजराइल में सभी भारतीय नागरिकों को सतर्क रहने और इजराइली अधिकारियों और होम फ्रंट कमांड द्वारा बताए गए सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी जाती है। कृपया सावधानी बरतें, देश के भीतर गैर जरूरी यात्रा से बचें और सुरक्षा स्थलों के नजदीक रहें।

**भारत और बांग्लादेश की साझा विरासत**

# टैगोर के पैतृक घर पर हमला 5 आरोपी गिरफ्तार, जांच शुरू

एजेंसी ⏭ ढाका

बांग्लादेश के सिराजगंज जिले में स्थित नोबेल पुरस्कार विजेता कवि रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक आवास में तोड़फोड़ की घटना से सभी हैरान हैं। यह संपत्ति बांग्लादेश सरकार के पुरातत्व विभाग के तहत संरक्षित है और टैगोर के बेमिसाल साहित्यिक और सांस्कृतिक योगदान का प्रतीक मानी जाती है। बांग्लादेश सरकार ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए 5 लोगों को गिरफ्तार किया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। यह घटना कुछ दिन पहले तब सामने आई, जब संपत्ति के रखवाले और यहां आने दो जायरीन के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने के बाद संपत्ति में तोड़फोड़ की खबरें आईं, जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने 10 जून को इस संबंध में एक आपराधिक मामला दर्ज किया। जिला प्रशासन ने घटना की गहराई से जांच के लिए एक स्थानीय जांच बोर्ड का भी गठन किया है।





### सख्त कानूनी कार्रवाई करेंगे

*बांग्लादेश सरकार ने आश्वासन दिया है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए संपत्ति की सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत किया जाएगा। साथ ही इस घटना में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बांग्लादेश सरकार ने इस घटना की निंदा करते हुए एक बयान में कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर हमारे लिए सिर्फ एक कवि नहीं बल्कि हमारी भाषा, साहित्य और संस्कृति के प्रतीक हैं। बांग्लादेश की जनता और सरकार उनके योगदान को सर्वोच्च सम्मान देती है। इस घटना को किसी भी सूरत में राष्ट्रीय और सांस्कृतिक एकता को तोड़ने के लिए इस्तेमाल नहीं होने दिया जाएगा। इस घटना को लेकर स्थानीय नागरिकों में भी गहरा गुस्सा है। उन्होंने तोड़फोड़ की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की है और टैगोर की विरासत को सुरक्षित रखने की मांग की है।*

**यह जानकारी विदेश मंत्री ने फ्रांस में आयोजित किए गए रायसीना-मेडिटेरेनियन-25 के उद्घाटन के मौके पर आयोजित की गई परिचर्चा के दौरान दी**

# आईमैक के पूरा होने पर यूरोप को प्रशांत क्षेत्र तक मिलेगी सराहनीय कनेक्टिविटी: एस जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने शुक्रवार को भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईईसी) के पूरा हो जाने के बाद इसे यूरोप के लिए जमीनी और समुद्री कनेक्टिविटी के लिहाज से यूरोप से प्रशांत क्षेत्र तक सराहनीय रूप से कनेक्टिविटी स्थापित करने वाला बताया। यह आईमैक के नाम भी जाना जाता है और इसमें दो अलग-अलग गलियारे बनाए जा रहे हैं। जिसमें पूर्वी गलियारा भारत को खाड़ी से और उत्तरी गलियारा खाड़ी को यूरोप से जोड़ेगा। यह जानकारी विदेश मंत्री ने फ्रांस में आयोजित किए गए 'रायसीना-मेडिटेरेनियन-25' के उद्घाटन के मौके पर आयोजित की गई परिचर्चा के दौरान दी। उन्होंने ये भी कहा कि मुझे लगता है कि कनेक्टिविटी से जुड़ा यह कदम आज की कूटनीति में भी एक बेहद महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। हालांकि जब आईमैक यहां नहीं था। यूरोप को हूतियों के खतरे के बावजूद भारत के पश्चिमी तट तक एक अच्छी और प्रभावी पहुंच मिल गई थी। भारत रेलवे में एक बहुत बड़ा निवेश कर रहा है। जिसके जरिए हम पूर्वी भारत को वियतनाम से जोड़ेंगे।




### स्वेज नहर की दिलाई याद

*उन्होंने परिचर्चा में शामिल हुए दर्शकों को स्वेज नहर की याद दिलाई और कहा कि कनेक्टिविटी का यही काम लंबे समय से नहर कर रही है। लेकिन एक बार आईमैक के पूरा हो जाने के बाद आप देखेंगे कि कि दुनिया पर इसका कितना महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। ऐसे में वास्तव में अगर हम इसे आगे ले जाते हैं तो आपको यूरोप से एक मार्ग मिलेगा जो प्रशांत तक जाएगा। जिसमें जमीनी और कुछ समुद्री भाग शामिल होगा। कुछ हद तक यह आकर्टिक पर आश्रय का भी मुकाबला करेगा। जब कभी भी ऑकर्टिक खुलेगा। कनेक्टिविटी का खेल एक बड़ा खेल हो जाएगा। गौरतलब है कि वर्ष 2023 में नई दिल्ली में भारत की अध्यक्षता में आयोजित किए गए जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान एक समझौता ज्ञापन के जरिए आईमैक को विकसित करने के लिए एकजुटता से काम करने की घोषणा की गई थी। जिसमें भारत, ईयू, फ्रांस, जर्मनी, इटली, सऊदी अरब, यूएई और अमेरिका जैसे देश शामिल हुए।*

### यह होगा आईमैक से लाभ

दोनों कॉरिडोर के बनने से संबंधित क्षेत्र में कनेक्टिविटी, क्षमता बढ़ेगी, लागत घटेगी, एक सुरक्षित क्षेत्रीय सप्लाई चेन स्थापित होगी। जिससे व्यापार को लेकर पहुंच बढ़ेगी और रोजगार का सृजन होगा। इसके अलावा एशिया, यूरोप और मध्य पूर्व के बीच क्रांतिकारी रूप से एकीकरण होगा। इस परिचर्चा की थीम द नेक्टस स्पेशल रिलेशनशिपः दीपनिंग द स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप बिटवीन द इंडो-पैसेफिक एंड यूरोप रखी गई थी। विदेश मंत्री जयशंकर के अलावा इसमें आर्मेनिया के विदेश मंत्री आरारात मिर्जोयान व अन्य शामिल हुए। जयशंकर ने देशों के साथ भरोसे पर आधारित संबंधों पर जोर देते हुए कहा कि मुश्किल के वक्त भरोसे के साथ खड़े रहने वालों को व्यापार के लिए पसंद से जुड़ी छूट होगी। विश्वास का अर्थ ये है कि हम एक-दूसरे के साथ अंतरआत्मा की आवाज के साथ सहज और सुरक्षित महसूस करते हैं। इसमें हमारे साझा मूल्य, विचार शामिल हैं। उन्होंने हालिया हुए भारत-पाक संघर्ष के संदर्भ को भी इससे जोड़ा। यूरोप में भी अपनी कई प्रकार की समस्याओं को लेकर आत्मबोध हुआ है। समाधानों का आकलन होगा। जिन पर यूरोप स्वयं विचार करेगा। आज का यूरोप ज्यादा जागरूक है, ज्यादा आत्मनिर्भर और ज्यादा सामरिक स्वायत्त है। जो कि ज्यादा समान भागीदारों को पसंद करेगा, इसे लेकर हम यूरोप के साथ काम कर सकते हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109